सूर्योदय : 6:55
सूर्यास्त : 5:25
अधिकतम तापमान : 19.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-219 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 18 जनवरी 2024
06 रजब, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



### पीएम मोदी ने केरल को दी 4000 करोड़ रुपये की सौगात

# अपनी समुद्री शक्ति बढ़ा रहा भारत

**विकास**

- सरकार कोच्चि जैसे तटीय शहरों की क्षमता बढ़ाने पर काम कर रही
- ग्लोबल ट्रेंड का केंद्र बन रहा भारत



गुरुवायूर मंदिर में पीएम मोदी को भगवान की मूर्ति भेंट की गई

**कोच्चि।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज केरल के दौरे पर हैं। हाल के दिनों में उनका यह दूसरा दौरा है।

इस दौरान आज उन्होंने कोच्चि में 4,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इससे पहले मोदी ने गुरुवयूर में गुरुवयूर मंदिर में पूजा की। इस अवसर पर मोदी ने कहा कि आज सुबह गुरुवायूर मंदिर में पूजा-अर्चना करने का अवसर मिला। कुछ दिन पहले 30 दिसंबर को अयोध्या में महर्षि वाल्मिकी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करते समय, मैं केरल में रामायण से संबंधित चार मंदिरों के बारे में बात कर रहा था। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से ठीक पहले त्रिप्रयार श्री रामास्वामी मंदिर में पूजा करने का सौभाग्य मिला। मोदी ने कहा कि इस आज़ादी के अमृत काल में भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में देश के हर राज्य की अपनी-अपनी भूमिका है। ऐसे समय में जब भारत समृद्ध था, जब वैश्विक जीडीपी में भारत की हिस्सेदारी बहुत बड़ी थी, तब उसकी ताकत उसके बंदरगाह और बंदरगाह शहर ही थे। अब, जब भारत फिर से वैश्विक व्यापार का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है, तो हमने अपनी समुद्री शक्ति को मजबूत करना शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जब भारत वैश्विक व्यापार का केंद्र बन रहा है, तब हम अपनी समुद्री शक्ति बढ़ा रहे हैं। आज देश को अपना सबसे बड़ा ड्राई डॉक (एनडीडी) मिल गया। इसके अलावा जहाज निर्माण, जहाज मरम्मत और एलपीजी आयात टर्मिनल के बुनियादी ढांचे का भी उद्घाटन किया गया है। इन नए फीचर्स से शिपयार्ड की क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी।

### मोबाइल और मोबाइल डेटा सस्ता किया है

भाजपा सरकार ने मोबाइल और मोबाइल डेटा सस्ता किया है। दस साल पहले मोबाइल डेटा की जो कीमत थी, आज भी वही रहती तो आपका मोबाइल बिल 5 हजार रुपए हर महीने आता। हमारी सरकार में देश के लोगों को हर महीने मोबाइल बिल पर चार से साढ़े चार हजार रुपए की बचत हो रही है। कुछ ही दिन पहले अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का लोकार्पण करते हुए मैंने केरल में रामायण से जुड़े 4 पवित्र मंदिरों की बात की थी। केरल के बाहर बहुत लोग नहीं जानते कि ये मंदिर राजा दशरथ के पुत्रों से जुड़े हैं।

### अयोध्याधाम से अधिक भव्य होगा कैंट स्टेशन

**अयोध्या।** रामनगरी का अयोध्या कैंट स्टेशन भी स्थापत्य कला का बेजोड़ उदाहरण होगा। इसे भी अयोध्या धाम जंक्शन की भांति विश्वस्तरीय बनाया जाएगा, लेकिन भव्यता अयोध्या धाम से अधिक होगी। इसके पीछे कारण पर्याप्त भू-भाग की उपलब्धता है।

अयोध्याधाम जंक्शन का उद्घाटन होने के बाद प्राण प्रतिष्ठा की बेला में अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन के भी पुनर्विकास का मॉडल सामने आया है, जो काफी मनमोहक है। दो बार के विचार-विमर्श के बाद इसका फाइनल स्केच तैयार हुआ है। इसे रेल विभाग से स्वीकृति भी मिल गई है। इसके लिए डीपीआर राइट्स ने तैयार किया है। अयोध्या धाम की भांति इस स्टेशन के भी पुनर्विकास को गति देने में सांसद लल्लू सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका है। लखनऊ की संस्था म्यूरल एज के आर्किटेक्ट नमित अग्रवाल ने अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन के कायाकल्प का स्केच तैयार किया है।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजभवन, लखनऊ में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट की।

# भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7 प्रतिशत बनी रहेगी: दास

**अनुमान**

- वैश्विक मैक्रोइकॉनॉमिक मोर्चे पर हाल के महीनों में महंगाई से राहत मिली है



**दावोस।** चुनौतीपूर्ण वैश्विक आर्थिक माहौल के बीच भारत विकास और स्थिरता की तस्वीर दिखाता है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने दावोस में विश्व आर्थिक मंच की बैठक 2024 के दौरान एक कार्यक्रम में ये बातें कही। केंद्रीय बैंक के गवर्नर ने कहा कि मजबूत घरेलू मांग के साथ भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। आरबीआई गवर्नर दास ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। दास ने कहा कि हाल के वर्षों में सरकार की ओर से किए गए संरचनात्मक सुधारों से भारतीय अर्थव्यवस्था की मध्यम व दीर्घकालिक विकास संभावनाओं को बढ़ावा मिला है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहेगी। स्विट्जरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच की बैठक 2024 में सीआईआई की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरबीआई गवर्नर ने कहा कि वैश्विक मैक्रोइकॉनॉमिक मोर्चे पर हाल के महीनों में महंगाई से राहत मिली है और यह लक्ष्य के करीब पहुंच गया है। भारत का विकास लगभग सभी देशों की तुलना में उम्मीद से बेहतर रहा है।

### मुख्यमंत्री ने गुरु गोविन्द सिंह महाराज के प्रकाश उत्सव कार्यक्रम को सम्बोधित किया

# दिव्य महापुरुष थे गुरु गोविंद सिंह: योगी

**प्रकाश पर्व**

- प्रकाश पर्व पर सीएम योगी ने प्रदेशवासियों को लख लख बधाइयां दीं
- खालसा पंथ बना मुगल साम्राज्य के पतन का कारण



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर प्रदेशवासियों को लख लख बधाइयां दीं। डीएवी डिग्री कॉलेज में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह एक दिव्य महापुरुष थे, जिनका इस धराधाम पर निश्चित प्रायोजन से आगमन हुआ था। खालसा पंथ की स्थापना ही मुगल साम्राज्य के पतन का कारण बना। पूरा देश आज दशमेश गुरु महाराज के प्रकाशोत्सव के साथ जुड़कर उनकी स्मृतियों को नमन करते हुए एक नई प्रेरणा प्राप्त कर रहा है। गुरु गोविंद सिंह महाराज एक शहीद पिता के पुत्र और शहीद पुत्रों के पिता भी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी महाराज ने सत्य और न्याय की स्थापना के लिए शहादत की जो शृंखला उस कालखंड में शुरू की थी, उस परंपरा को गुरु गोविंद सिंह महाराज ने भी आगे बढ़ाया। उनके चारों पुत्र साहिबजादा अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह धर्म और देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देते हैं। उस वक्त गुरु गोविंद सिंह जी महाराज ने हमारे सामने जो उदाहरण प्रस्तुत किया वो आज भी हम सबके लिए प्रेरक हैं।

मुख्यमंत्री ने गुरु गोविंद सिंह जी को नमन करते हुए कहा कि इतिहास में बहुत कम देखने को मिलता है कि कई पीढ़ियां देश और धर्म की रक्षा के लिए खुद को बलिदान कर दें। ये हमारा सौभाग्य है कि लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंध समिति द्वारा साहिबजादों के बलिदान और उनकी स्मृति में वीर बाल दिवस की मांग 2018-19 में उठाई गई और पहली बार मुख्यमंत्री आवास में महान कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसके बाद 2022 से वीर बाल दिवस का राष्ट्रीय स्तर पर आयोजन शुरू हो गया है। आज भारत के कोटि कोटि नौजवानों के लिए गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादे प्रेरणा बन चुके हैं। मात्र सात साल और नौ साल की उम्र में भी देश और धर्म के प्रति संकल्प से साहिबजादे टस से मस नहीं हुए। कल्पना कीजिए कितनी मजबूत नींव है सिख पंथ की।

# चार राज्यों में आईटी के छापे



**हड़कम्प**

- 56 ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापा, 2 करोड़ कैश जब्त

**रांची।** आयकर विभाग की टीम ने बुधवार को दो बड़े कोयला कारोबारियों से जुड़े चार राज्यों के 56 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है। ये कोयला कारोबारी अनिल कुमार अग्रवाल उर्फ अनिल गोयल व दीपक कुमार पोद्दार हैं।

दीपक कुमार पोद्दार का होटल व रिसार्ट का व्यवसाय भी है। जिन ठिकानों पर छापेमारी चल रही है उनमें अनिल कुमार अग्रवाल से जुड़े 38 व दीपक कुमार पोद्दार से जुड़े 18 ठिकाने शामिल हैं। ये ठिकाने बिहार, झारखंड, कोलकाता व छत्तीसगढ़ में हैं। आयकर विभाग की टीम ने रायपुर, कोलकाता, पुरुलिया, धनबाद, रांची, बोकारो व रामगढ़ में भी दिनभर तलाशी ली। इस तलाशी में आयकर विभाग को अनिल अग्रवाल उर्फ अनिल गोयल एंड ग्रुप के ठिकानों से दो करोड़ रुपये से अधिक की नकदी मिले हैं। सभी ठिकानों से भारी मात्रा में कोयले की खरीद-बिक्री से संबंधित दस्तावेज मिले हैं। आयकर विभाग को अंदेशा है कि दोनों ही इस बड़े ग्रुप ने भारी मात्रा में आयकर की चोरी की है। आयकर विभाग की छापेमारी जारी है जो अगले दो-तीन दिनों तक चलेगी।

# ईरान ने पाकिस्तान पर दागी मिसाइलें

### बलूची आतंकी समूहों को बनाया निशाना, बौखलाए पाकिस्तान ने दी चेतावनी

**आतंक**

- सुबह दोनों देशों के नेता मिले, शाम को पाकिस्तान पर हुई एयर स्ट्राइक
- जैश-ए-अदल के आतंकियों ने ईरानी सेना पर सीमा के पास हमला किया था



**तेहरान।** पाकिस्तान पर एक और सर्जिकल स्ट्राइक हो गया है। इस बार ये हमला ईरान ने किया है। ईरान ने पाकिस्तान के अंदर आतंकवादी समूह जैश-ए-अदल के ठिकानों को निशाना बनाया. जैश-ए-अदल एक सुन्नी आतंकी गुट है। हमले के लिए ईरान ने ड्रोन और मिसाइल का इस्तेमाल किया था। ईरान का दावा है कि इस हमले में कई आतंकी मारे गए हैं जबकि पाकिस्तान ने इन हमलों की निंदा करते हुए कहा कि इस हमले में दो बच्चों की मौत हुई है साथ ही साथ तीन बच्चियां घायल भी हुई हैं। हमले के बाद पाकिस्तान ने ईरान के मुख्य राजनयिक को तलब किया और हवाई क्षेत्र के उल्लंघन की निंदा की। पाक विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमारे हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। ख़बर के मुताबिक, जैश-ए-अदल के आतंकियों ने ईरानी सेना पर सीमा के पास हमला किया था। जिसके जवाब में ईरान ने ये कार्रवाई की है। मंगलवार ईरानी मीडिया ने अपने रिपोर्ट में बताया कि ईरान की रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स ने जैश-ए-अदल के ठिकानों पर एयर स्ट्राइक करने का दावा किया है।

### पाकिस्तान ने राजदूत को वापस बुलाया

पाकिस्तान के बलूचिस्तान में ईरानी हवाई हमलों से पाकिस्तान बौखला गया है। बुधवार को पाकिस्तान ने तेहरान से अपने राजदूत को वापस बुला दिया है, पाकिस्तान में मौजूद ईरानी राजदूत को निष्कासित कर दिया है। विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा कि पाकिस्तान ने ईरान से अपने राजदूत को वापस बुलाने का फैसला लिया है। साथ ही कहा कि ईरानी राजदूत को देश छोड़कर जाना होगा।

### मोटर वाहन अधिनियम में संशोधन के लिए अप्रैल तक पूरी कर लें प्रक्रिया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र से कहा कि वह मोटर वाहन अधिनियम में संशोधन के लिए अप्रैल तक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ परामर्श प्रक्रिया पूरी कर ले, इस मुद्दे पर कि क्या हल्के मोटर वाहन (एलएमवी) लाइसेंस धारक कानूनी रूप से बिना वजन वाले परिवहन वाहन चला सकते हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) धनंजय वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की पीठ ने मामले को 23 अप्रैल को सुनवाई के लिए पोस्ट किया, जिसमें संकेत दिया गया कि यदि केंद्र तब तक इस मुद्दे को हल करने में असमर्थ है, तो वह बीमा कंपनियों द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई फिर से शुरू करेगी। शीर्ष अदालत के 2017 के फैसले को उलट दिया गया जिसने एलएमवी लाइसेंस धारकों को परिवहन वाहन चलाने की अनुमति दी थी।

# केजरीवाल को अब तक नहीं मिला प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण




**शेड्यूल**

- पूरे परिवार के साथ जाना चाहता हूं अयोध्या
- मैं 22 जनवरी के बाद शहर का दौरा करूंगा


**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अभिषेक (प्राण प्रतिष्ठा) समारोह में शामिल होने की अपनी योजना पर चुप्पी तोड़ी है और कहा है कि उन्हें अभी तक कोई आधिकारिक निमंत्रण नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि मुझे 22 तारीख को अपना शेड्यूल फ्री रखने के लिए कहा गया था, लेकिन उसके बाद कोई निमंत्रण नहीं भेजा गया। उस पत्र में लिखा था कि सुरक्षा और वीआईपी मूवमेंट की दृष्टि से केवल एक व्यक्ति को आना है। केजरीवाल ने कहा कि मैं अपने पूरे परिवार के साथ अयोध्या जाना चाहता हूं, मेरे माता-पिता अयोध्या जाने के लिए बहुत उत्सुक हैं। लेकिन निमंत्रण कोई भी हो, मैं अयोध्या जाऊंगा।

मैं 22 जनवरी के बाद शहर का दौरा करूंगा। इससे पहले आज, वरिष्ठ आप नेता सौरभ भारद्वाज ने संकेत दिया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के अपनी पसंद के समय पर धार्मिक स्थल का दौरा करने की संभावना है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल पहले भी वहां जा चुके हैं। कनेक्शन भगवान राम से है। भगवान राम 23, 24 को भी वहां रहेंगे.. और अगर आपकी भक्ति है, तो आप यहीं, इस कार्यालय में प्रार्थना कर सकते हैं।

# भारत के लक्ष्य को पूरा करने में सहकारी समितियों की बड़ी हिस्सेदारी होगी: शाह

**अपील**

- 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में होगा सहकारिता का अहम रोल



**नई दिल्ली।** साल 2028 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के भारत के लक्ष्य को पूरा करने में सहकारी समितियों की बड़ी हिस्सेदारी होगी।

केंद्रीय सहकारिता और गृह मंत्री अमित शाह ने इन समितियों के विकास पर जोर देने की अपील करते हुए बुधवार को ये बात कही। वे दिल्ली के नौरोजी नगर स्थित वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में केंद्रीय सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार (सीआरसीएस) के नए कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। गौरतलब है कि 41,000 वर्ग फुट में फैली इस इमारत का निर्माण एनबीसीसी ने किया है। गृहमंत्री शाह ने कहा कि नए कार्यालय का अधिग्रहण 175 करोड़ रुपये में किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र लगातार सहकारी आंदोलन के लिए विकास के लिए अग्रसर है। उन्होंने बताया कि सरकार ने सहकारी आंदोलन के विकास के लिए पिछले 30 महीनों में 60 प्रमुख पहल की हैं। अब हमने तय कर लिया है कि पीएम मोदी की 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करने में सहकारी समितियों की बड़ी हिस्सेदारी हो। उन्होंने पिछली सरकारों पर तंज कसते हुए कहा कि पिछले 75 सालों में इस क्षेत्र का विकास उस गति से नहीं हुआ जैसे होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि सहकारी क्षेत्र 19वीं सदी से सीधे 21वीं सदी में आगे बढ़ेगा। शाह ने कहा कि सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए सरकार ने बहु-राज्य सहकारी सोसायटी अधिनियम में संशोधन किया है। साथ ही पैक्स (प्राथमिक कृषि ऋण समितियों) को मजबूत करने के लिए मॉडल उपनियम लाए हैं।

**प्राण प्रतिष्ठा**

### गर्भगृह में श्रीरामयंत्र की हुई स्थापना

# मंदिर परिसर पहुंची रामलला की अचल मूर्ति

**आस्था**

- आज होगी विराजित
- आज दोपहर एक बजे से शुरू होगा पूजन
- सरयू तट पर कलश पूजन भी किया गया



**अयोध्या।** राम मंदिर में जिस मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होनी है और जिसे सदैव के लिए स्थापित हो जाना है वह परिसर के अंदर पहुंच गई। एक ट्रक में रखकर उसे पीली बरसाती से ढककर सुरक्षा दस्ते के साथ अंदर लाया गया।

इस मौके पर भारी पैमाने पर फोर्स मौजूद रही। दूसरी तरफ गर्भगृह में पूजन शुरू हो गया है। रामलला की अचल मूर्ति बुधवार की देर शाम विवेक सृष्टि परिसर से भारी सुरक्षा में राम जन्मभूमि परिसर पहुंचाई गई। अचल मूर्ति को बंद ट्रक में विराजमान कर ले जाया गया। सुरक्षा में पीएसी के दो सौ जवान, एटीएस की टीम और पुलिस अधिकारी शामिल रहे। अचल मूर्ति को सोने के सिंहासन पर बृहस्पतिवार को विराजित किया जाएगा। गर्भगृह में सिंहासन बनकर तैयार है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के तीसरे दिन का अनुष्ठान गुरुवार को दोपहर एक बजे से शुरू होगा। गुरुवार को गणेश अंबिका पूजन, ब्राह्मण पूजन व वास्तु पूजन किया जाएगा। इससे पहले बुधवार की शाम रामलला के गर्भगृह में उस सिंहासन का भी पूजन किया गया, जहां रामलला की अचल मूर्ति को विराजित किया जाना है। मुख्य यजमान डॉ. अनिल मिश्र ने पूजन किया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, राममंदिर के ट्रस्टी विश्वेश तीर्थ आदि मौजूद रहे। अनुष्ठानों के तहत दूसरे दिन सरयू नदी के तट पर 'कलश पूजन' भी किया गया. तट पर मुख्य यजमान भी मौजूद रहे. इससे पहले मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा था कि ये अनुष्ठान 21 जनवरी तक जारी रहेंगे और समारोह के दिन रामलला की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े न्यूनतम जरूरी अनुष्ठानों को किया जाएगा। राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के विशेष अनुष्ठान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य लोग शामिल रहेंगे. 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अंत में पीएम मोदी भाषण देंगे, कार्यक्रम में 8,000 मेहमानों के शामिल होने की उम्मीद है।

### प्रतीकात्मक मूर्ति को कराया गया मंदिर भ्रमण

अयोध्या में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के लिए शुरू हुए अनुष्ठान के दूसरे दिन को भगवान की प्रतिकात्मक मूर्ति को मंदिर की परिक्रमा कराई गई। रामलला की जिस मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होनी है वो अभी मंदिर परिसर में नहीं पहुंची है और वह बड़ी और भारी है, इसलिए उसके साथ परिक्रमा करना संभव नहीं था, इसलिए रामलला की चांदी से बनी एक प्रतीकात्मक मूर्ति के जरिए पूजा विधि पूरी की जा रही है और बुधवार को उसका प्रतीकात्मक भ्रमण कराया गया।

# अयोध्या में श्रीराम मन्दिर के निर्माण के साथ लोक आस्था का भी सम्मान हो रहा: योगी

अवधनामा संवाददाता




- 22 जनवरी को प्रधानमंत्री जी के कर-कमलों से श्री रामलला की भव्य मूर्ति विराजमान होने जा रही
- अगले 10 वर्षों में अयोध्या के लिए 01 लाख करोड़ के नए प्रोजेक्ट आ रहे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा है कि अयोध्या में श्रीराम मन्दिर के निर्माण के साथ लोक आस्था का भी सम्मान हो रहा है और जनविश्वास पर सरकार अपने आपको खरा उतरते हुए पा रही है। रामराज्य की अवधारणा हर भारतवासी की तमन्ना है, जिसे साकार करने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री आज यहां इण्डिया टीवी संवाद कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सनातन धर्मावलम्बी 22 जनवरी को अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और उत्साह व उमंग में एक दूसरे को बधाई दे रहे हैं। श्री रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम भारत के आत्म गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा का कार्यक्रम है। हमारा देश अपने स्वयं के गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा कर रहा है। इसलिए हम सभी को इस कार्यक्रम के साथ जुड़ना चाहिए। जो प्रभु श्रीराम के महत्व को नहीं समझ रहा, वह भारत को नहीं समझ रहा। यह श्रेय और प्रेय का समय नहीं है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि श्रीराम मन्दिर में दर्शन के लिए लोगों को दिक्कत न हो, इसके लिए वहां व्यवस्थाएं की जा रही हैं। हमारा प्रयास है कि प्रतिदिन डेढ़ से दो लाख श्रद्धालु वहां दर्शन कर सकें और लोगों को ज्यादा समय तक इंतजार न करना पड़े। इन चीजों को ध्यान में रखते हुए प्रबन्ध किए जा रहे हैं। उन्होंने अयोध्या आने के इच्छुक देश व प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि लोग बिना बताए अचानक न चलें। उत्साह, उमंग व भावावेश में पैदल न चलें। कहा कि भगवान श्रीराम का भव्य तीन मंजिला मन्दिर नागर शैली में बन रहा है। आगामी 22 जनवरी को प्रधानमंत्री जी के कर-कमलों से मन्दिर के भूतल पर श्री रामलला की भव्य मूर्ति विराजमान होने जा रही है। शास्त्रोक्त पद्धति व विधि-विधान के साथ सभी कार्यक्रम प्रारम्भ हो चुके हैं। 22 जनवरी, 2024 को यह सभी कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। देश और दुनिया के सनातन धर्मावलम्बियों, अनुनायियों, श्रद्धालुओं को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपरान्त एक निश्चित तिथि के बाद श्रीरामलला के दर्शन करने और नई अयोध्या को देखने का अवसर प्राप्त होगा। श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में सीमित संख्या में लोग आ पाएंगे। श्रीराम मन्दिर में दर्शन कभी भी किया जा सकेगा। अलग-अलग तिथि पर लोग अयोध्या आएं। किसी को कोई समस्या नहीं आएगी। सभी राम भक्तों का स्वागत है। अयोध्या सभी के स्वागत के लिए तैयार है। सनातन धर्मावलम्बियों की मर्यादा व संयमपूर्ण आचरण के कारण एक लम्बे संघर्ष की समाप्ति हुई है और अयोध्या में पवित्र श्रीराम जन्मभूमि पर श्रीराम का भव्य मन्दिर निर्मित हो रहा है।

प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आज नये भारत का निर्माण हो रहा है। गांव, गरीब, किसान, महिला, नौजवान सहित सभी वर्गों के लोगों के विकास के लिए कार्य किये जा रहे हैं। लोगों का प्रधानमंत्री जी पर अटूट विश्वास है। प्रधानमंत्री जी ने देश को एक नई पहचान दिलाई है। देश में सुरक्षा का एक बेहतर वातावरण दिया है। लोक कल्याणकारी योजनाओं और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेण्ट के माध्यम से वह जनविश्वास पर वह खरे उतरे हैं।

# उर्स ख्वाजा गरीब नवाज़ की तारीख 6 रजब पुरे मुल्क के लिए है यौमे मुहब्बत

अवधनामा संवाददाता



**कानपुर।** आल इंडिया ग़रीब नवाज़ कौन्सिल के तत्वाधान में ग़रीब नवाज़ हफ्ता का 7 वाँ प्रोग्राम जश्ने ग़रीब नवाज़ बमुकाम ग़रीब नवाज़ गेस्ट हॉउस बांसमंडी में हाफिज अब्दुर्रहीम बहराईची नाजिम ए आला मदरसा रज़्ज़ाकिया बांसमंडी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ जलसे को खुसूसी ख़िताब करते हुए आल इंडिया ग़रीब नवाज़ कौन्सिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष हज़रत मौलाना मो.हाशिम अशरफ़ी इमाम ईद गाह गदीयाना ने फ़रमाया कि हज़रत ख्वाजा गरीब नवाज़ के उर्स की तारीख 6 रजब मुताबिक़ 18 जनवरी है जो पुरे मुल्क के लिए यौमे मुहब्बत है। उन्होंने ने अवाम से अपील की कि 6 रजब यौमे मुहब्बत के तौर पर मनाएं इसलिए कि हज़रत ख्वाजा गरीब नवाज़ के विसाल के बाद आप की पेशानी पर लिखा था कि यह अल्लाह का महबूब है और अल्लाह की मुहब्बत में इन्तिकाल किया है उर्से ग़रीब नवाज़ की तारीख 6 रजब हिन्दुस्तानियों के लिए मुहब्बत दिवस है क्यूंकि ख्वाजा साहब ने जुल्म के खिलाफ हमेशा आवाज़ बुलन्द की और फ़ितनों और नफरतों का सर कुचलकर मुहब्बत, इंसानियत,कौमी एकता, मानवता, की एक मिसाल कायम की और हिंदुस्तान के अलावा अन्य देशों तक अपना पैगामे मुहब्बत, इनसानियत, मानवता, हमदर्दी, भाईचारा, मसावात,को आम किया जिस का नतीजा यह हुआ कि लाखों लाख लोगों ने आप की तरीक़े और रास्ते को अपना लिया। श्री अशरफी ने कहा कि ख्वाजा साहब ने अपना सम्पूर्ण जीवन मोहतात गुज़ारा और पूरे समाज को मोहतात बनाने कि कोशिश करते रहे इस को कुरान में तक़वा कहा गया है इस्लाम में तक़वा पर बहुत जोर दिया गया है तमाम इबादतों का मकसद ईमान वाले के अन्दर तक़वा पैदा हो जाये पैग़म्बरे इस्लाम ने एक अवसर पर अपने सीने की तरफ इशारा करके तीन मरतबा फ़रमाया तक़वा यह है तकवे वाला इंसान हर उस चीज़ से परहेज़ करता है जो खुदा कि मर्ज़ी के खिलाफ है और जब यह सोच पैदा होगी तो दहशत गर्दी,फिरका परस्ती, बलात्कार, भ्रष्टाचार जैसे वक़िआत का खात्मा हो जायेगा। मौलाना साकिब अदीब साहब ने भी विचार व्यक्त किये।

# ज्योति बाबा नशा मुक्त भारत के लिए श्री राम सेवा सम्मान से सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**कानपुर।** श्री राम का यश ऐसा है कि आप दुनिया में कहीं भी चले जाओ लोग रामराज्य के बारे में जानते तो हैं इससे एक कदम और आगे जाकर हम हर युग में उस रामराज्य की अवधारणा को स्थापित करें, प्रभु राम केवल परिवार और समाज नहीं, बल्कि संपूर्ण जीव और परिवेश की बेहतरी के लिए कर्तव्यपरायणता की बात करते हैं कर्म पथ पर उन्होंने खुद को एकाग्र रखा और संयमित रहे,हर परिस्थिति में जिंदगी मार्ग दिखाती रही और वो उस पथ पर आने वाली हर मुश्किल को गले लगाते उनका सामना करते हुए आगे बढ़ते रहे,श्री राम ने सिखाया की उतार-चढ़ाव तो जीवन का अंग है,दुख किसने नहीं सहा और किसे नहीं होगा पर यदि संकल्प मजबूत रहे और संकटकाल में संयम बनाए रखें तो हम बड़े से बड़े तूफान झंझावात का सामना कर सकते हैं उपरोक्त बात बजरंग सेवा समिति के तत्वाधान में बालाजी महाराज मंदिर प्रांगण में आयोजित श्री राम महोत्सव,कंबल वितरण व खिचड़ी भोज कार्यक्रम में नशा मुक्त भारत अभियान के लिए पिछले 35 वर्षों से अखंड प्रयासरत अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति अभियान के प्रमुख योग गुरू ज्योति बाबा ने श्री राम सेवा सम्मान से सम्मानित होने के बाद समस्त राम भक्तों को अपने संदेश में कहीं,ज्योति बाबा ने आगे कहा कि 22 जनवरी को 500 वर्षों के संघर्ष के बाद हमारे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है और वो दिन भारत में ही नहीं विश्व में राम राज्य दिवस के रूप में मनाया जाएगा और जिस पवित्र मुहूर्त में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है इस मुहूर्त में एक बड़ी बुराई नशा को छोड़ने का संकल्प लेकर राम राज्य के ध्वज वाहक बने, क्योंकि राम जीवन भी है तो राम मुक्ति भी है इसीलिए जीवन को राममय बनाने के लिए राम का नशा ही काफी है यह पान मसाला, तंबाकू, सिगरेट,शराब,हुक्का बार,ड्रग्स बहुत छोटे पड़ जाते हैं।

# आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाए: डीएम

अवधनामा संवाददाता



- मनरेगा से जिन ग्राम पंचायतों में कोई कार्य नहीं हुआ है, ऐसी ग्राम पंचायत की सूची तत्काल उपलब्ध कराई जाए: अविनाश

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, मुख्यमंत्री जी के प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में समूह गठन, ऋण वितरण, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, कन्या सुमंगला योजना, अंडा उत्पादन, विधायक निधि, त्वरित विकास निधि से सड़क निर्माण में डी., प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, विद्यालयों के निरीक्षण में सी-श्रेणी में पाए जाने, पशु पशुपालन विभाग की पशु टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान की प्रगति मंडल में सबसे खराब पाए जाने पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, श्रम विभाग की संचालित श्रमिक कन्या विवाह योजना के आवेदन पत्र लंबित होने पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी को चेतावनी जारी करने, नहरों की टेल की फीडिंग में मंडल में सबसे खराब प्रगति, बैठक से अनुपस्थित अधिशाषी अभियंता सिंचाई का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश देते हुये संबंधित अधिकारियों से कहा कि तत्काल लक्ष्यों की पूर्ति कर प्रगति में सुधार लाएं, किसी भी योजना में बी-श्रेणी से कम प्रगति न रहे। उन्होंने परियोजना निदेशक, खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण में जिन लाभार्थियों को लाभान्वित कराया गया है, उनसे तत्काल आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाए, निर्माण की गुणवत्ता पर खंड विकास अधिकारी अपने क्षेत्र में स्वयं नजर रखें, आवास योजना में किसी भी दशा में किसी अपात्र को लाभान्वित न किया जाए। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन फेज-02, व्यक्तिगत शौचालय, 15वें वित्त की धनराशि व्यय की साप्ताहिक समीक्षा करें, ग्राम पंचायत में 15वें वित्त की धनराशि की प्रगति बेहद खराब है। श्री सिंह ने मनरेगा के तहत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रतिवर्ष कम से कम रू. 05 लाख से कम के कार्य किसी भी दशा में न कराये जाएं, प्रधान, सचिव, रोजगार सेवक के कारण कोई ग्राम पंचायत मनरेगा के कार्यो से वंचित न रहे, मनरेगा के तहत कराये जा रहे कार्यों में मनमानी, भ्रष्टाचार, विकास में अवरोध करने वालों को चिन्हित कर प्रभावी कार्यवाही की जाए। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों से कहा कि मनरेगा से जिन ग्राम पंचायतों में कोई कार्य नहीं हुआ है, ऐसी ग्राम पंचायत की सूची तत्काल उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कृषि विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान पाया कि अब तक 1352 किसानों को खाद, बीज, कृषि यंत्र पर मिलने वाली सब्सिडी की राशि किसानों के खाते में डी.बी.टी. के माध्यम से प्रेषित की जा चुकी है, प्रधानमंत्री कुसुम योजना में 02 एच.पी. से लेकर 10 एच.पी. तक के सोलर पंप स्थापना हेतु 210 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिस पर उप कृषि निदेशक ने बताया कि पोर्टल पर 19 जनवरी से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ होगी। उन्होंने विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान पाया कि जनपद में शहरी, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति मानक के अनुसार की जा रही है, खराब ट्रांसफार्मर का प्रतिस्थापन भी निर्धारित समयावधि में हो रहा है लेकिन जनपद में लाइन-लॉस अभी भी 28 प्रतिशत है, जो दक्षिणांचल के औसत से अधिक है, जिस पर उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लाइन-लॉस रोकने की दिशा में कार्य करें, विद्युत चोरी में संलिप्त लोगों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाए, झटपट पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की प्रगति भी सुधरी है, जनपद में सर्वाधिक 645 आवेदन पत्र निरस्त किए गए है। जिलाधिकारी ने वैकल्पिक ऊर्जा की समीक्षा के दौरान पाया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट स्थापना में 139 लक्ष्य के सापेक्ष 139, बाबूजी कल्याण सिंह सोलर स्ट्रीट योजना में 200 लक्ष्य के सापेक्ष 200 सोलर लाइट की स्थापना कराई जा चुकी है, जनपद उक्त दोनों योजनाओं में ए-प्लस कैटेगरी में है, स्थापित सभी सोलर स्ट्रीट लाइट का सत्यापन संबंधित उप जिलाधिकारियों के माध्यम से कराया जा चुका है। उन्होंने निराश्रित महिला, वृद्ध, दिव्यांग पेंशन की समीक्षा के दौरान पाया की सभी लाभार्थियों के खाते में शासन स्तर से सीधे समय से पेंशन प्रेषित की जा रही है, सभी लाभार्थियों के बैंक खातों की आधार सीडिंग हो चुकी हैं, जिस पर उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति पेंशन योजना से लाभ पाने से वंचित न रहे। उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि कन्या सुमंगला योजना में जनपद की प्रगति ठीक नहीं है, उप जिलाधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों के स्तर पर योजना के लंबित आवेदन पत्रों को तत्काल निस्तारित कर कर प्रगति सुधारी जाए।

# गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर जश्न ए आजादी ट्रस्ट की बैठक संपन्न

## धूमधाम से मनाया जायेगा गणतंत्र दिवस



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर आज शराब बंदी संघर्ष समिति के केंद्रीय कार्यालय 114 इंसाफ नगर लखनऊ में जश्ने आजादी समिति की पहली बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता वामिक खान ने किया। बैठक में जश्ने आजादी समिति के संस्थापक सदस्य जुबैर अहमद और अब्दुल वहीद ने गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मानने का ऐलान किया। बैठक में मौजूद इंसानियत वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष कुदरत उल्ला खान ने कहा कि गणतंत्र दिवस के बारे में जनता को जागरूक करने की बेहद जरूरत है जो इस समिति के माध्यम से लगातार किया जा रहा है। वरिष्ठ पत्रकार शाहिद सिद्दीकी ने गणतंत्र दिवस के सभी कार्यक्रमों का इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में संचालन की जिम्मेदारी ली।बैठक का संचालन शराबबंदी संघर्ष समिति के अध्यक्ष और जश्ने आजादी समिति के संस्थापक सदस्य मुर्तजा अली ने किया। इस बैठक में समिति के वरिष्ठ सदस्य और पत्रकार तौसीफ हुसैन के साथ ही मोहम्मद कैफ, मोहम्मद इमरान, फहद, हलीमा, साबिर अली, ताबीर अली आदि लोग उपस्थित थे।

# खुद की लगाई नफरत की आग में झुलस रही भाजपा: ज्ञानेन्द्र पाण्डेय

अवधनामा संवाददाता




**बस्ती।** अयोध्या में भाजपा व आरएसएस कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी का ध्वज क्षतिग्रस्त कर उसे पैरों से रौंदने तथा पार्टी कार्यकर्ता अनोखे लाल तिवारी संग की गई अभद्रता से आहत कांग्रेसियों ने बापू की प्रतिमा के समक्ष 'रघुपति राघव राजाराम का पाठ' कर विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने कहा भाजपा खुद के द्वारा लगाई नफरत की आग में झुलस रही है। एक राजनीतिक दल के ध्वज को अपमानित करना नफरत की पराकाष्ठा है। भाजपा द्वारा देशभर में फैलाई जा रही नफरत इसी तरह फलती फूलती रही तो एक दिन भाजपा खुद इसमें जलकर भस्म हो जायेगी। आज हम लोग गांध्रीजी का प्रिय भजन गा कर घटना का विरोध दर्ज करा रहे हैं और ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं कि भाजपा को सदबुद्धि दें। डुमरियागंज लोकसभा के कोआर्डिनेटर देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा राम को लाने से पहले भाजपा को राम का चरित्र पढ़ना चाहिये जिसके राज्य में नफरत नही मोहब्बत थी और हर किसी के साथ न्याय होता था। मुख में राम बगल में छूरी रखने वालों के राम कभी आराध्य नही हो सकते। जिस आराध्य की हम साधना करते हैं उनके जीवन चरित्र को हमें जानना चाहिये और उसे अपने आचरण में शामिल करना चाहिये, किन्तु भाजपा का ऐसा संस्कार कहां एक सुनियोजित साजिश के तहत पूरे देश को नफरत की आग में झोंक दिया गया है। इसी को कहते हैं मुख में राम बगल में छूरी। विरोध प्रदर्शन के दौरान रामभवन शुक्ल, गिरजेश पाल, अनिल कुमार भारती, अतीउल्लाह सिद्धीकी, महेन्द्र श्रीवास्तव, गुड्डू सोनकर, जयंत चौधरी बृजेश कुमार पाण्डेय, विश्वनाथ चौधरी, अलीम अख्तर, राजबहादुर निषाद, अवधेश सिंह, मंजू पाण्डेय, फिरोज खान, हरिनाथ सिंह, रामप्रीत दुसाध, रामबचन भारती, लक्ष्मी यादव, डीएन शास्त्री, मो. अकरम, सर्वेश शुक्ला, आनन्द निषाद, साधू पाण्डेय, रामधीरज चौधरी, अलाउद्दीन उर्फ वित्तन, करीम अहमद, ओमप्रकाश पाण्डेय, सोमनाथ संत, अशरफ अली सहित तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

## पुलिस आयुक्त से मिले

**कानपुर।** गौशाला सोसायटी विगत 135 वर्षो से निरन्तर गौवंशों के संरक्षण का कार्य कर रही है। जहां पर लगभग 1000 गौवंशो का भरण-पोषण का कार्य किया जा रहा है। कानपुर गौशाला सोसाइटी की लगभग 700 बीघे की भूमि कानपुर नगर में स्थित है। कानपुर गौशाला सोसाइटी की विभिन्न जमीनों पर भूमाफियों ने अनाधिकृत कब्जा कर रखा है, जिसके सम्बंध में कई बार अनुरोध किया गया परन्तु कोई उचित कार्यवाही नहीं हो सकी।

इसमें से कुछ भूमियों पर अनाधिकृत रूप से कब्जे हो रहे है कानपुर गौशाला सोसाइटी की भौती स्थित जमींन नईबस्ती जगतपुर थाना सचेंडी कानपुर नगर स्थित है उपरोक्त भूमि पर सुधीर पाल नाम के व्यक्ति द्वारा प्लाटिंग करवाकर गौशाला की भूमि पर भी अनाधिकृत कब्जा कर रहे है।गौशाला की भौती थाना सचेंण्डी कानपुर नगर स्थित जमींन पर सागर ढाबा द्वारा सागर ट्रेडर्स के नाम से फर्म खोलकर बगल की जमींन पर भी कब्जा किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होने मौरग, गिट्टी भी मंगा ली है और पिलर हेतु गड्ढे भी खोदे जा रहे है।

## राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान लखनऊ की गोष्ठी सम्पन्न




**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, लखनऊ द्वारा नव्य भारत भव्य भारत पर एक लघु गोष्ठी संस्थान में सम्पन्न की गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता अमरेन्द्र द्विवेदी, प्रभारी अनुभाग अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा की गई। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमति शची श्रीवास्तव, समीक्षा अधिकारी चिकित्सा विभाग रही। वाणी वंदना श्रवण कुमार बनारसी, प्रभारी अनुभाग अधिकारी भाषा विभाग द्वारा की गई। इस अवसर पर हरि प्रकाश हरी सेवानिवृत्ति विशेष सचिव, विधान परिषद विधान परिषद, सुरेंद्र विक्रम अस्ताना सेवानिवृत संयुक्त सचिव, भाषा विभाग उत्तर प्रदेश शासन, चंद्र प्रकाश अनुभाग अधिकारी, सूक्ष्म लघु उद्योग विभाग, विपुल मिश्रा समीक्षा अधिकारी भाषा विभाग, कमलेश यादव, कैडलागर विधान सभा, विनय कुमार शर्मा, उप सचिव, विधान परिषद आदि द्वारा काव्य पाठ किया गया। इस अवसर पर अधोहस्तकरी द्वारा काव्यपाठ के साथ धन्यवाद ज्ञापन किया गया। उक्त काव्य पाठ की भूरि भूरि प्रशंसा की गई।

## बड़े भाई ने बहू के साथ की मारपीट

**नवाबगंज फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** पति खेतों पर गया था तभी पड़ोसी ने पत्नी के साथ हांथापाई करके मारपीट कर दी। थाना क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर निवासी लक्ष्मण पुत्र महेंद्र सिंह ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी है जिसमे कहा है कि वह अपने खेतों की तरफ खेत देखने सुबह 8 बजे के करीब गया हुआ था तभी ताऊ रामानंद का लड़का घर पर आकर बिना बजह गाली गलौज करने लगा। पत्नी ने कहा तुम गाली क्यों दे रहे हो बात तो बताओ इतने में उनका लड़का एवं रामानंद व उनकी पत्नी ने पत्नी संध्या को मारपीट का लहूलुहान कर दिया।

# फर्जी खातों में धन ट्रांसफर करने वाले चार अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**फर्रूखाबाद।** फर्जी प्रपत्रो के माध्यम से जस्ट डायल एप की सहायता से ट्रान्सपोर्ट के लिए फर्जी खातों में धन ट्रान्सफर करवाकर फर्जीवाड़ा करने वाले गैंग के 04 अभियुक्त को थाना कादरीगेट पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के मार्गदर्शन अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर प्रदीप कुमार के नेतृत्व में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत एसओजी सर्विलांस टीम व थाना कादरीगेट पुलिस द्वारा फर्जी प्रपत्रों के माध्यम से जस्ट डायल एप की सहायता से ट्रान्सपोर्ट के लिए फर्जी खातों में धन ट्रान्सफर करवाने वाले गैंग के 04 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया है। थाना कादरीगेट पुलिस व एसओजी/सर्विलांस टीम ने फर्जी प्रपत्रों के आधार पर जस्ट डायल एप की सहायता से ट्रान्सपोर्ट के लिए फर्जी खातों में धन ट्रान्सफर करवाने वाले गैंग के 04 अभियुक्तगण 1. प्रिंस गुप्ता 02. आर्यन 03. रोहित कुमार 04. अनमोल सिंह उर्फ अन्नू को 07 मोबाइल फोन, 11 एटीएम कार्ड, 03 बैंक कार्ड, 03 सिम कार्ड, फर्जी कूट रचित बिल बाउचर आदि, 02 पेन कार्ड , 02 आधार कार्ड, 02 आईडी कार्ड, 100 वर्क स्क्रीन शॉट सहित गिरफ्तार कर लिया है द्य गिरफ्तार अभियुक्त स पूछने पर बताया कि सभी लोग एक साथ मिलकर मोबाइल पर जस्ट डायल एप पर ट्रान्सपोर्ट के लिये डील करते है और उनको कम्प्यूटर के माध्यम से फर्जी कूटरचित दस्तावेज को एप व व्हाट्सएप के माध्यम से दिखाकर फर्जी खुलवाये गये खातों में पैसे डलवाते हैं जिनके एटीएम कार्ड हम लोग अपने पास रखते हैं। एटीएम कार्ड के माध्यम से पैसा निकाल कर आपस में बांट लेते हैं। जब किसी व्यक्ति का काम नही होने पर अपने पैसे वापस मागंता है, तो हम लोग कम्प्यूटर से आरटीजीएस की फर्जी कूटरचित रसीद बनाकर उसको व्हाट्सएप कर देते है। गिरफ्तार अभियुक्तो में प्रिंस गुप्ता पुत्र प्रदीप कुमार निवासी बढपुर थाना कादरीगेट,आर्यन पुत्र सुनील सिंह निवासी 06/36 आवास विकास कालोनी थाना कादरीगेट हाल निवासी सृजना एनक्लेव निकट रेडियेन्टो हास्पिटल लकूला रोड थाना कादरीगेट, रोहित कुमार पुत्र रामऔतार शुक्ला निवासी शान्ति नगर पजाबा थाना कादरीगेट और अनमोल सिंह उर्फ अन्नू पुत्र संजीव सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट गाँधी थाना राजेपुर को किया है द्य पुलिस ने 7 मोबाइल फोन,11 एटीएम कार्ड,03 बैंक कार्ड, 03 सिम कार्ड फर्जी कूट रचित बिल बाउचर ,02 पेन कार्ड , 02 आधार कार्ड, 02 आईडी कार्ड,100 वर्क स्क्रीन शॉट भी बरामद किए हैं।

## युवक ने कनपटी पर गोली मार कर दे दी जान

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** युवक गुड्डू उर्फ शुभम जाटव ने कनपटी पर तमंचा की गोली मार कर आत्महत्या कर लिए जाने से परिवार में हाहाकार मच गया। थाना कादरी गेट के मोहल्ला कबाडी वाली गली गंगानगर कॉलोनी निवासी प्रशांत जाटव का 25 वर्षीय पुत्र था। गुड्डू दोपहर के समय कमरे में मौजूद था तभी उसने तमंचे से सिर में गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर मां शीला देवी कमरे में गई तो वह गुड्डू को लहूलुहान देखकर सदमे में आ गई और जोर शोर से शोर मचाने लगी। घटना की जानकारी मिलने पर मोहल्ले वालों की भीड़ लग गई। जांच करने पर पता चला कि गुड्डू की मौत हो गई है। सूचना मिलने पर कादरी गेट के थानाध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ल फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस की सूचना पर फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल पहुंच कर साक्ष्य जुटाए। परिवार के लोगों ने बताया कि गुड्डू अक्सर शराब के नशे में रहता था वह घटना के समय कमरे में टीवी देख रहा था।

# समाजवादी पार्टी पंजा छाप का ही दूसरा रूप है: वसीम राईन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के मुखिया हों या उनकी पार्टी, सपने दिखाने में इनका कोई सानी नही। इनकी सारी राजनीति झूठ पर टिकी हुई है। सबकुछ किनारे कर सिर्फ पीडीए की ही बात की जाए तो सच सामने आ जाता है। न कोई एजेंडा न कोई घोषणापत्र बस कोरी बयानबाजी।

यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी पंजा छाप का ही दूसरा रूप है। एक जैसे नेता एक जैसी विचारधारा और करनी भी एक। झूठ बोलने में बेहद माहिर। शायद पंजा छाप पार्टी की समाजवादी पार्टी की जनक है। कोरी बयानबाजी कर सपा के नेताओं ने पसमांदा मुसलमान को दशकों तक बरगलाने का काम किया। जब यहां फेल हो गए तब पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक यानी पीडीए के भले की सोंच रखकर एक बड़े समाज को अपने पक्ष में करने का प्रयास शुरू लिया। सपा के मुखिया यह क्यों भूल जाते हैं कि किसी भी समाज का वोट हासिल करने के लिए पुराने सिद्धांत अब बेकार हो गए हैं अब बिना किसी प्लान व एजेंडे के इतने बड़े समाज को उल्लू नही बना सकते। इन दोनों कामो में समाजवादी पार्टी अब तक फेल नजर आई है। पीडीए को लक्ष्य तो बना लिया पर उनके लिए अब तक किया कुछ भी नही और न ही कोई स्पष्ट नीति ही है। इससे जाहिर है कि सपाई एक बार फिर पीडीए समाज को वोटबैंक बनाने के फेर में हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि पसमांदा मुसलमान को दलित से बदतर बनाने वाली कांग्रेस की राह पर चलते हुए सपा ने भी वही चोला ओढ़ लिया। 85 फीसदी पसमांदा समाज को सिर्फ वोटबैंक बनाकर रख दिया अब पिछड़ा दलित व अल्पसंख्यक को बेवकूफ बनाने की तैयारी है। पसमांदा मुसलमान ने सपा के आधार वोट यादव से भी दो गुना वोट दिया सत्ता में लौटने की चाभी दी पर बदले में उसे कुछ हासिल नही हुआ। हैरत की बात तो यह है कि श्री अखिलेश यादव जब सत्ता के सिंघासन पर विराजते हैं तब उन्हें पीडीए की याद क्यों नही आई अब जब लोकसभा चुनाव सर पर है तब यह शिगूफा आज तक यादव से दो गुना वोट देने वाले पसमांदा मुसलमान को राज्यसभा नहीं भेजा सिर्फ़ वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया हैं।

## पुण्यतिथि पर तहरी वितरण

**कानपुर।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाबा स्व0 बृज नारायण द्विवेदी की पूण्य तिथि पर चन्द्रिका देवी मन्दिर चौराहे पर तहरी वितरण का कार्यक्रम किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसारण ग्रहण किया । कार्यक्रम मे किदवई नगर विधायक माननीय महेश त्रिवेदी सुरेश अवस्थी जी सुनील बजाज जी सीसामऊ विधायक अमिताभ बाजपेयी जी विमल तिवारी जी प्रभात मिश्र राजीव तिवारी रजत मिश्र संदीप द्विवेदी, रिसभ मिश्र धीरज द्विवेदी अतुल नारायण द्विवेदी पंकज अजय कुमार द्विवेदी आदित्य कुमार द्विवेदी , मोनेन्द राजपूत इत्यादि लोग मौजूद रहे!

## सूचना

पूर्व में मेरा नाम Ayesha आयेशा पति का नाम बिस्मिल्लाह, ग्राम बरईपुर, पोस्ट हुब्बीगंज थाना दीदारगंज, जिला आजमगढ़ था और इसी नाम से मुझे पुकारा/जाना जाता था। अब मेरा नाम Ayesha Bano आयेशा बानो है और इसी नाम से ही मुझे जाना/पुकारा व पहचाना जाए।

अवधनामा



# बैंकिंग को आसान बनाने के लिए एचडीएफसी बैंक अयोध्या में दो 'बैंक ऑन व्हील्स' वैन तैनात करेगा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या ।** एचडीएफसी बैंक भारत के अग्रणी निजी बैंक, ने पूरे अयोध्या में दो अत्याधुनिक 'बैंक ऑन व्हील्स' वैन तैनात की हैं जो सभी प्रकार की बैंकिंग सेवाएं प्रदान करेंगी। यह श्री राम मंदिर के अभिषेक समारोह के लिए शहर में आने वाले ग्राहकों और आगंतुकों के लिए आसान और सुविधाजनक बैंकिंग सेवाएं लाने के लिए किया जा रहा है। नई पहल में 17 जनवरी से 31 जनवरी, 2024 तक एचडीएफसी बैंक के 'बैंक ऑन व्हील्स' की तैनाती देखी जाएगी।



वैन ग्राहकों और सभी आम लोगों को नकद जमा और पैसे की निकासी सुविधाओं, विदेशी मुद्रा सहित सभी कई कमर्शियल और पर्सनल बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं के साथ सभी तरह की बैंकिंग सेवाओं को प्रदान करेंगी।अयोध्या के एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में उभरने की उम्मीद है और इससे शहर और उसके आसपास की अर्थव्यवस्था को काफी तेजी से बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।'बैंक ऑन व्हील्स' को नगर आयुक्त विशाल सिंह आईएएस ने अयोध्या नगर निगम और अयोध्या विकास प्राधिकरण के अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर प्रतिक्रिया देते हुए, अखिलेश कुमार रॉय, हैड, ब्रांच बैंकिंग-उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड ने कहा कि

एचडीएफसी बैंक ने हमेशा ग्राहक सुविधा को आधारशिला रखते हुए अपने उत्पादों और सेवाओं की पेशकश करने में विश्वास किया है। अयोध्या में बैंक ऑन व्हील्स को तैनात करने और निवासियों और पर्यटकों के लिए बैंकिंग में आसानी लाने का यही कारण है।

# राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अलर्ट मोड में पुलिस प्रशासन



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को आयोजित भगवान श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देशभर में व्यापक तैयारियां चल रही है। पूरे देश में उत्साह और उल्लास दिखाई दे रहा है। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र में भी लोगों में इसको लेकर खासा उत्साह है। लोग प्राण प्रतिष्ठा को दीपावली के रूप में मनाने की तैयारी में जुटे हुए हैं। 22 जनवरी को गांव से लेकर मठ मंदिरों तक पूजा पाठ, धार्मिक अनुष्ठान एवं जागरण के कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस बीच किसी प्रकार कोई अप्रिय घटना न घटे, इसको लेकर पुलिस हाई अलर्ट मोड़ पर है तथा विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस टीम द्वारा अयोध्या जनपद की सभी सीमाओं पर चेकिंग अभियान तेज कर दी है। जिले की सीमा पड़ोसी जनपद की सीमा अमेठी, सुल्तानपुर की सीमा से लगी हुई है। जिसको देखते हुए पुलिस प्रशासन मिल्कीपुर तहसील के पिठला कुमारगंज, चिलबिली, लिलहा रसूलपुर, सस्थिन घाट से आने वाले वाहनों की सघन चेकिंग कर रही है। सीमाओं पर पुलिस फोर्स के जवान मौजूद है। भारी वाहनों का जिले में प्रवेश वर्जित कर दिया गया है। इसके साथ ही संवेदनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस टीम द्वारा कड़ी नजर रखी जा रही है। पुलिस अधिकारियों द्वारा एस 7 व एस10 के सदस्यों से भी क्षेत्र के बारे में जानकारियां ली जा रही है। उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर एवं क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर द्वारा कार्यक्रम आयोजकों से बात की जा रही है तथा उन्हें निर्देश भी दिए जा रहे हैं कि सभी कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न करें। किसी तरह की समस्या उत्पन्न नहीं होना चाहिए कार्यक्रम के दौरान कोई ऐसा कार्य नहीं होना चाहिए, जिससे किसी दूसरे समुदाय के लोगों को ठेस पहुंचे।

## 1990 में शहीद हुए कारसेवकों के परिजनों को विहिप प्रवक्ता ने दिया निमंत्रण

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि की प्रथम कारसेवा 1990 में शहीद हुए अयोध्या धाम के कारसेवकों के परिजनों को विहिप प्रवक्ता शरद शर्मा ने श्रीराम लला के प्राणप्रतिष्ठा का दिया निमंत्रण। श्रीराम जन्मभूमि कारसेवा 30 अक्टूबर व 2नवंबर1990 को अयोध्या धाम के वासुदेव गुप्ता, रमेश पांडेय, राजेंद्र धरकार पुलिस की गोली से मारे गये थे,जिनके परिजनों गायत्री पांडेय, संदीप गुप्ता वा अनीता धरकार को बाईस जनवरी को होने वाले प्राणप्रतिष्ठा का आमंत्रण दिया गया। विहिप प्रवक्ता शरद शर्मा ने बताया कि लंबे कालखंड के उपरांत आज संपूर्ण देश राममय हो रहा है,भगवान राम अपने पावन जन्मस्थान पर विराजमान होने जा रहे हैं,इस पावन पल के साक्षी शहीद कारसेवकों का परिवार होगा।जिनके अपनो ने रामकाज के लिए अपनो ने प्राणों की आहूति दी है।

# गरीबों की सेवा करने से बड़ा पुनीत कार्य कोई नहीं: पार्षद मनीषा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मकरसंक्रांति के अवसर पर चित्रगुप्त नगर वार्ड की पार्षद मनीषा पत्नी निखिल श्रीवास्तव द्वारा बढ़ते ठंड को देखते हुए गरीबों और असहाय लोगों को अपने आवास पर कंबल वितरित किया।पार्षद मनीषा श्रीवास्तव ने कहा गरीबों की सेवा करने से बड़ा पुनीत कार्य कोई नहीं है। हर वर्ग के धनाढ्य लोगों को गरीब जनता की सेवा करने के लिए आगे आने की जरूरत है। कड़ाके की ठंड से किसी की मौत न हों, इसके लिए गरीबों को कंबल वितरित किया जाना अति आवश्यक है। निखिल श्रीवास्तव ने कहा पीड़ितों की मदद किया हूं, सदैव करता रहूंगा। आज के परिवेश में भावना से समाज के उत्थान और विकास में सहयोग करने की जरूरत है। कंबल वितरण के दौरान सुजीत श्रीवास्तव, महेश श्रीवास्तव, रिंकू श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, ओजस, जेपी तिवारी, विमल गुप्ता रूपेश सिंह, सालिक यादव, शिवकुमार यादव सहित कई समाज सेवी उपस्थित रहे।



# गन्ने की बढ़ोतरी को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की पंचायत तहसील सदर के तिकुनिया पार्क में लगाई गई पंचायत की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अरविंद यादव ने किया संचालन वरिष्ठ प्रदेश सचिव फरीद अहमद ने किया और कहा कि परदेस के निर्देशानुसार गन्ने का पेराई सत्र 2023 2024 गन्ने कामूल्य वृद्धि कर ?450 रुपए कुंतल राज्य परामर्श मूल्य अभिलंब तय किए जाने हेतु 25 अक्टूबर 2023 को मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया था कि जल्द ही गन्ना का रेट तय होगा बिजनौर के नजीबाबाद में मुख्यमंत्री ने एक कार्यक्रम के दौरान गन्ने की मूल्य में वृद्धि कर मूल्य घोषित करने की बात कही थी



गन्ने की उत्पादन कम होने की वजह से क्रेशर में प्राइस वॉर छिड़ी हुई है क्रेशर में ?400 कुंतल तक गन्ना खरीदा जा रहा है मूल्य घोषित न होने के कारण किसान असमंजस की स्थिति में है गन्ना मूल्य घोषित न होने के कारण शुगर मिलों में प्रतिस्पर्धा नहीं हो पा रही है पंजाब में गन्ने का मूल्य ?391 रुपए कुंतल हरियाणा में 385 कुंतल है पिछले वर्ष चीनी ?32 रुपए किलो सिरा ?300 कुंतल बाकासडेढ़ सौ रुपए कुंतल थी इसी वर्ष चीनी की कीमत 42 00रुपए कुंतल शीरे की कीमत ?300 कुंतल बाकास ?400 कुंतल ऐथानालके दाम में भी लगभग 25 रुपए लीटर बड़े हैंगन्ने से बनने वाले सभी उत्पादन में लगभग 25 परसेंट वृद्धि हुई है उत्पादन लागत में वृद्धि एवं उत्पादन में कमी आई है इसी कारण उत्तर प्रदेश का किसान गन्ने का मूल्य ?450 रुपए कुंतल किए जाने की मांग करता है अगर सरकार गन्ने का रेट नहीं बढ़ती तो आने वाले 27,28,29 प्रयागराज राष्ट्रीय चिंतन शिविर में सरकार के खिलाफ आंदोलन का निर्णय लिया जाएगा पंचायत में प्रमुख रूप से वरिष्ठ प्रदेश सचिव फरीद अहमद, प्रदेश सचिव जगतपाल सिंह मंडल महासचिव जिला जीत वर्मा युवा जिला अध्यक्ष अनूप पांडे नकुल जिला उपाध्यक्ष राजमणि यादव गल्लूयादव रंजीत श्री कृष्ण यादव रामबचन मौर्य रोहित चौरसिया शेषराम अजय यादव आदि किसान नेता मौजूद रहे।

# रामनगरी में महिलाओं ने निकाली जल कलश यात्रा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले बुधवार को महिलाओं ने %जल कलश यात्रा निकाली। इसमें का जल लेकर महिलाएं राम धुन पर झूमते व राम की जयकार करते निकलीं। यात्रा महापौर गिरीश पति त्रिपाठी के संयोजकत्व में निकाली गई। इसका नेतृत्व महापौर की धर्मपत्नी रामलक्ष्मी



लगभग 500 से अधिक महिलाएं शामिल रहीं। बुधवार को प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान का दूसरा दिन रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर समूचा समाज इस आयोजन से जुड़ गया है। श्रीराम नगरी में अयोध्या महानगर की महिलाओं ने सुबह सरयू तट से यात्रा का शुभारंभ किया। श्रीराम की पताका फहराते सिर पर कलश में भरा मां सरयू त्रिपाठी ने किया। उक्त कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की धर्मपत्नी नम्रता पाठक, जिपं अध्यक्ष रोली सिंह, आभा सिंह, सीमा तिवारी, सरिता सिंह, श्रीमती आरती दीक्षित, पल्लवी श्रीवास्तव, आंचल मिश्रा, रूबी पोद्दार, सुभासिनी अवस्थी, नीलम त्रिपाठी, रिंकी सिंह सहित 500 महिलाएं सम्मिलित हुई।

# योजना अंतर्गत बीएड के छात्र छात्राओं में वितरित किये गए स्मार्ट फोन

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश सरकार के युवा तकनीकी सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत नि शुल्क स्मार्ट फोन वितरण योजना के अंतर्गत बडेल स्थित श्यामा देवी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में बीएड के छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन का वितरण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि अशोक कुमार बरदिया ने छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित करते हुए अपने संबोधन में कहा कि युवाओं की तकनीकी छमता और बौद्धिक सशक्तिकरण की दिशा में स्मार्ट फोन लाभकारी सिद्ध होंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रबंधक ई अभिनव गुप्ता ने किया अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि आज के तकनीकी के इस युग में वितरित किए जा रहे स्मार्टफोन से युवा अपनी पढ़ाई को आगे बढ़ाने में सफल होंगे, आज के युग में स्मार्ट फोन हर व्यक्ति के लिए लाभकारी है आप लोगो को जो स्मार्ट फोन वितरित किए जा रहे है इसका उपयोग सदैव सकारात्मक दिशा में करे। इस दौरान स्मार्ट फोन पाए छात्र छात्राओं ने खुशी ब्यक्त की। इस अवसर पर मुख्य रूप से दुर्गेश पांडे नोडल, प्रीति शुक्ला अध्यापिका,स्मिता श्रीवास्तव अध्यापिका,हर्षिता वर्मा अध्यापिका समेत सैकड़ों छात्र छात्राएं मौजूद रहे।



## भारत विकसित संकल्प व मिशन 2047 कार्यक्रम आयोजित

**जैदपुर बाराबंकी।** नगर पंचायत स्थित ग्राउंड में बुधवार को भारत विकसित संकल्प एवं मिशन 2047 का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि आदित्य सिंह टाइगर रहे। इस मौके पर उन्होंने मौजूद जनता को सम्बोधन किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा दी गयी सरकारी सभी योजनाओं को विस्तार से जानकारी दी। उज्वला योजना आवासीय योजना किसान सम्मान निधि आयुष्मान कार्ड सहित भाजपा सरकार द्वारा दी जा रही सभी योजनाओं को एक एक कर बताया। इस कार्यक्रम में मौजूद सभी को मुख्य अतिथि द्वारा संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत भाजपा प्रत्याशी अबू उमैर अंसारी ने भी सभी लोगों को सम्बोधित किया और भाजपा सरकार संकलपित 2047 तक विकास शील देश बनाये जाने पर भाजपा को एक फिर से लोक सभा चुनाव में केन्द्र में सरकार बनाये जाने की अपील की। इस मौके पर अतिथि शशि गुप्ता आकाश गुप्ता मंडल महामंत्री विनय वर्मा अधिशाषी अधिकारी आलोक वर्मा सुनील वर्मा अमन डाक्टर नजमुल सभासद सुमन लोधी ताहिर अंसारी शाहे आलम आरिफ अफसार बनवारी लाल निजामुद्दीन शाह सहित भारी संख्या में महिलाओं सहित लोग मौजूद रहे।

# भाजपा की नफरती राजनीति का मुकाबला समाजवादी विचारधारा से ही सम्भव: गौरव

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** आगामी 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव स्वतंत्र भारत में अब तक के हुए चुनावों में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण साबित होने वाले है। इन चुनावों के साथ ऐसे मुद्दे जुड़े हैं जिनका लम्बे समय तक असर होना है। लोकतंत्र और संविधान पर खतरा मंडरा रहा है। महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी चरम पर है।

उक्त विचार आज पल्हरी चौराहे पर सभासद मुख्तार द्वारा आयोजित स्वागत में विधायक गौरव कुमार रावत ने उपस्थित लोगों में व्यक्त किये। विधायक ने आगे कहा कि महिलाओं तथा बच्चियों की जिंदगी रोज-ब-रोज असुरक्षित होती जा रही है। भाजपा इन गंभीर सवालों से किनारा कर 'इवेन्टस की राजनीति' से जनता को भटकाना चाहती है। भाजपा की नफरती राजनीति का मुकाबला समाजवादी विचारधारा से

**प्रतिबद्ध**

> **समाजवादी पार्टी समाजवाद, लोकतंत्र और पंथनिरपेक्षता के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा को विकास कार्यों में दिलचस्पी नहीं है।**

ही हो सकता है। समाजवादी पार्टी विकास और निर्माण की बात करती है। उसकी नीति गरीबी और अन्याय के मुकाबले की है। समाजवादी पार्टी समाजवाद, लोकतंत्र और पंथनिरपेक्षता के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा को विकास कार्यों में दिलचस्पी नहीं है। वह संविधान को बदलने की साजिश कर रही है। भाजपा सरकार झूठ की बैसाखी पर टिकी है। भाजपा ने अपने पिछले संकल्प पत्र का एक भी वादा पूरा नहीं किया। उसके पास गिनाने के लिए अपना एक भी काम नहीं है। समाजवादी सरकार के समय हुए कामों को ही वह अपना बताने का झूठा ढोल पीट रही है। किसान, नौजवान, शिक्षक, व्यापारी, अधिवक्ता सहित समाज का हर वर्ग दुःखी है। भाजपा से निजात पाने के लिए सभी बेसब्री से 2024 के लोकसभा चुनाव का इंतजार कर रहे है।

उक्त अवसर पर मुख्य रूप से मोहम्मद मुख्तार सभासद तारिक अहमद मोहम्मद इलियास, जिला उपाध्यक्ष रिजवान संजय, सूरजपाल रावत, मोहम्मद यासीन, मोहम्मद अखलाक, विशाल वर्मा, मोहम्मद शकील, मोहम्मद मोईन, जाबिर अंसारी, मोहित यादव समेत आदि लोग उपस्थित रहे।

## दबंग के सामने बेबस बीकापुर तहसील प्रशासन

**अयोध्या।** बीकापुर तहसील के राजस्व ग्राम बेलगरा में एक दबंग जालसाज द्वारा सार्वजनिक तालाब की भूमि पर जबरिया अबैध निर्माण कर कब्जा किया जा रहा है। जिसकी शिकायत ग्राम सभा निवासी रणजीत सिंह ने तहसीलदार से किया है। शिकायत मिलने पर तहसीलदार अवैध निर्माण कार्य रोकने के लिए आदेश जारी किया है।तहसीलदार को दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार ग्राम सभा बेलगरा निवासी हरिभान सिंह द्वारा सार्वजनिक तालाब गाटा संख्या 8.270 पर एक सप्ताह से अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसकी शिकायत तहसीलदार बीकापुर से किये जाने के बाद उन्होंने मामले की गंभीरता को समझते हुए लेखपाल को उक्त अवैध निर्माण रोकने का निर्देश दिया बाउजूद इसके आज तक उक्त दबंग व्यक्ति द्वारा लगातार तालाब की जमीन पर अवैध निर्माण का कार्य जारी है।

# पीएसी जवान के खाते में वापस आए 33 हजार रुपए

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** क्रेडिट कार्ड के माध्यम से साइबर फ्राड कर खाते से निकाले गये 33,558.50 रुपये को साइबर सेल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ित के खाते में सम्पूर्ण धनराशि को वापस कराया गया।



आईजीआरएस के माध्यम से एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया। जिसमें आवेदक अनिल कुमार तिवारी पुत्र सत्ती प्रसाद तिवारी निवासी 10 बटालियन पीएसी थाना मसौली ने बताया कि उनके साथ साइबर अपराधियों द्वारा क्रेडिट कार्ड के माध्यम से धोखाधड़ी कर 33,558.50 रूपये निकाल लिये गये। प्रकरण में तत्काल साइबर सेल द्वारा साइबर तकनीक का प्रयोग कर संबंधित मर्चेंट से पत्राचार कर आवेदक की सम्पूर्ण राशि को आवेदक के बैंक खाते में वापस कराया गया।01

# कोई भी हकदार योजना के लाभ से वंचित नहीं होना चाहिए.: सदर विधायक

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** सदर विधायक जयमंगल कन्नौज्जिया ने मिठौरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत रामपुर महुअवा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मोदी सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र आयुष्मान कार्ड एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की चाबी वितरित किया। विधायक ने कार्यक्रम स्थल में लगे स्टालों का निरीक्षण करनें के पश्चात जनसभा को संबोधित किया।उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर किए गए प्रयासों का बहुत बड़ा लाभ हमारी करोड़ों माताओं बहनों को मिल रहा है। आज महिलाएं खुद आगे आकर नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। विधायक ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है- कोई भी हकदार, सरकारी योजना के लाभ से छूटना नहीं चाहिए। कई बार जागरूकता की कमी से, कई बार दूसरे कारणों से कुछ लोग सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। ऐसे लोगों तक पहुंचना हमारी सरकार अपना दायित्व



समझती है। इसलिए ये मोदी की गारंटी की गाड़ी गांव-गांव जा रही है।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान हमें वोकल फॉर लोकल का संदेश गांव-गांव, गली-गली तक पहुंचाना है।

विधायक ने कहा कि देश मे हमारी सरकार द्वारा 11 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। उज्ज्वला गैस कनेक्शन के लिए 4.5 लाख नए लाभार्थियों ने आवेदन किया है। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जहां जा रही, लोगों का विश्वास बढ़ा रही है। जब केंद्र व राज्य में भाजपा की सरकार नहीं थी तो लोंगो को शौचालय, आवास, राशन, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली के लिए भटकना पड़ता था। पर, जब वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनी तब उन्होंने देश के 140 करोड़ लोगों को परिवार की तरह समझकर प्रतिबद्धता व ईमानदारी के साथ उनकी भलाई के लिए कार्य किया। प्रमुख प्रतिनिधि राम हरख गुप्ता ने संबोधित करते हुये कहाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की तस्वीर और तकदीर दोनों बदली है। उनके नेतृत्व में दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है और देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। देश प्रदेश की जनता की सुविधा के लिए प्रत्येक गांव को सड़क, पेयजल आदि की योजनाओं जोड़ने का कार्य हो रहा है।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ पटेल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान रियाजुद्दीन, ए डी ओ पंचयायत सुरेश कन्नौज्जिया, सेक्रेटरी विजय सिंह, प्रमोद मौर्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य अशोक साहनी सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और ग्रामवासी मौजूद रहे।

# भाजपा, संघ को सद्बुद्धि के लिए कांग्रेसियों ने की प्रार्थना

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** मकर संक्रन्ति के अवसर पर रामलला के दर्शन को अयोध्या धाम गये कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव सद्बुद्धि आये और देश में भाईचारा बना रहे इसके लिये रामधुन गाकर प्रार्थना की। रामधुन गाने वालो में मुख्यरूप से कांग्रेस अध्यक्ष मो0 मोहसिन, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, शबनम वारिस, इरफान कुरैशी, मो0



अविनाश पाण्डेय, कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के साथ गये उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ध्वज वाहक अनोखे लाल तिवारी के साथ भाजपा एवं संघ के अराजकतत्वो द्वारा की गयी मारपीट एवं पार्टी ध्वज को अपमानित करने के विरोध में कांग्रेसजनो ने गांधी प्रतिमा के सामने भाजपा एवं संघ के अराजकतत्वो को इजहार सिद्दीकी, अजीत वर्मा, शिव बहादुर वर्मा, के0सी0 श्रीवास्तव, रामहरख रावत, अमित मिश्रा, अखिलेश वर्मा, मो0 आरिफ, रमेश कश्यप, सुरेन्द्र शर्मा, प्रीति शुक्ला, विजयपाल गौतम, तस्लीमन खान, संजीव मिश्रा, कौशल किशोर वर्मा सहित दर्जनो की संख्या में कांग्रेसजन थे।

अवधनामा



## परीक्षा पर चर्चा अंतर्गत 23 को पीएम श्री केंवि में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



- केंद्रीय विद्यालय सिद्धार्थनगर को बनाया गया है जिला नोडल केंद्र
- पराक्रम दिवस के रूप में मनेगा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती

**सिद्धार्थनगर।** छात्रों की रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के लिये शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 23 जनवरी को देश भर के विभिन्न विद्यालयों में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सिद्धार्थनगर को जिला नोडल केंद्र बनाया गया है।

विद्यालय के प्राचार्य नीरज कुमार शुक्ल ने बताया की परीक्षा के तनाव से निपटने की एक अनूठी पहल के तहत देश भर के 660 विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों में राष्ट्रव्यापी पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सिद्धार्थनगर के अतिरिक्त जिले के नवोदय विद्यालय, सी.बी.एस.ई. द्वारा मान्यता प्राप्त स्कूलों तथा राज्य बोर्ड के विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 वीं तक के 100 विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे। जिसमें छात्रों के विचारों की अनूठी रचनात्मक अभिव्यक्ति दिखने की उम्मीद है। प्रतियोगिता का विषय प्रधानमंत्री द्वारा लिखित पुस्तक पर आधारित 'परीक्षा योद्धा' बनना है। इस प्रतियोगिता के संयोजक अश्वनी कुमार राय एवं सह संयोजक राधा बल्लभ मिश्र रहेंगे। इसके अतिरिक्त प्राचार्य ने बताया नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के जीवन से छात्रों को प्रेरित करने और उनमें देशभक्ति की भावना जगाने के लिए उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

# 20 को निकलेगी भव्य उत्सव यात्रा, तैयारी के जुटे जिम्मेदार

अवधनामा संवाददाता



- हिन्दू युवा वाहिनी व धर्म रक्षा मंच के संयुक्त तत्वाधान में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव यात्रा का होगा आयोजन

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** मंगलवार को शाम को पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह के आवास हिन्दू भवन पर हिन्दू युवा वाहिनी व धर्म रक्षा मंच के जिम्मेदारों के साथ बैठककर श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव यात्रा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां बांटी गई।

हियुवा के प्रदेश प्रभारी, धर्म रक्षा मंच के मुख्य संरक्षक व पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में भी बहुत उत्साह देखने को मिल रहा है। राम मंदिर में भगवान श्री राम को विराजमान करने के लिए 22 जनवरी 2024 का दिन चुना गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे देश के लोगों से उस दिन अपने आस पास के मठ मंदिरों पर उत्सव मानने का आवाहन किया हैं। इसी क्रम में 20 जनवरी दिन शनिवार को हिन्दू युवा वाहिनी व धर्म रक्षा मंच के संयुक्त तत्वाधान में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव यात्रा का आयोजन किया गया हैं। जिसमें प्रभु श्रीराम जी, भरत जी, लक्ष्मण जी, शत्रुहन जी सपत्नी, हनुमान जी व उनकी पूरी सेना की झांकी रथों पर सवार होकर शोभा यात्रा में शामिल होंगे। उत्सव यात्रा का आरंभ शाहपुर से होकर, डुमरियागंज, बांसी, नौगढ़, शोहरतगढ़, ढेबरुआ, इटवा होते हुए चौखड़ा स्थिति श्री रामजानकी मंदिर प्रांगण में यात्रा का समापन किया जायेगा। उत्सव यात्रा का जिले के विभिन्न प्रमुख चौराहों पर पुष्प वर्षा व आरती से स्वागत किया जायेगा। कार्यक्रम की सफलता हेतु प्रमुख लोगों का दायित्व निर्धारित किया गया है। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने सर्व हिंदू समाज से आग्रह किया हैं कि 20 जनवरी शनिवार को, श्रीराम जन्मभूमि के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर से पूर्व भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य घड़ी में सभी समाज के लोगों से अपील है कि वे इस यात्रा में उत्साह से भाग लें और इस आयोजन में अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने सभी से इस सांस्कृतिक और धार्मिक क्षण में भागीदारी करने और इस यात्रा को ऐतिहासिक बनाने का आवाहन किया हैं। उन्होंने सभी से इस उत्सव यात्रा के इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर सम्मलित होने का आवाहन किया हैं। इस दौरान लवकुश ओझा, चन्द्र प्रकाश चौधरी, धर्मराज वर्मा, मधुसूदन अग्रहरि, पप्पू श्रीवास्तव, अमरेंद्र त्रिपाठी, विनय पाठक, दिलीप उर्फ छोटे पाण्डेय, लालजी शुक्ला, उदय शंकर श्रीवास्तव, शत्रुहन सोनी, राजन अग्रहरि, चंद्रभान, सतीश, रामचंद्र यादव, राजेश सभासद आदि सहित अन्य जिम्मेदार लोग उपस्थित रहें।

## भाषण, निबंध, रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सांसद खेल महाकुंभ में खिलाड़ियों के बौद्धिक विकास के लिए भाषण, निबंध, रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को भी अधिकांश माध्यमिक शिक्षा विभाग के शासकीय एवं और शासकीय मान्यता प्राप्त विद्यालयों में सम्पन्न हुई। सभी प्रतियोगिताओ का समापन कल 18 जनवरी को होगा। तहसील शोहरतगढ़ के शिवपति इंटर कालेज में सांसद खेल महाकुंभ 2024 अन्तर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने युवा मतदाता भाग्य विधाता, राष्ट्र के विकास में खेलों की भूमिका, एवं सांसद खेल महाकुंभ विषयक रोचक रंगोली बनायी गयी। निर्णायक मंडल द्वारा छात्राओं को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए चयनित किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में आर्य कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बढ़नी सिद्धार्थनगर प्रथम स्थान, आनामिका मौर्य, द्वितीय स्थान, दीप्ति साहू तृतीय स्थान एवं अनोखी वर्मा तथा रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम सुजैन खान, द्वितीय स्थान नेहा गुप्ता एवं तृतीय मानसी गौण प्राप्त किया।

## बार्डर पर होने वाली किसी भी अवैध गतिविधि की सुरक्षा निकायों को दे जानकारी: राहुल राज



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** बढ़नी ब्लॉक क्षेत्र के एसएसबी कैंप महादेव बुर्जुग क्षेत्राअंतर्गत ग्राम पंचायत भवन बसंतपुर में सी समवाय एसएसबी महादेव बुर्जुग के इंचार्ज निरीक्षक /सा. राहुल राज के नेतृत्व मे नेपाल से सटे सीमावर्ती गांव के ग्राम प्रधान व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ अहम बैठक की गई। गोष्ठी में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए निरीक्षक /सा. राहुल राज ने मौजूद लोगों से कहा कि मा प्रधानमंत्री भारत सरकार के श्रीराम जन्मभूमि क्षेत्र अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा व 26 जनवरी कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र में संदिग्ध लोगों के आवागमन पर पैनी नजर रखें एव अवैध गतिविधियों व आसामाजिक तत्वों की जानकारी मिलने पर तुरंत सूचना निकटतम एसएसबी कैम्प ओर पुलिस को दें अन्य गतिविधियों पर विशेष नजर रखें। इस दौरान सी समवाय एसएसबी महादेव बुर्जुग के सह उप निरीक्षक/ सा. सुभाष कुमार, मुख्य आ./सा. एस . पी. सारथी, आ./सा. प्रवीण शैलेश, जितेंद्र, बलकार सिंह , विष्णु शर्मा, विकास कुमार, राठौर जयपाल, विजय रजक व क्षेत्र के अन्य सीमावर्ती क्षेत्र के ग्राम प्रधान व वीडीसी सहित सम्मानित नागरिक मौजूद रहें।

# हल्लौर के दरगाह में हुआ जश्न ए इमाम अली नक़ी अस का आयोजन

अवधनामा संवाददाता





- हमारे इमाम को गैबी इल्म होता है, यह खुदा की बारगाह से इल्म व हिकमत लेकर कामिल और मुकम्मल दुनिया मे तशरीफ़ लाते रहे है : जमाल हैदर

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** क्षेत्र के उपनगर हल्लौर स्थित दरगाह हज़रत अब्बास अस में बीती रात मोमनीन हल्लौर व हज़रतगंज ब्वायज कमेटी की जानिब से तरही (अली नक़ी के फ़ज़ायल की बात हो जाए) जश्ने इमाम अली नकी अस के उनवान से इमाम जुमे जमात हल्लौर मौलाना मोहम्मद अब्बास शारिब की सदारत में महफ़िल का आयोजन किया गया। जिसमें बैरूनी शायरों के साथ साथ मुकामी शायरों ने शिरकत कर इमाम अली नकी अस की शान में कलाम व कसीदे पढ़कर खूब वाहवाही बटोरी। महफ़िल का संचालन हैदर हल्लौरी ने किया। देर रात तक चली महफ़िल में काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

महफ़िल की शुरुआत क़ारी अब्बास अली ने तिलावत ए कलाम पाक व अम्बर मेंहदी के नात ए पाक से हुआ। इसके बाद इमाम जुमा व जमात हल्लौर मौलाना मोहम्मद अब्बास शारिब ने इमाम हज़रत अली नकी अस की जिंदगी पर विस्तार से रोशनी डाली। अफ़सर हल्लौरी ने तरही कलाम में कहा कि अली की आमद ए तेरह रजब से कुछ पहले, अली नक़ी के फ़ज़ायल की बात हो जाए। वहीं मुक़ामी शायरों मे जलाल अहमद मास्टर ने कहा की मिदहत अली नक़ी की मुक़द्दर की बात है, फितरत के लब पे आज समंदर की बात है। इसके बाद बैरूनी ऋषि पाण्डेय बनारसी ने नात ए रसूल पेश किया। हैदर हल्लौरी ने संचालन के दौरान कहा कि हर इक जुबां पे आज है चर्चा रसूल का, पढ़ती है कायनात कसीदा रसूल का, बस अज़्मते हुसैन बताने के वास्ते, हक़ ने तवील कर दिया सजदा रसूल का। मुक़ामी शायरो में डॉ खुर्शीद ज़फ़र, शमशाद, साबिर, अम्मार, बेताब, नफ़ीस, नौशाद, क़मर, हानी, मुमताज़, मीसम, हसन जमाल, कायनात, फ़ैज़ी, लकी, फरहान ने अपने अपने अंदाज में कलाम पेशकर खूब वाहवाही बटोरी। मेहमान शायर ऋषि बनारसी, सैफ नवाब भादवी, खुमैनी अफ़ाक़ जौनपुरी, एहतेशम जौनपुरी, फ़साहत जौनपुरी, सादिक़ भादवी, हसीन भादवी ने अपने अपने अंदाज में कलाम पढकर महफ़िल में चार चांद लगा दिया। महफ़िल के बीच बीच मे नारे हैदरी या अली और हैदर हैदर की सदा फ़िज़ा में गूंजती रही। आबिद रज़ा रिज़वी जौनपुर ने कहा कि इमाम अली नकी अस की विलादत 5 रजब 214 हिजरी मंगल के दिन मदीना मुनव्वरा में हुई थी। आपका इसमें गिरामी अली आपके वालिदे माजिद हज़रत इमाम मोहम्मद तकी अस ने रखा था। आपकी कुन्नियत अबुल हसन थी। आपके अलक़ाब बहुत ज़्यादा है जिनमें नकी, नासेह, मुवक्किल, मुर्तज़ा और अस्करी ज़्यादा मशहूर है। अंत मे ज़ाकिर ए अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई ने हज़रत इमाम अली नकी अस के इल्म पर रोशनी डालते हुए कहा कि हमारे इमाम इल्मे ग़ैब खुदा की बारगाह से लेकर आते हैं इन्हें किसी से इल्म हासिल करने की ज़रूरत नही होती है और इन्होंने किसी दुनियां वालो के सामने इल्म पाने के लिए नही झुके। ज़ाती इल्म व हिकमत के अलावा अपने आबाओ अजदाद से मज़ीद शरफे कमाल हासिल किया यही वजह है कि इंतेहाई कमसिनी में भी यह दुनियां के बड़े बड़े आलिमों को शिकस्त देने में हमेशा कामयाब रहे जब किसी ने अपने को इनकी किसी फर्द से ऊपर समझा तो वो ज़लील होकर रह गया फिर इनके आगे सर झुकाने पर मजबूर हो गया। आख़िर में सिकरेट्री यूसुफ़ हैदर व सदर अहसन मेंहदी उर्फ भईया ने तमाम आये हुए लोगों का शुक्रिया अदा किया। इस दौरान ताक़ीब रिज़्वी, तशबीब हसन, तसकीन हैदर, काज़िम रज़ा, इन्तेज़ार हुसैन शबाब, जमाल हैदर, हसन अब्बास, वजीहुल हसन, गुलाम अली ईदू, खुशबू, मोहम्मद मेंहदी, मंज़र, महफूज़, नौरोज़, शबरेज़, अहमद अब्बास, शानू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## हर्रैया में आयुष विभाग द्वारा लगाया गया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**बस्ती (हर्रैया)।** 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने वाले श्रृद्धालुओं के लिए जगह - जगह निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है । इसी क्रम में तहसील हर्रैया में आयुष विभाग द्वारा निःशुल्क शिविर आयोजित कर अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं का इलाज किया जा रहा है। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पोखरा बाजार प्रभारी डा रमाकान्त द्विवेदी ने कहा कि यह निःशुल्क चिकित्सा शिविर 15 जनवरी से 22 जनवरी तक चलेगा ताकि अयोध्या धाम में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने वाले श्रद्धालाओं को कोई परेशानी न हो । यह सात दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर सुबह 10 बजे से शाम 04 तक तहसील हर्रैया के आस पास की जनता व अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं का इलाज किया जा रहा है और इलाज के साथ - साथ रोगों से सम्बंधित दवा का वितरण किया जा रहा है।

## नशा मुक्ति अभियान के तहत निकाली जागरूकता रैली



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** एसएसबी 50वीं वाहिनी के बढ़नी बीओपी के जवानों द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत नगर पंचायत बढ़नी के मुड़िला मोहल्ले में लोगों को जागरूक करने के लिए जागरुकता रैली निकाली गई।इस दौरान लोगों को नशे के दुष्परिणाम से अवगत कराया गया। इस दौरान एसएसबी के सहायक सेनानायक पंकज कुमार शाह ने कहा कि नशे के कारण युवा दिशाहीन हो चुका है। नशे के कारण डकैती, फिरौती और दुष्कर्म जैसी घटनाओं का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। नशे के कारण अनेक परिवार बर्बाद हो चुके हैं। गैर जिम्मेदार लोगों के कारण महिलाओं के साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म जैसी घटनाएं निरंतर बढ़ती जा रही हैं। इसलिए लोगों को अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत है। इस दौरान एसआई सत्येन्द्र कुमार, शिक्षक जुग्गीराम राही आदि मौजूद रहे।

## हल्लौर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत हल्लौर में बुधवार को अपराह्न 12 बजे विकसित भारत संकल्प यात्रा का ग्राम प्रधान ताकीब रिज़्वी व सचिव हरिशंकर सिंह द्वारा आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि व पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा नरेंद्र मणि त्रिपाठी व विशिष्ट अतिथि सासंद संयोजक कसीम रिज़्वी व मण्डल अध्यक्ष भाजपा अमरेंद्र त्रिपाठी मौजूद रहे । कसीम रिज़्वी व अमरेंद्र त्रिपाठी ने अपने सम्बोधन में सरकार की योजनाओं के बारे में बताया। नरेंद्र मणि त्रिपाठी ने कहा पिछली सरकार भ्रष्ट्राचार में लिप्त रही किन्तु योगी मोदी सरकार आम जनमानस के किचन और खेत से लेकर चांद तक देश का झंडा फहराने का काम किया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन बिना किसी भेदभाव के सभी लोंगो को मिल रहा है। आने वाले समय मे तीसरी बार मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। विभिन्न विभाग के लोगो द्वारा भी अपने विभाग में चल रही योजनाओं के बारे में बताया गया। अंत मे ग्राम प्रधान ताकीब रिज़्वी द्वारा सबका आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम का संचालन एडीओ मानसी पटेल ने किया। कार्यक्रम में मिथलेश गौतम, सलमान, महफूज़, राशिद कप्तान, अज्जू, नौरोज़, काज़िम रज़ा, सरवर मेंहदी, हेलाल अनीस, सैफ, प्रिया, कांति सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



## अनियंत्रित होकर ट्रक ने मारी रेलिंग को ज़ोरदार टक्कर

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** अनियंत्रित ट्रक फ्लाई ओवर की रेलिंग से जा टकराई, टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रक दो टुकड़ों में बंट गया। घटना देर रात जनपद मुख्यालय की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती देर रात रोडवेज के पास बने फ्लाईओवर पर अनियंत्रित होकर ट्रक रेलिंग से टकराते हुए दो हिस्सों में बंट कर पलट गई। आजमगढ़ की तरफ से आ रही ट्रक में प्लाई लदी हुई थी। हादसे में चालक और खलासी के घायल होने की सूचना है,हालांकि राहत की बात रही कि व्यस्ततम सड़क पर हुए इस हादसे में कोई और वाहन कोहरे और धुंध के चलते दुर्घटना का शिकार नही हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया और ट्रक के मलबे को सड़क से हटाने का कार्य किया जा रहा है।

## गांधी प्रतिमा के समक्ष एक दिवसीय मौन प्रदर्शन एवं लोकसभा प्रत्याशी चयन हेतु बैठक आज

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी की अति महत्वपूर्ण बैठक कल जिला कांग्रेस कार्यालय पर 11 बजे होगी तथा बैठक के बाद समस्त कांग्रेसजन राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी प्रतिमा के समक्ष एक दिवसीय मौन प्रदर्शन करेंगे।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा ने बताया कि बैठक में लोकसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक समस्त कांग्रेसजनों से उनका आवेदन बायोडाटा लिया जायेगा। बैठक के उपरांत समस्त कांग्रेसजन राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की प्रतिमा के समक्ष एक दिवसीय मौन प्रदर्शन कर अयोध्या में राष्ट्रीय नेताओं के कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेता पं अनोखेलाल तिवारी की भाजपा नेताओं द्वारा पिटाई और कांग्रेस का झंडा छीनने तोड़ने के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग करेंगे।

इसलिए सभी कांग्रेसजन इस अति महत्वपूर्ण बैठक में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और बायोडाटा जमा करें अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव और उप्र प्रभारी माननीय श्री अविनाश पांडे जी तथा उप्र कांग्रेस के अध्यक्ष माननीय श्री अजय राय जी उप्र की समस्त लोकसभा सीट पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच से प्रत्याशी चयन करेंगे इसी परिप्रेक्ष्य में यह आवश्यक बैठक आहूत की गयी है।

जनपद अम्बेडकर नगर के एआईसीसी सदस्य, समस्त पूर्व जिलाध्यक्ष, समस्त पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, पीसीसी सदस्य, जिला, ब्लाक और फ्रंटल संगठन के पदाधिकारियों से अपील है कि बैठक में समय से अवश्य पहुंचें।

## अपर जिलाधिकारी ने टांडा तहसील का किया निरीक्षण

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता द्वारा तहसील टांडा का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण पत्र को शासन के मानक के अनुसार निर्गत करने के निर्देश दिए गए रियल टाइम खतौनी को समय से जारी करने व दैवीय आपदा से संबंधित पत्रावलियों को समय अंतर्गत निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान स्वामित्व में 33 पेंडेसी पाई गई जिसे शीघ्र निस्तारित करने के लिए कहा गयाआगामी लोकसभा निर्वाचन से संबंधित सभी कार्य ठीक पाया गया जिस पर अपर जिलाधिकारी द्वारा प्रशंसा की गई तथा कार्यालय परिसर की साफ सफाई कराने के निर्देश दिए गए।

## एसपी द्वारा एसएसबी टीम के साथ मुख्यालय पर किया गया पैदल गश्त/भ्रमण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** आगामी श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह अयोध्या, गणतन्त्र दिवस व शान्ति व्यवस्था आदि के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक द्वारा एसएसबी टीम, बम डिस्पोजल स्क्वाड व डाग स्क्वाड के साथ जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा सौहार्दपूर्ण माहौल बनाये रखने व आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास एवं सुरक्षा के भाव को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बुधवार को थाना सिद्धार्थनगर के कस्बा सिद्धार्थनगर में मुख्य रुप से रेलवे स्टेशन, भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों/वस्तुओं की पैदल गश्त/चेकिंग किया गया तथा आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया तथा 22 जनवरी तक अयोध्या भ्रमण न करने हेतु अपील की गयी। पैदल गश्त के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, कमाण्डेन्ट एस एस बी, क्षेत्राधिकारी सदर व प्रभारी निरीक्षक थाना सिद्धार्थनगर, एसएसबी के अधिकारी / कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## भीषण ठण्ड से बचाव हेतु डीएम ने बांटे ग़रीबों को कम्बल

**अम्बेडकरनगर।** जनपद में पिछले कई दिनों से हाड़ कंपा देने वाली ठंड पड़ रही। बर्फीली ठंड हवाओं का सिलसिला लगातार जारी है। बीते चार दिनों से धूप नहीं निकल रही, जिससे आम जनजीवन प्रभावित है। खासकर वैसे लोगों की परेशानी बढ़ गई है, जो आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण गर्म कपड़े खरीद पाने में खुद को सक्षम नहीं पा रहे। शीतलहर के बीच शहर के ऐसे लोग प्रशासन के स्तर से व्यवस्था किए गए अलाव से सर्दी से खुद को बचा रहे। भीषण ठंड में परेशान ऐसे ही गरीबों और जरुरतमंद लोगों के लिए जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने खास कदम उठाया। उन्होंने सर्दी में ठिठुर रहे गरीबों को कंबल दिया। शीतलहर के बीच जिला प्रशासन की नजर उन गरीबों की ओर गई है, जो हड्डी गला देने वाली इस ठंड में जैसे-तैसे समय काट रहे हैं। जिलाधिकारी ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में मुसहर प्रजाति/असहाय /आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को कुल 235 कंबल वितरण किया।

## केंद्र और प्रदेश सरकार ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हर व्यक्ति को लाभ पहुंचाया है

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** बुधवार को भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र की अध्यक्षता में संगठनात्मक बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सचान मौजूद रहे। बैठक में चल रहे अभियानों की समीक्षा की गई जिसमें विकसित भारत संकल्प यात्रा, नमो एप्प, बूथ प्रबन्धन, पीएम विश्वकर्मा, दीवाल लेखन, जवाईनिग कमेटी, लाभार्थी सम्पर्क, 22 जनवरी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम, गांव चलो अभियान, नव मतदाता अभियान, सहकारिता विभाग, मन की बात, लोकसभा विस्तारक जैसे अभियानो की समीक्षा की गई।

मुख्य अतिथि ने कहा पार्टी ने जितने अभियान चलाए है ये सभी अभियान महत्वपूर्ण है। 28 जनवरी को बस्ती जनपद के कार्यकर्ताओं को अयोध्या में राम लला का दर्शन होगा लेकिन उसके पहले प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम को सभी कार्यकर्ताओं को सुनना है। केंद्र और प्रदेश सरकार ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हर व्यक्ति को लाभ पहुंचाया है। विपक्ष अब सोच ही नही पा रहा है कि लोकसभा की सुरुआत कहा से की जाए। जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहां हमे हर एक बूथ को सशक्त करना है। पन्ना प्रमुख की भूमिका सबसे अग्रिम है। 22 जनवरी को हम सभी कार्यकर्ता अपने निकट मंदिरों पर व्यवस्थित रूप से सजावट कर घरों में दीवाली मनाएंगे। 28 जनवरी को प्रत्येक बूथ से 5 कार्यकर्ता अयोध्या चलेंगे और भव्य राम मन्दिर का दर्शन करेंगे। जिसके लिए पहले से ही रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है। विकसित भारत संकल्प यात्रा लगभग 26 जनवरी को समाप्त हो रही है, इसके बाद गावँ चलो अभियान की सुरुआत होगी। इस मौके पर विधायक अजय सिंह, रवि सोनकर दयाशंकर मिश्र प्रेम सागर त्रिपाठी यशवंत सिंह पवन कसौधन महेश शुक्ला राम सिंगर ओझा अनिल दुबे, भानु प्रकाश मिश्रा प्रत्यूष विक्रम सिंह अमृत कुमार वर्मा श्रुति अग्रहरि राजेश पाल चौधरी सुरेंद्र सिंह भोला निषाद दिलीप पाण्डेय होली सिंह जॉन पांडे शालिनी मिश्रा मानस भूषण राम त्रिपाठी दुष्यंत विक्रम सिंह अमरेश पांडे रामचरण चौधरी सहित जिला पदाधिकारी और मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत चौपाल कार्यक्रम का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** विकास खंड मिठवल अंतर्गत ग्राम पंचायत सेहरी बुजुर्ग में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बुधवार को चौपाल कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान इफ्को की ओर से ड्रोन कैमरे के माध्यम से नैनो यूरिया, नैनो डीएपी के छिड़काव की जानकारी दी गई। किसानों को खेतों में प्रयोग करने का आह्वान किया गया। चौपाल कार्यक्रम में किसानों को खेती-किसानी से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। रबी और खरीफ फसल के सीजन में किसानों को बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया। इफको के क्षेत्राधिकारी अरविंद प्रताप ने बताया कि नैनो उर्वरक फसलों के पत्तियों पर उपस्थित रंधो के माध्यम से पौधे में संचरण होता है। पौधों को पोषक तत्व प्रदान करता है। इस मौके जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुंवर विक्रम सिंह ने कहा कि देश और किसान हित में नैनो उर्वरक का काफी महत्व है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्य नाथ की अगुवाई में किसानों के हित में कई अहम निर्णय लिए गए। आने वाले दिनों में किसान के साथ देश भी समृद्धि होगा। इसमें केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह और प्रदेश के सहकारिता मंत्री की भूमिका अहम होगी। चौपाल कार्यक्रम में सहकारी समिति के सचिव रामफेर यादव समेत मुनिराम, महेश कुमार, राजू, बजरंगी, दिनेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## मन्दिर पर स्वच्छता व दीवार लेखन अभियान की शुरुआत



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** प्रधानमंत्री जी के आवाहन पर चल रहे स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत तिलकपुर मन्दिर पर प्रभारी मंत्री ने साफ सफाई की गई तथा दीवार लेखन अभियान की सुरुआत की। बताते चले कि भाजपा का दीवार लेखन अभियान सोमवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा शुरू हो गया है। इसी क्रम में प्रभारी मंत्री राकेश सचान व जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने अभियान की शुरुआत तिलकपुर में दीवार लेखन का शुभारंभ किया। उन्होंने दीवार पर कमल का फूल बना फिर एक बार मोदी सरकार का नारा लिखा गया। अभियान अब जिलों में जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में शुरू होगा। अभियान को मंडल और बूथ स्तर तक चलाया जाएगा। इसमें भाजपा और केंद्र सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने का काम किया जाएगा।

## भूटान के नये प्रधानमंत्री

भूटान में शेरिंग तोबगे पाच साल सत्ता से बाहर रह कर चुनाव में माओ समर्थक पार्टी को हरा कर पीएम बने है। सीमा पर खतरों के देखते हुये उनका चुना जाना भारत के लिये लाभकारी है कि वे भारत के विश्वासनीय मित्र है। चीन भूटान के डोकलाभ को अपना बताता है। यह बहुत संवेदनशील भूभाग है। सैन्य और सीमा सुरक्षा के लिये बहुत महत्वपूर्ण है जहां चीन हमेशा अतिक्रमण करने के प्रयास के साथ-साथ कुछ न कुछ आशान्ति फैलाता रहता है। डोकलाभ के पास एक त्रिकोण बनता है भारत चीन भूटान वाला। पूर्वी भारत असम और अन्य प्रदेशों को जोड़ने वाला। सीलीगुड़ी गलियारा जिसे चिकेन लेन भी कहते है राजनीतिक और सामरिक दृष्टि से भारत के लिये अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इसीलिये चीन की ललचाई निगाह उस पर हमेशा बनी रहती है। इसके काट में भूटान में एक मित्रवत शासन भारत के लिये वरदान से कम नहीं है। क्योंकि सीमा पर यहां भारत को एक विश्वस्त्र प्रहरी मिल गया है।

माओ डाग ने कभी कहा था। तिब्बत चीन की कटी हुई हथेली है जो 1949 में जुड़ गई। अब पांच उगलियां है जोड़ने हेतु। अंगूठा नेपाल, तर्जनी भूटान, मध्यमा अरूणाचल प्रदेश, अनाभिका लद्दाख और छठी उंगली सिक्किम है। भारत के हितो के विरोध में कितना विनाशकारी बयान है। सामरिक दृष्टि से भूटान भारत के हिमाचल नीति का अनिवार्य अंग है।

प्रधानमंत्री अपने पहली विदेश यात्रा में भूटान गये थे। वहां सुप्रीम कोर्ट के परिसर का उद्घाटन किया था। आईटी और डिजिटल क्षेत्र में पूरी मदद देने का वादा भी किया था। यह यात्रा राजा जिग्में खेसर नाग पालवां चुक और टोबेगे के निमन्त्रण के बाद हुई थी। मीडिया ने इसे आकर्षक आक्रमक कहा था। 2015 में वाइब्रेन्ट गुजरात समारोह में इस प्रधानमंत्री ने भाग लिया था। उन्होंने विश्व के उद्योगपतियों को भूटान में व्यापार के लिये आमन्त्रित किया था। 2020 मोदी ने इस इवेन्ट का आयोजन किया था।

शेरिगे तोबगे शासन के प्रति बड़ा मानवीय दृष्टिकोड रखते है जो आम राजनितिज्ञों की सोच से अलग है। वह अपने नागरिको की खुशहाली के स्तर को माफकर समृद्धि भापते है। आय और निजी सम्पत्ति को इस मामले से अलग रखते है। कुछ बुनियादी भौतिक जरूरतों को छोड़कर भौतिक वस्तुओं की अधिक खपत खुशी की गारन्टी नहीं मानते है। अर्थशास्त्री बताते है सकल घरेलू उत्पाद और जीवन स्तर के बीच सम्बन्ध तब टूट जाता है जब किसी भी देश को सामाजिक समस्याओं से निपटने के लिये खर्च बढ़ाना पड़ता है। तोबेगो बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, राष्ट्रीय कर्ज को समन्यवित करने पर जोर देते है। भ्रष्टाचार रोकने और आबादी से बातचीत करने में ज्यादा ध्यान केन्द्रित करते है।

इन मानवीय भावनाओं से भरे भूटान के प्रधानमंत्री विश्वसनीय मित्र रूप मिले है जो सुरक्षा की दृष्टि से वरदान की तरह है। उनके नेतृत्व भूटान भारत के सीमा पर सजग और विश्वासनीय प्रहरी की तरह भारत से मिल कर काम करेगे। ये दोस्ती कभी न टूटे।

(के विक्रम राव के लेख पर आधारित)

## गांव-गांव तक पहुँच रहा पीने का साफ़ पानी


प्रेमशीला देवी

देश के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने वर्ष 2019 में 'हर घर नल जल योजना' की शुरुआत की थी। इस योजना ने पिछले पांच वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर बदल दी है। इसका सबसे सकारात्मक प्रभाव लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ा है। जो पहले से काफी बेहतर होने लगी है। वर्तमान में, देश के कई ज़िले ऐसे हैं जहां के ग्रामीण क्षेत्रों में यह योजना शत प्रतिशत सफल हो चुकी है यानी वहां के हर घर में नल के माध्यम से पीने का साफ़ पानी पहुंच रहा है। इन्हीं में एक बिहार भी है। अप्रैल 2022 की रिपोर्ट के अनुसार बिहार के 38 में से 14 ज़िलों के 99 प्रतिशत घरों में इस योजना के तहत पीने का साफ़ पानी उपलब्ध हो रहा है। छोटी आबादी वाले ज़िलों में जहां अरवल प्रथम है वहीं बड़ी आबादी वाले ज़िलों में गया इस दिशा में तेज़ी से प्रगति कर रहा है। इन्हीं में एक गया ज़िले का उचला गांव भी है। जिला मुख्यालय से करीब 55 किमी दूर रौशनगंज पंचायत स्थित इस गांव के लगभग हर घर में नल जल योजना के तहत लोगों को पीने का साफ़ पानी उपलब्ध हो रहा है। अनुसूचित जाति बहुल इस गांव में लगभग 350 परिवार रहते हैं। जिन्हें प्रतिदिन पीने का साफ़ पानी उपलब्ध हो रहा है। इसका सबसे सकारात्मक प्रभाव महिलाओं और बच्चों के जीवन पर पड़ रहा है। जिन्हें न केवल हैंडपंप के दूषित पानी से छुटकारा मिल गया है बल्कि पहले की अपेक्षा स्वास्थ्य भी बेहतर रहने लगा है। इस संबंध में गांव की एक 22 वर्षीय महिला मीरा देवी कहती हैं कि पिछले वर्ष उनका इस गांव में विवाह हुआ है। यहां नल के माध्यम से पीने का पानी देख कर उन्हें बहुत ख़ुशी हो रही है। वह बताती हैं कि उनके पीहर में लोग हैंडपंप का पानी पीते हैं, जिससे हमेशा उनका स्वास्थ्य ख़राब रहता है, बच्चे बीमार रहते हैं। लेकिन यहां उसके विपरीत परिस्थिति देखने को मिली है। नल से स्वच्छ जल की वजह से बच्चे बहुत कम बीमार नज़र आते हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन सुबह, दोपहर और शाम दो घंटे के लिए पानी आता है, जो सभी के पीने और जमा करने के लिए पर्याप्त होता है। वहीं अनुसूचित जाति से संबंधित 45 वर्षीय एक महिला मनोरमा कहती हैं कि नल से पीने का पानी प्राप्त करना हमारे लिए किसी स्वप्न से कम नहीं है। हमें विश्वास नहीं होता है कि सरकार हम गरीबों के घर तक नल लगा देगी। इसके लिए हमें कोई पैसा भी नहीं देना पड़ता है।

वहीं 35 वर्षीय मंजू देवी कहती हैं कि पहले हम सभी हैंडपंप का पानी पीते थे, जिससे अक्सर बीमार रहते थे। बच्चों की तबीयत लगातार ख़राब रहती थी। लेकिन पिछले साल योजना के तहत जबसे हमारे घर में नल लगा है, हमारे स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव पड़ा है। अब घर में कोई बीमार नहीं रहता है। बच्चों की सेहत भी अच्छी रहने लगी है। यह इस योजना की बदौलत संभव हुआ है। वह कहती हैं कि कभी कभी जब लंबे समय के लिए गांव में बिजली चली जाती है तो नल से पानी भी नहीं आता है। ऐसे में हमें मज़बूरी में हैंडपंप का इस्तेमाल करना पड़ता है। मंजू देवी कहती हैं कि उन्होंने 12वीं तक पढ़ाई की है, ऐसे में उन्हें सरकार के द्वारा किये जाने वाले प्रयासों की काफी जानकारी है। वह हर घर नल जल योजना के लाभों और सरकार के प्रयासों से बखूबी परिचित हैं। मंजू की पड़ोसी ललिता देवी कहती हैं कि गया में अन्य ज़िलों की अपेक्षा गर्मी अधिक पड़ती है, ऐसे समय हैंडपंप का पानी भी काफी नीचे चला जाता था। जिससे हम सभी को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब जब से नल लगा है किसी भी मौसम में पीने के पानी की कोई समस्या नहीं होती है।

वहीं 36 वर्षीय संजू देवी कहती हैं कि गांव में उच्च जाति के लोगों के कुछ ही घर हैं। जो सभी सुविधाओं से लैस हैं। उनके घर नल के माध्यम से पीने के पानी सुविधा भी थी। लेकिन हम अनुसूचित जाति के लोगों को पहले पीने के साफ़ पानी के लिए या तो हैंडपंप का सहारा था या फिर उच्च जाति के लोगों के सामने पानी के लिए गिड़गिड़ाना पड़ता था। लेकिन अब ऐसी कोई समस्या नहीं है। हमें भी उनकी तरह (उच्च जाति के लोगों) नल के माध्यम से पीने का साफ़ पानी मिलता है। 55 वर्षीय मनवा देवी कहती हैं कि नल जल योजना ने उचला गांव के गरीबों की किस्मत बदल दी है। अब लोग बहुत कम बीमार पड़ते है। गंदा पानी पीने की वजह से बीमार पड़ने वालों की संख्या अब नाममात्र की रह गई है। सबसे अच्छा लगता है कि अब हमारे बच्चे स्वस्थ रहने लगे हैं। उनके इलाज पर होने वाला खर्च बचने लगा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

श्रीराम भारत के प्रकाश हैं और भारत विश्व का प्राणाधार। राम, भारत और विश्व को अन्योन्याश्रित संबंध है। व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और सृष्टि का प्रत्येक अंश राम का अंश है। रामांष होने का अर्थ है जीवन की अनगढ़ता का अंत और अनगढ़ कृत्यों के अपराध से मुक्ति। अनगढ़ अर्थात् असंस्कृत कृत्यों के अपराध से मुक्ति अर्थात् मंगलमय जीवन का प्रारंभ। यह मंगलमयता व्यक्ति को समाज, राष्ट्र और विश्व के साथ एकात्म करती है। मंगलमयता ही परिवर्तन का बीज है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि विभेदकारी राजनीति द्वारा क्षतिग्रस्त भारतीय समाज की संरचना दिन-प्रतिदिन बिखरती गई। श्रीराम से जुड़कर उसे एक बार फिर एकात्मबोध को संदेष मिला है।

# श्रीराम की जीवनधारा किसी को किनारे छोड़कर आगे नहीं बढ़ती


आशीष वशिष्ठ

भारत के राम भारत राष्ट्र के हृदय की धड़कन हैं। राम राष्ट्र हैं। वे भारत राष्ट्र की पहचान हैं। राम का नाम लेकर यहां का वासी अपनी जिंदगी की घड़ियां गुजारता है। राम उसके भगवान हैं मर्यादा पुरुष भी। राम स्वयं काल हैं, वे काल सत्य हैं। वे खण्डित नहीं, अखण्ड हैं। उन्हें काल खण्डों में नहीं बांटा जा सकता। श्रीराम भारत राष्ट्र की शक्ति हैं। वे राष्ट्रीय ऊर्जा से स्रोत है। वे राष्ट्र के शरीर भी हैं और मन भी। ईश्वरीय सत्ता श्रीराम का शरीर धारण करके भारत भूमि पर उतरी थी। वे संपूर्ण मानवीय चेतना और संवेदना का पुंज थे। श्रीराम ने मनुष्य को मनुष्य का आचरण बताया था। मनुष्य को उत्कर्ष और उत्सर्ग की कला सिखायी थी। राम का जीवन आदि, मध्य और अन्त की कथा नहीं है। वह सनातन हैं, निरन्तर हैं, नित्य हैं, नूतन हैं। सार्वकालिक और सार्वभौमिक हैं। श्रीराम के चरित्र के साथ ही मानव समाज के लिए उदात्त मानवीय आदर्शों का प्रणेता उपस्थित होता है। श्रीराम, जो राजतंत्र को लोकतंत्र का स्वरूप प्रदान करते हैं, विवष और संकटग्रस्त होकर भी कभी नहीं टूटते हैं, स्वयं शोषित रहकर जन-जन को परिपोषित करते हैं, विपरीत परिस्थितियों में भी निष्ठा, उदारता, सरलता, सहिष्णुता से विचलित नहीं होते हैं, वे ही भारतीय चिन्तन में मानवीय अवधारणा के प्रतिरूप हैं।

इस देश को प्रेरणा के लिए चाहिए प्रकाश पुंज साक्षात उदाहरण, कोई ऐसा ज्वलंत जीवन जो देशवासियों का केंद्रबिंदु हो। भारत के पास यह ज्वलंत जीवन है। उसके पास उसका राम है। यहां की जनता अपने राम से जुड़ रही है। वह अपने देष की राजनीति को राम केंद्रित बना रही है कि कोई व्यक्ति या दल देष केषासन तंत्र का उपयोग और संचालन अपने लिए नहीं, सबके सुख, सबकी समृद्धि और सबकी निरामयता के लिए करे। श्रीराम भारत के प्रकाश हैं और भारत विश्व का प्राणाधार। राम, भारत और विश्व को अन्योन्याश्रित संबंध है। व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और सृष्टि का प्रत्येक अंश राम का अंश है। रामांष होने का अर्थ है जीवन की अनगढ़ता का अंत और अनगढ़ कृत्यों के अपराध से मुक्ति। अनगढ़ अर्थात् असंस्कृत कृत्यों के अपराध से मुक्ति अर्थात् मंगलमय जीवन का प्रारंभ। यह मंगलमयता व्यक्ति को समाज, राष्ट्र और विष्व के साथ एकात्म करती है। मंगलमयता ही परिवर्तन का बीज है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि विभेदकारी राजनीति द्वारा क्षतिग्रस्त भारतीय समाज की संरचना दिन-प्रतिदिन बिखरती गई। श्रीराम से जुड़कर उसे एक बार फिर एकात्मबोध को संदेष मिला है। श्रीराम भारतीय सामाजिक संरचना के संवेदनषील तंतु और तत्व ही नहीं हैं, वे राष्ट्रीय अखण्डता की आधारभूमि भी हैं। श्रीराम परिवर्तन का नाम है। संबंधों और संबोधनों तक में परिवर्तन परिलक्षित हो रहा है। भाषा और भावनाएं परिवर्तित हो रही हैं। परिवार, व्यक्ति, समाज और राष्ट्र की धारणा और अवधारणा भी बदल रही है। जो लोग देश–दशा का दर्शन केवल समाचार पत्रों या न्यूज



चैनल के समाचारों और शीर्षकों से करते हैं वे निराश हैं, किंतु जो देश की धरती पर लिखे जा रहे इतिहास के संदेश और सामचार से जुड़े हैं वे आशान्वित हैं। वे उज्जवल भविष्य का दर्शन कर रहे हैं। समाचार पत्रों, न्यूज चैनलों, गोष्ठियों और डिबेट में जिस तरह की चर्चा होती है वह असली भारत नहीं है। वह भारत का यर्थाथ भी नहीं है। वे सभी वास्तविकता से कटे हुए है। संदर्भहीन हैं। असली भारत देशवासियों के मन में, खेत खलिहानों में, कर्मरत किसानों में, युवकों के अंतःकरण में स्फुरित हो रही आस्था में अपना नवीन रूपाकार ग्रहण कर रहा है। विकृत बुद्धि वाले लोग परेशान ही इस कारण से हैं कि उनके थोथे चने का बजना बंद हो रहा है। ये जितना अधिक जोर से चीखेंगे, उनकी आवाज जितनी अधिक ऊंची होती जाएगी, श्रीराम के भारत के उदय की संभावना उतनी ही सबल और उतनी ही समीप आती जाएंगी।

श्रीराम मंदिर निर्माण के कारण हो रहे मंगलमय परिवर्तन का सर्वत्र अनुभव किया जाने लगा है। श्रीराम की चेतना के कारण मानवता के विकास की दिशा स्पष्ट हो रही हैं। भारत की चिरगरिमा प्रतिष्ठा पा रही है। भारत अपनी विसंगतियों को दूर करने की दिशा में प्रवृत्त हो रहा है। भारत की राष्ट्रीय अस्मिता वास्तविक रूप में अभिव्यक्त होने को है। जो लोग श्रीराम को स्वीकार नहीं करते वे सीधे और स्पष्ट शब्दों में उन्हें नकार भी नहीं पा रहे हैं। समस्त विष्व को प्रभावित करने में श्रीराम मंदिर की महान् भूमिका का महत्व मौनभाव से ही सही, स्वीकार किया जाने लगा है। श्रीराम के भाव और कर्मतंतु से जुड़े इस देश में अब सब कुछ बदलने की स्थिति में है। परिवर्तन षिषु के जन्म के पूर्व की सुखद पीड़ा आरंभ हो चुकी है। 22 जनवरी को भरी दुपहरी में यह परिवर्तन श्रीराम की तरह संपूर्ण भारत भूमि और देशवासियों के मन में जन्म लेगा और सब कुछ बदला-बदला सा नहीं, बदला हुआ होगा। यह आश्वासन मेरा नहीं, अपने देश के तपस्वी और त्रिकालदर्शी सिद्ध पुरुषों का है।

हम, हमारा समाज और राष्ट्र परेशान क्यों हैं? केवल इसलिए कि व्यक्ति समाज और राष्ट्र जीवन का उलझा हुआ संबंध अभी तक सुलझ नहीं पाया, उसे व्यवस्थित नहीं किया गया, उसे व्यवस्थित नहीं किया जा सका। विकास की दिशा निश्चित नहीं की जा सकी। श्रीराम आज व्यक्ति समाज और राष्ट्र के जीवन चरित्र के रूप में एक बार सबके सामने खड़े हैं। विकास की अपराधी अवधारणा की कलई खुलने लगी है और उलझा संबंध अब सुलझने सुधरने लगा है। गत 76 वर्षों में यह प्रथम बार हुआ है कि सत्तातंत्र और राजनीति अर्थतंत्र की जमीन से आस्था की भूमि की ओर मुड़ रही है। अर्थतंत्र में उलझी राजनीति श्रीराम की जनआस्था पर आरूढ़ होकर चिरगुलामी और गुलामी के प्रतीकों से मुक्त हो रही है। अर्थतंत्र ने ही इस देश को मुगलों और अंग्रेजों की गुलामी में जकड़कर उनकी सत्ता की स्थापना की थी। मुगलों की विलासिता और अंग्रेजों की लूट ने देष को कंगाल और कमजोर किया। भारत की राजनीतिक दासता का दोषी अर्थतंत्र है। जो लोग पैसे को ही परमेश्वर मानते हैं, उनके ही आश्रम में कांग्रेस कल्चर का विकास हुआ है। देश की राजनीति का अर्थ से आस्था की ओर मुड़ना एक शुभ संकेत है। अर्थ दासता, लोभजनित कुण्ठा और क्रूरता को जन्म देता है, उसका आयाम बहुत सीमित है। आस्था का आयाम बहुत बड़ा और बहुत व्यापक है। आस्था का तप-त्याग, सेवा-समर्पण, मैत्री और बंधुता को बोध है। उसमें अपनत्व है, सबको आत्मवत समझने की सहज प्रवृत्ति है। दुःख-दारिद्र्य के प्रति दया भाव ही नहीं, उसको समाप्त करने के लिए कर्म चेतना जागृत करने की क्षमता भी है। अर्थतंत्र मुक्त राजनीति श्रीराम से जुड़ेगी तो भूख का षमन स्वतः और सहज भाव से होगा। वास्तव में, भारत का अपने राम की आस्था और आदर्शों पर लौटना किसी बाहरी दबाव के कारण नहीं हुआ। जिन लोगों को इसके कारण केवल राजनीतिक दीखते हैं, वे या तो भयंकर भूल कर रहे हैं, अथवा उन्हें संस्कृति की महाशक्ति का ठीक तरह से ज्ञान नहीं है। राम देश का स्वभाव हैं। देश उनके बिना नहीं रह सकता और यही कारण है कि जब-जब भारत अपने स्व-भाव राम की ओर बढ़ा है, तब-तब उसकी तेजस्विता बढ़ी है।

# न्याय यात्रा से कांग्रेस का कितना भला होगा!


राजेश माहेश्वरी

**पूर्वोत्तर में भाजपा के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए 26 दिन तक पूर्वोत्तर के राज्यों में राहुल की यात्रा रहेगी। राहुल गांधी सबसे ज्यादा 17 दिन असम में रहेंगे। इसके अलावा मणिपुर में चार और नगालैंड में तीन दिन उनकी यात्रा चलेगी। अरुणाचल प्रदेश और मेघालय में वे एक-एक दिन रहेंगे। सिक्किम, त्रिपुरा और मिजोरम उनकी यात्रा नहीं जाएगी। इन तीन राज्यों में चार लोकसभा सीटें हैं। यानी पूर्वोत्तर की 25 में से 21 सीटों वाले राज्यों में राहुल गांधी की यात्रा जाएगी।**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बीती 14 तारीख को भारत जोड़ो न्याय यात्रा षुरू कर दी है। यह राहुल गांधी की दूसरी यात्रा है। इससे पहले राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो' यात्रा ठीक एक साल पहले ख़त्म हुई थी। इसके तहत उन्होंने तमिलनाडु में कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक की यात्रा की थी। कांग्रेस इसे सामाजिक, धार्मिक न्याय और 'अराजनीतिक' यात्रा करार दे रहे हैं। कांग्रेसी 'न्याय' और 'सहो मत, डरो मत' के नारे लगा रहे हैं। 'न्याय यात्रा' देश के 15 राज्यों और 110 जिलों से गुजरेगी। 66 दिन की यात्रा के बाद 20 मार्च को मुंबई में इसका समापन होगा। तब तक आम चुनाव की तारीखें घोषित हो चुकी होंगी!

राहुल गांधी की भारत जोड़ों न्याय यात्रा को लेकर कई सवाल खड़े होते हैं। सवाल यह है कि राहुल गांधी आखिरकार किस 'न्याय' की बात कर रहे हैं? और किसको न्याय दिलाने के लिए वो यात्रा कर रहे हैं? लोकतंत्र में न्याय की अपेक्षा सरकार और न्यायपालिका से की जाती है। कोई ऐसी वारदात या सामाजिक दमन भारत में नहीं हुआ है, जिसके लिए 'न्याय' की गुहार या उद्घोष किया जाए। या फिर हजारों किलोमीटर की लंबी यात्रा निकालने को विवश होना पड़ा। इस यात्रा से पहले राहुल गांधी ने भारत जोड़ों यात्रा निकाली थी। एकजुट देश राहुल गांधी को टूटा हुआ क्यों दिखाई देता है, ये भी बड़ा सवाल है। अपवाद हो सकते हैं, समस्याएं हो सकती हैं। कांग्रेस ने देश पर करीब 55 साल शासन किया है। ऐसे कौन से सामाजिक और धार्मिक अन्याय शेष रह गए हैं, जिन पर 'न्याय' का दावा किया जा रहा है? इस देश पर सर्वाधिक समय तक शासन कांग्रेस पार्टी ने किया है। ऐसे में सवाल यह है कि अगर आजादी के इतने लंबे समय बाद भी अगर देष में समस्याएं और परेशानियां हैं तो उसकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी भी उसी दल की होनी चाहिए, जिसने लंबे समय तक देश पर शासन किया।

कांग्रेस की तरफ से दावा किया जा रहा है कि राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' राजनीतिक या चुनावी यात्रा नहीं है। वास्तव में कांग्रेसजन जिस यात्रा को भारत जोड़ो न्याय यात्रा बता रहे हैं वो एक राजनीतिक यात्रा है। जिसका मकसद कांग्रेस को सत्ता में लाना है। पूर्वोत्तर भारत का मणिपुर राज्य पिछले कुछ समय से अशांत है। ऐसे में मणिपुर से यात्रा की शुरुआत कर कांग्रेस ने सिद्ध किया कि यात्रा किसी को न्याय दिलाने के लिए नहीं बल्कि राजनीति के लिए ही है। राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को कामयाब बनाने के लिए कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी। दिल्ली से इंडिगो की एक पूरी फ्लाइट बुक करके करीब 200 नेता एक साथ मणिपुर पहुंचे। इनमें कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य, महासचिव, प्रवक्ता, तीन राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के साथ-साथ सभी राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल के नेता शामिल थे। अपने तमाम



नेताओं को मणिपुर में एक मंच पर बैठकर कांग्रेस ने यहां के स्थानीय लोगों को यह संदेश देने की कोशिश की है कि पूरी कांग्रेस दुख की घड़ी में उनके साथ है। रैली के मंच से कांग्रेस के लगभग हर नेता ने प्रधानमंत्री के पिछले आठ महीने के दौरान मणिपुर नहीं आने की आलोचना की।

पूर्वोत्तर में भाजपा के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए 26 दिन तक पूर्वोत्तर के राज्यों में राहुल की यात्रा रहेगी। राहुल गांधी सबसे ज्यादा 17 दिन असम में रहेंगे। इसके अलावा मणिपुर में चार और नगालैंड में तीन दिन उनकी यात्रा चलेगी। अरुणाचल प्रदेश और मेघालय में वे एक-एक दिन रहेंगे। सिक्किम, त्रिपुरा और मिजोरम उनकी यात्रा नहीं जाएगी। इन तीन राज्यों में चार लोकसभा सीटें हैं। यानी पूर्वोत्तर की 25 में से 21 सीटों वाले राज्यों में राहुल गांधी की यात्रा जाएगी। मणिपुर से यात्रा शुरूआत हुई है, जहां लोकसभा की दो सीटें हैं। नगालैंड में एक और अरुणाचल व मेघालय में दो-दो सीटें हैं, जबकि असम में 14 सीटें हैं। इन राज्यों में राहुल गांधी 26 दिन यात्रा करेंगे। असम के अलावा बाकी किसी राज्य में कांग्रेस के पास कोई सीट नहीं है। असम में भी कांग्रेस की सिर्फ तीन सीटें हैं। इस तरह पूर्वोत्तर की कुल 25 में से कांग्रेस के पास सिर्फ तीन सीटें हैं। हालांकि हर राज्य में कांग्रेस का वोट आधार अब भी बचा हुआ है। असम में ही भाजपा को कांग्रेस से सिर्फ आधा फीसदी वोट ज्यादा मिला था। राहुल अपनी यात्रा से पूर्वोत्तर में कांग्रेस का खोया हुआ जनाधार हासिल करने की कोशिश करेंगे।

राहुल गांधी की ये यात्रा जिन लोकसभा क्षेत्रों से गुजरेगी, उनमें से मात्र 15 सीटों पर ही कांग्रेस सांसद हैं। संभव है कि कांग्रेस की यह सोच रही होगी कि वह यात्रा के जरिए बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी, महिला उत्पीड़न, कथित राजनीतिक अहंकार, अमीर-गरीब की खाई, आम आदमी को स्वाभाविक न्याय आदि मुद्दों पर व्यापक जनमत तैयार कर सकती है! बहरहाल उसे चुनाव स्पष्ट कर देंगे। कांग्रेस जातिवाद और मुस्लिमवाद की सियासत करती रही है। कर्नाटक और तेलंगाना के जनादेश इसके जीवंत उदाहरण हैं।

इस यात्रा के लिए भी कांग्रेस ने गठबंधन के घटक दलों को विश्वास में नहीं लिया, लिहाजा सभी असमंजस में बयान दे रहे हैं। अलबत्ता कुछ दलों के नेता यात्रा में जरूर शामिल होंगे। कांग्रेस को ये देखना और सोचना चाहिए कि भाजपा ने पांच राज्यों के चुनावों से फुर्सत होने के बाद एक दिन भी व्यर्थ नहीं गंवाया और लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई। जिन सीटों पर वह 2019 में हारी थी उनके उम्मीदवार वह जल्द घोषित करने के संकेत दे रही है । इसी तरह जिन राज्यों में कमजोर है उनमें भी उसने मोर्चेबंदी शुरू कर दी है। इसके विपरीत कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर उठने वाले मुद्दों पर अपनी नीति स्पष्ट करने असमर्थ नजर आ रही है।

इसका सबसे नया उदाहरण राममंदिर के शुभारंभ पर अयोध्या में आयोजित समारोह में शामिल न होने का निर्णय लेने में किया गया विलंब है। इसके कारण पार्टी का एक बड़ा वर्ग अपने को असहज महसूस कर रहा है। कुछ ने खुलकर शीर्ष नेतृत्व के फैसले को आत्मघाती बताने में हिचक नहीं की। राहुल को यद्यपि न्योता ही नहीं मिला किंतु इस ज्वलंत विषय पर वे स्पष्ट रूप से कुछ नहीं बोल सके। ऐसे में आवश्यकता इस बात की थी कि वे बजाय सवा दो महीनों की लंबी यात्रा निकालने के, गठबंधन के घटक दलों के बीच सामंजस्य बिठाने का काम करते, जिनके बीच वैचारिक मतभेद और महत्वाकांक्षाओं का टकराव सर्वविदित है। राहुल गांधी की ये यात्रा जिन 15 राज्यों से गुजरेगी, उन राज्यों में लोकसभा की कुल मिलाकर 357 सीटें हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन को देखें तो इन राज्यों में कांग्रेस की स्थिति बहुत ही खराब है। कितनी खराब इसका अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि इन 357 सीटों में पार्टी महज 14 पर ही जीत हासिल कर पाई थी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा वाले राज्यों में से 5 तो ऐसे हैं जहां 2019 में कांग्रेस खाता तक नहीं खोल पाई।

# रामभद्राचार्य श्रीराम के अद्भुत शिल्पकार एवं व्याख्याकार


ललित गर्ग

देश में कितने ही पवित्र संत, गुरु, ऋषियों ने अपने दैवीय शक्ति, आनंद, प्राचीन ग्रंथों के ज्ञान और आध्यात्मिक ज्ञान के साथ दुनिया को अलौकिक एवं चमत्कृत किया है, परम सत्ता से साक्षात्कार के लिये अग्रसर किया है। इनमें श्रद्धेय पद्म विभूषण जगतगुरु रामभद्राचार्य महाराज भी हैं, जिन्होंने श्रीरामचरित मानस एवं श्रीमद्भागवतजी का ऐसा प्रचार प्रसार किया और एक ऐसी आध्यात्मिक लहर चलायी है जिसने हर इंसान का जीवन ही बदल दिया है। अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व उनका अमृत महोत्सव भव्य रूप में आयोजित हो रहा है। टेंट से निकाल कर प्रभु को मन्दिर में प्रतिष्ठापित करने का श्रेय जिन महाशक्तियों को दिया जाता है, उनमें वे अग्रणी है और उनकी भूमिका अस्मिरणीय हैं।

दो वर्ष की आयु से ही नेत्रहीन जगदुरु श्री रामभद्राचार्यजी का नाम हिंदू समाज में बड़े ही आदर सम्मान के साथ लिया जाता है। रामभद्राचार्यजी रामानंद संप्रदाय के चार प्रमुख जगदुरुओं में से एक हैं। हिंदू धर्म में साधु-संतों का खास महत्व रहा है। वे एक सच्चे, अद्वितीय और तपस्वी संत हैं, जिन्होंने अपने प्रवचनों और ज्ञान के भंडार से भक्तों को सही मार्ग बताकर उनके जीवन का उद्धार किया है। उन्होंने अपने गहन प्रेम और भक्ति के सहारे न केवल अपने प्रभु श्रीराम एवं बिहारीजी से स्वयं साक्षात्कार किया बल्कि अपने भक्तों को भी उनसे मिलवाया। एक अद्भुत छवि, एक अद्भुत जीवन, एक अद्भुत संत, एक विलक्षण कथावाचक के रूप में उनका जीवन तनावों की भीड़ में शांति का सन्देश है, समस्याओं एवं परेशानियों के बीच मुस्कुराहट का पैगाम है, चंचल चित्त के लिये एकाग्रता एवं प्रभु श्रीराम एवं श्रीकृष्ण-भक्ति की प्रेरणा है। वे दुनियाभर के कई लोगों के लिए एक आध्यात्मिक नेता और गुरु हैं। विश्व के अनेक राष्ट्रों सहित भारत में उनकी 1275 से अधिक श्रीराम चरितमानस एवं 1115 श्रीमद्भागवत पर कथाएं सम्पन्न हुई हैं। भारतीय वांगमय के लगभग डेढ़ लाख पृष्ठों का लेखन आपने किया है। उनके मस्तिष्क में डेढ़ लाख से अधिक श्लोक रचनाएं रची-बसी हैं। वे एक घंटे में सौ से अधिक श्लोक एवं चौपाइयां बनाने की क्षमता रखते हैं। हिन्दू संस्कृति और आध्यात्मिकता के बारे में उनका ज्ञान लोगों को आत्म-प्राप्ति और सर्वोच्च शक्ति के करीब महसूस करने में मदद करता है। वे अपने मधुर भजनों को सुनाते हैं, तो वह भक्तों को दिव्य शांति और प्रेम (भक्ति) की अनूठी दुनिया में ले जाता है

जगदुरु रामभद्राचार्य का जन्म 14 जनवरी 1950 को जौनपुर के उत्तर प्रदेश में हुआ था। उनका वास्तविक नाम गिरिधर मिश्र है। बचपन में ही आंख जाने के बाद उनके सामने समस्याएं काफी अधिक थीं। लेकिन उन्होंने अपनी शारीरिक विकलांगता को अपनी ताकत बनाया। दादा ने उन्हें प्रारंभिक शिक्षा दी। रामायण, महाभारत, विश्रामसागर, सुखसागर, प्रेमसागर, ब्रजविलास जैसे किताबों का पाठ कराया। विलक्षण प्रतिभा के धनी गिरधर ने महज तीन साल की उम्र में अपनी पहली रचना अपने दादा को सुनाई तो सब दंग रह गए। जब वे पांच वर्ष के हुए तो



श्रीमद्भागवत गीता और आठ वर्ष की आयु में श्रीराम चरितमानस को पूरी तरह कठंस्थ कर लिया था। रामभद्राचार्य महान् शिक्षक, संस्कृत विद्वान, बहुभाषाविद, महामनीषी, कवि, लेखक, पाठ्य टीकाकार, कथावाचक, दार्शनिक, संगीतकार, गायक, नाटककार के रूप में भी जाने जाते हैं। उन्होंने संत तुलसीदास के नाम पर चित्रकूट में एक धार्मिक और सामाजिक सेवा संस्थान तुलसी पीठ की स्थापना की। वे चित्रकूट में ही जगदुरु रामभद्राचार्य विकलांग विश्वविद्यालय के संस्थापक और आजीवन चांसलर हैं। रामानंद संप्रदाय के चार जगदुरु में से वे एक हैं। वर्ष 1988 में उन्होंने यह पद धारक हैं। उनकी विलक्षण प्रतिभा एवं दैवीय क्षमताओं का हर कोई कायल है। वे अपने असाधरण कार्यों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मानव कल्याण को समर्पित किया। नेत्रहीन होते हुए भी उन्होंने अपनी दिव्य दृष्टि से कई भविष्यवाणियां की जिनमें कई सत्य हुई। वे केवल सुनकर ही सीखते हैं और बोलकर अपनी रचनाएं लिखवाते हैं। उन्होंने अपने विवेक प्रदीप्त मस्तिष्क से, विशाल परिकल्पना से, दैवीय शक्ति से प्रभु श्रीराम के जीवन के अन्तर्रहस्यों का उद्घाटन किया है। आपने जो अभूतपूर्व एवं अनूठी दिव्य दृष्टि प्रदान की है, जो भक्ति-ज्ञान का विश्लेषण तथा समन्वय, शब्द ब्रह्म के माध्यम से विश्व के सम्मुख रखा है, उस प्रकाश स्तम्भ के दिग्दर्शन में आज सारे इष्ट मार्ग आलोकित हो रहे हैं। आपके अनुपम शास्त्रीय पाण्डित्य द्वारा, न केवल आस्तिकों का ही ज्ञानवर्धन होता है अपितु नयी पीढ़ी के शंकालु युवकों में भी धर्म और कर्म का भाव संचित हो जाता है। ऐसा प्रतीत होता है आपका प्रभु से सीधा साक्षात्कार होता रहता है।

जुलाई 2003 में रामभद्राचार्य ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में श्रीराम जन्मभूमि बाबरी मस्जिद विवाद मामले के अन्य मूल मुकदमा संख्या 5 में धार्मिक मामलों के विशेषज्ञ गवाह के रूप में गवाही दी । उनके हलफनामे और जिरह के कुछ अंश उच्च न्यायालय के अंतिम फैसले में उद्धृत किए गए हैं। अपने हलफनामे में, उन्होंने रामायण, रामतापनीय उपनिषद, स्कंद पुराण, यजुर्वेद, अथर्ववेद सहित प्राचीन हिंदू ग्रंथों का हवाला दिया, जिसमें अयोध्या को हिंदुओं के लिए पवित्र शहर और श्रीराम की जन्मस्थली बताया गया है। उन्होंने तुलसीदास द्वारा रचित दो रचनाओं के छंदों का हवाला भी दिया, जो उनकी राय में, विवाद के समाधान के लिए प्रासंगिक हैं। पहले उद्धरण में दोहा शतक नामक कृति के आठ छंद शामिल थे, जिसमें मुगल शासक बाबर द्वारा 1528 ईस्वी में विवादित स्थल पर एक मंदिर के विनाश और एक मस्जिद के निर्माण का वर्णन किया गया था, जिसने जनरल मीर बाकी को राम मंदिर को नष्ट करने का आदेश दिया था। जो सनातन धर्मियों द्वारा पूजा का प्रतीक माना जाता है। सुप्रीम कोर्ट में राम जन्मभूमि बाबरी मस्जिद में रामभद्राचार्य की गवाही सुर्खियां बनी थीं। वेद-पुराणों के उद्धरणों एवं साक्ष्यों के साथ उनकी गवाही का कोर्ट भी कायल हो गया था। श्रीराम जन्मभूमि के पक्ष में वे वादी के तौर पर उपस्थित हुए थे, ऋग्वेद की जैमिनीय संहिता से उन्होंने उद्धरण एवं साक्ष्य दिया था। इसमें सरयू नदी के स्थान विशेष से दिशा और दूरी का बिल्कुल सटीक ब्योरा देते हुए रामभद्राचार्य ने श्रीराम जन्मभूमि की स्थिति बताई थी। कार्ट में इसके बाद जैमिनीय संहिता मंगाई गई। उसमें जगदुरु ने जिन उद्धरणों का जिक्र किया था, उसे खोलकर देखा गया। सभी विवरण सही पाए गए। पाया गया कि जिस स्थान पर श्रीराम जन्मभूमि की स्थिति बताई गई, विवादित स्थल ठीक उसी स्थान पर पाया गया। जगदुरु के बयान ने फैसले का रुख मोड़ दिया। सुनवाई करने वाले जस्टिस ने भी इसे भारतीय प्रज्ञा का चमत्कार माना। एक व्यक्ति जो देख नहीं सकते, कैसे वेदों और शास्त्रों के विशाल संसार एवं भण्डार से उद्धरण दे सकते हैं, यही ईश्वरीय शक्ति है। रामभद्राचार्य ने श्रीराम मंदिर के उद्घाटन और राम लला की प्राण प्रतिष्ठा में विपक्षी दलों द्वारा न आने के मुद्दे पर कहा कि यह 'राजनीति' नहीं बल्कि मूर्खनीति है।' राम लला की प्राण प्रतिष्ठा पर शंकराचार्यों द्वारा उठे सवाल पर भी उन्होंने कहा कि मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा शास्त्रों के अनुसार है क्योंकि 'गर्भ गृह' पूरा हो चुका है। जगदुरु रामभद्राचार्य ऐसी संत-चेतना हैं जो स्वयं प्रभु श्रीराम एवं श्रीकृष्ण-भक्ति में जागृत हैं और सबके भीतर उस भक्ति की ज्योति जलाने के प्रयास में हैं। उन्होंने अपने जीवन के 75 वर्ष के अमृतकाल में जो कुछ किया, वह न केवल भारत बल्कि दुनिया के लिये अद्वितीय, आश्चर्यकारी, अतुलनीय एवं अनूठा है।

# यूपी के छह जिलों से अयोध्या धाम के लिए शुरू होगी हेलीकॉप्टर सेवा

**लखनऊ।** योगी सरकार राम भक्तों और पर्यटकों को हेलीकॉप्टर से अयोध्या धाम के दर्शन कराएगी। सरकार प्रदेश के छह जिलों से हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध कराने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हेलीकॉप्टर सेवा की शुरुआत लखनऊ से करेंगे। सरकार की ओर से प्रदेश के छह जिलों से शुरू होने वाली हेलीकॉप्टर सेवा प्रदाता ऑपरेटर का चयन किया गया है, जो ऑपरेशनल मॉडल पर हेली सर्विसेस की सेवाएं प्रदान करेगा।

राम भक्तों और पर्यटकों को हेलीकॉप्टर सेवा गोरखपुर, वाराणसी, लखनऊ, प्रयागराज, मथुरा और आगरा से मिलेगी। वहीं आने वाले समय में प्रदेश के अन्य जिलों से भी इस सुविधा को जल्द शुरू किया जाएगा। इतना ही नहीं, योगी सरकार श्रद्धालुओं को अयोध्या नगरी और राम मंदिर के हवाई



दर्शन भी कराएगी। इसकी जिम्मेदारी पर्यटन विभाग को दी गई है। इस सुविधा के लिए श्रद्धालुओं को पहले से बुकिंग करानी होगी।

प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम भक्तों को हेलीकॉप्टर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये थे। इसी के तहत प्रदेश के 6 जिलों से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की जा रही है। यह सुविधा भक्तों और पर्यटकों को ऑपरेटर मॉडल पर उपलब्ध करायी जाएगी। इसके अलावा राम भक्तों को राम मंदिर ऐरियल दर्शन भी कराए जाएंगे। इसके लिए रामभक्त सरयू तट स्थित टूरिज्म गेस्ट हाउस के पास बने हैलीपेड से उड़ान भर सकेंगे। इसके तहत श्रद्धालुओं को राम मंदिर, हनुमानगढ़ी, सरयू घाट समेत प्रसिद्ध दर्शनीय स्थलों की हवाई सैर भी करायी जाएगी।

### ■ तय किया गया वन-वे किराया

इस हवाई सफर का अधिकतम समय 15 मिनट होगा, जबकि प्रति श्रद्धालु किराया 3,539 रुपये तय किया गया है। इस सुविधा के जरिये एक हवाई सफर का लुत्फ 5 श्रद्धालु उठा सकेंगे। इसकी भार सीमा 400 किग्रा. है। वहीं एक श्रद्धालु अधिकतम 5 किग्रा. सामान के साथ सफर कर सकेगा। इसके अलावा श्रद्धालु गोरखपुर से अयोध्या धाम के लिए हेलीकॉप्टर से उड़ान भर सकेंगे। यह दूरी 126 किमी. की होगी, जिसे 40 मिनट में पूरा किया जाएगा। इसके लिए प्रति श्रद्धालु किराया 11,327 रुपये तय किया गया है।

पर्यटन विभाग के निदेशक प्रखर मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप पहले चरण में राजधानी लखनऊ समेत 6 धार्मिक स्थलों से हेलीकॉप्टर सेवा की शुरुआत की जा रही है। वहीं आने वाले समय में मांग के अनुरुप सेवा का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्रद्धालु वाराणसी के नमो घाट से हेलीकॉप्टर की सेवा का लाभ ले सकेंगे। यह दूरी 160 किमी की होगी, जिसे 55 मिनट में पूरा किया जा सकेगा। इसके लिए प्रति श्रद्धालु किराया 14,159 रुपये तय किया गया है।

# हेट स्पीच के मामले में विधायक अब्बास अंसारी पर आरोप तय

**लखनऊ।** बीते विधानसभा के आम चुनाव के दौरान हेट स्पीच और चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के दो मामलो में आरोपी विधायक अब्बास अंसारी की पेशी कासगंज जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई। सीजेएम एमपी/एमएलए श्वेता चौधरी ने हेट स्पीच के मामले में अब्बास अंसारी आदि पर आरोप तय किए। साक्ष्य के लिए 30 जनवरी तथा दूसरे मामले मे हाजिरी के लिए 29 जनवरी की तिथि नियत की है। दोनों मामले शहर कोतवाली क्षेत्र के हैं। पहले मामले में अभियोजन के अनुसार एसआई गंगाराम बिंद की तहरीर पर शहर कोतवाली में अपराध संख्या 97/ 22 धारा 506, 171च भादवि के तहत एफआईआर दर्ज हुई। इसमें सदर विधायक अब्बास अंसारी व अन्य को आरोपी बनाया गया। आरोप था कि 3 मार्च 22 को विधानसभा चुनाव के दौरान सुभासपा के प्रत्याशी अब्बास अंसारी ने नगर क्षेत्र के पहाड़पुर मैदान में जनसभा के दौरान कहा कि मऊ के प्रशासन को चुनाव के बाद रोककर हिसाब-किताब करने की धमकी दी गई थी।

# एमएलसी मुकेश शर्मा ने की स्वच्छता अभियान और दीवार लेखन अभियान में सहभागिता

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** एमएलसी मुकेश शर्मा ने आज प्रातः उत्तर विधानसभा के जानकीपुरम क्षेत्र में सेक्टर -एफ की बूथ संख्या 315 में सिद्ध धात्री दुर्गा मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष राकेश पांडे और कार्यकर्ता गणों ने सहभागिता की।

श्रमदान के दौरान मुकेश शर्मा ने सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि यह हम सबके लिए गर्व की बात है की देश एक ऐसे व्यक्ति के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है जो जन कल्याण के साथ साथ हिंदू समाज के पुनर्जागरण का काम कर रहे हैं। नरेन्द्र मोदी की पहल से हमारे देश के संस्कार एवं संस्कृति की गौरवमई पहचान विश्व पटल पर पुनर्स्थापित हुई है। उनके आवाहन पर 22 जनवरी तक सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान जारी रहेगा। आगामी 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारियों के क्रम में बीजेपी ने दीवार लेखन अभियान प्रारंभ किया है। अभियान को गति देते हुए लखनऊ महानगर में एमएलसी मुकेश शर्मा ने उत्तर मण्डल 5 की बूथ संख्या 316 स्थित दीवार पर भारतीय जनता पार्टी का चिन्ह कमल का फूल बनाया और उसके नीचे 'एक बार फिर से मोदी सरकार' का नारा लिखा।



मुकेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में एक बार पुनः तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाना है। 2024 में हम सबका एक ही संकल्प होना चाहिए, एक बार फिर मोदी सरकार और भाजपा की सीटों की संख्या चार सौ पार।

# अयोध्या से कोलकाता व बंगलुरू के लिए शुरू हुई वायुसेवा



**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का लोकार्पण किया था। इसके साथ ही दिल्ली, मुंबई और अहमदाबाद के लिए अयोध्या से वायुसेवा शुरू हो गई थी। आज इंडियन एयरलाइंस की अयोध्या से कोलकाता और बंगलुरू के लिए भी वायुसेवा शुरू हो गई है।

उन्होंने कहा कि बीते नौ साल में यूपी एयर कनेक्टिविटी में एक प्रमुख राज्य बनकर उभरा है। प्रदेश में अब चार अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे हो गए हैं। इस मौके पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि यूपी लगातार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। अगर हम तुलना करें तो अमेरिका की 70 फीसदी आबादी के बराबर जनसंख्या यूपी में रहती है और यूरोप की आधी आबादी के बराबर जनसंख्या यूपी में रहती है।

उन्होंने कहा कि बीते नवंबर को पूरे देश ने दिवाली मनाई थी। हमने फिर 3 दिसंबर को भी दिवाली मनाई जब राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के चुनाव नतीजे आए और अब 22 जनवरी को पूरे विश्व में भगवान राम के भक्त रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर दिवाली मनाएंगे।

# रामलला आज परिसर में करेंगे भ्रमण

## शुद्धिकरण के बाद बांधी गई मूर्ति की आंखों पर पट्टी, 22 को खुलेगी

**लखनऊ।** प्रायश्चित पूजन व कर्मकुटी पूजन के साथ रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का सात दिवसीय अनुष्ठान मंगलवार से शुरू हो गया। प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य यजमान श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ अनिल मिश्र को बनाया गया है। मंगलवार को करीब तीन घंटे तक प्रायश्चित पूजा हुई। इसके बाद यजमान को सरयू स्नान कराया गया। मूर्ति निर्माण स्थल की भी पूजा हुई। चयनित मूर्ति का शुद्धीकरण करते हुए उनकी आंखों पर पट्टी बांधी गई है, यह पट्टी 22 जनवरी को खोली जाएगी।

प्रायश्चित पूजा दोपहर एक बजे विवेक सृष्टि परिसर में आचार्य अरुण दीक्षित के निर्देशन में शुरू हुई। इस दौरान मुख्य यजमान डॉ अनिल मिश्र ने सपत्नीक संकल्प लिया और पूजन शुरू किया। यह पूजन उस स्थल पर हुआ जहां रामलला की चयनित अचल मूर्ति का निर्माण किया गया है। पूजन के दौरान मूर्तिकार अरुण योगीराज भी मौजूद रहे। प्रायश्चित पूजा भगवान से क्षमा और यजमान के शुद्धीकरण के लिए होती है। प्रायश्चित पूजा के माध्यम से रामलला से क्षमा मांगी गई। ये क्षमा मूर्ति बनाने के दौरान छेनी-हथौड़ी या किसी भी वजह से उन्हें जो चोट लगी होगी, उसके लिए मांगी जाती है। इसके बाद कर्मकुटी पूजन की प्रक्रिया हुई। इस पूजन के बाद ही मंदिर और प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े कार्यक्रम की शुरुआत होती है।



### यजमान को कराया गया दशविधि स्नान

पूजन के बाद मुख्य यजमान डॉ अनिल मिश्र सरयू तट पहुंचे जहां उन्हें दशविधि स्नान कराया गया। यजमान को सबसे पहले गोमूत्र से स्नान कराया गया। इसके बाद गोदुग्ध, गोदधि, गोघृत, कुशोदक, भस्म, मिट्टी और शहद से स्नान कराए जाने के बाद अंत में सरयू जल से स्नान कराया गया। दौरान प्रायश्चित पूजा से जुड़े मंत्रोच्चार गूंजते रहे। यजमान द्वारा गोदान की रस्म भी निभाई गई। विवेक सृष्टि से शुरू हुआ अनुष्ठान अब बुधवार से राम जन्मभूमि परिसर में किया जाएगा। बुधवार को रामलला की मूर्ति परिसर में प्रवेश करेगी और मूर्ति को परिसर का भ्रमण कराया जाएगा। फिर मंदिर परिसर में बने यज्ञ मंडप में अनुष्ठान शुरू होंगे।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य यजमान श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ.अनिल मिश्र हैं। यजमान के रूप में उन्होंने मंगलवार को प्रायश्चित पूजन में हिस्सा लिया। अब वे सात दिनों तक यजमान की ही भूमिका में रहेंगे। प्राण प्रतिष्ठा कराने वाले कर्मकांडी ब्राह्मणों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, राममंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास, संघ प्रमुख मोहन भागवत और डॉ. अनिल मिश्र सपत्नीक मुख्य आयोजन के समय 22 जनवरी को उपस्थित रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी गर्भगृह में अपने हाथ से कुशा और श्लाका खींचेंगे। उसके बाद रामलला प्राण प्रतिष्ठित हो जाएंगे। इसके बाद पीएम मोदी भोग अर्पित करने के साथ ही आरती भी करेंगे।

# दीवार लेखन अभियान में एके शर्मा हुए सम्मलित



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** मध्य विधानसभा मंडल एक बूथ संख्या 271 के अंतर्गत दीवार लेखन अभियान के तहत नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने पार्टी का चिन्ह कमल का फूल, एक बार फिर से मोदी सरकार लोकसभा चुनाव 2024 के बनाकर अभियान में भाग लिया। अभियान में भाजपा महानगर महामंत्री रामवतार कन्नौजिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, मंत्री योगेन्द्र पटेल, मंडल अध्यक्ष आनंद पांडे सहित वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# रिफाइंड के डिब्बे का अनोखा इस्तेमाल, जुगाड़ से बनाया बिजली पैदा करने वाला जूता

**लखनऊ।** डिजिटल जमाने में आधुनिक युग के लोगों का दिमाग भी वैज्ञानिक होने लगा है। इसकी मिसाल लखनऊ के एक कॉलेज में आयोजित टीएलएम प्रतियोगिता में देखने को मिली।

लोग जुगाड़ की मदद से ऐसे-ऐसे आविष्कार कर देते हैं, जिससे लोग हैरान रह जाते हैं। आए दिन इंटरनेट पर भी हमें कुछ न कुछ ऐसा ही देखने को मिल जाता है, जो काफी रोचक लगता है। टीएलएम प्रतियोगिता में महाराजगंज के एक छात्र ने भी कुछ ऐसा ही आविष्कार किया है, जिससे उसकी वैज्ञानिक सोच की काफी सराहना की जा रही है।

इस प्रतियोगिता में महाराजगंज जिले के 12वीं के छात्र करन कुमार मद्धेशिया ने अपने किसान वरदान प्रोजेक्ट सभी का ध्यान आकृष्ट किया। छात्र ने एक ऐसा इलेक्ट्रॉनिक शूज तैयार किया है, जिसे पहनकर चलने से बिजली पैदा होती है। इस डिवाइस को बनाने के लिए करन ने रिफाइंड के खाली डिब्बे का भी इस्तेमाल किया है।



### ■ लोग बोले- दिमाग तो वैज्ञानिक है

शूज में पीजोइलेक्ट्रिक तत्व के माध्यम से बनने वाली बिजली से किसान खेतों में छिड़काव करने वाली मशीन चला सकते हैं। यहीं नहीं इसकी ऊर्जा से एक एलईडी भी जला सकते हैं। मोबाइल भी चार्ज कर सकते हैं। करन ने अपने प्रोजेक्ट वरदान मॉडल का पेटेंट भी करा लिया है।

दरअसल, समग्र शिक्षा माध्यमिक राज्य स्तरीय प्रदर्शनी और टीएलएम प्रतियोगिता राजकीय जुबली इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों के नवाचार दिखे। शिक्षकों ने भी अपने मॉडल से खेल-खेल में पढ़ाने का तरीका बताया।

# लविवि : नामी कंपनियों में नौकरी का मौका, इसी महीने होगा इंटरव्यू

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए विप्रो और कैपजेमिनी जैसी नामी कंपनियों में प्लेसमेंट का मौका है। विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल की ओर से इन कंपनियों में जॉब के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाना है। इसके लिए 18 जनवरी तक आवेदन करना होगा।

संकाय के प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि विप्रो एचआर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कस्टमर सर्विस रिप्रेजेंटेटिव पद पर 3.08 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज के लिए बीबीए, बीसीए, बीकॉम, बीए, बीएचएम, बीजेएमसी और बीएससी (गणित ऑनर्स, सांख्यिकी ऑनर्स, अर्थशास्त्र ऑनर्स, बीएससी -कंप्यूटर साइंस और बीएससी आईटी को छोड़कर) के छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकती हैं। लविवि के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (आईएमएस) की ओर से मंगलवार को कॉलेजों में

### ■ कॉलेजों में कौशल आधारित कोर्स के लिए प्रशिक्षण

कौशल एम्बेडेड पाठ्यक्रमों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अप्रेंटिसशिप एंबेडेड डिग्री प्रोग्राम (एईडीपी) के राज्य प्रमुख प्रो. बलराज चौहान ने इसका शुभारंभ किया।

समीर नरसापुर ने शिक्षकों को रिटेल संचालन और ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण में अप्रेंटिसशिप एंबेडेड डिग्री प्रोग्राम (एईडीपी) शुरू करने के लिए प्रशिक्षित किया। उन्होंने बताया कि इन क्षेत्रों में पर्याप्त मौके हैं। नेताजी सुभाष चंद्र बोस पीजी कॉलेज, करामत कॉलेज, गोयल कॉलेज, गौतम बुद्ध डिग्री कॉलेज, लखनऊ, दीन दयाल उपाध्याय, सरकारी पीजी कॉलेज, सीतापुर, हीरालाल यादव गर्ल्स डिग्री कॉलेज और आईएमएस के शिक्षक इसमें शामिल हुए।

# जरूरतमंदों, असहायों को बांटे कंबल, जैकेट, जूता, मोजा व टोपी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर एसोसिएशन की तरफ से सातवे दिन भी बाबा साहब पेबैक टू सोसाइटी कार्यक्रम के तहत ठंडक से बचाव के लिए गरीबों, असहयों को जैकेट, कंबल, जूता, मोजा, टोपी का निशुल्क वितरण का कार्यक्रम शुरू किया गया है। एसोसिएसन की तरफ से अब तक लगभग 10 हजार कम्बल जैकेट जूता मोजा टोपी का वितरण किया गया है ठण्ड के मद्दे नजर आगे भी मदत की जाएगी।

आज उसी क्रम में उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा उपाध्यक्ष एसपीसिंह पीएम प्रभाकर संगठन सचिव राजेश कुमार ने लोहिया पथ जिया मवू दिलकुशा मार्टिनपुरवा कैंट इलाके सहित अन्य इलाकों में जरूरतमंदों, गरीबों को कंबल, जैकेट,



जूता, मौजा व निशुल्क टोपी का वितरण किया। कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। एसोसिएशन इस कार्यक्रम को आगे बढाएगी, जिससे गरीबों, असहायों को सहयोग कर ठंडक से बचाव के लिए यथासंभव मदद हो सके।

# यश तेजवानी को 1,89,120 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस के छात्र यश तेजवानी को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका के प्रतिष्ठित एल्बियन कालेज द्वारा 1,89,120 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। सी.एम.एस. छात्र को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। यश ने इस सफलता का श्रेय सी.एम.एस. के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है।

सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट



सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है। श्री शर्मा ने बताया कि वर्ष 2023 में सी.एम.एस. के 100 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, आदि में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित किया है।

# बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता बहुत जरुरी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** 17 जनवरी को उत्तर प्रदेश फोर्सेज नेटवर्क के साथी संस्था के द्वारा उत्तर प्रदेश के 10 जनपदों में किये गए अध्यन की साझा करण बैठक लखनऊ के होटल बेबियन मे आयोजित कि गई जिसमे प्रदेश के अलग-अलग जिलों के 45 साथियों ने प्रतिभाग किया , कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि डॉक्टर हीला लाल विशेष सचिव उत्तरप्रदेश सरकार मौजूद रहे

सर्वप्रथम कार्यक्रम कि शुरुवात दीप प्रज्ज्वलन के साथ कि गई इसके पश्चात डॉक्टर हीला लाल ने बताया कि मौसम बदलाव एवं दैनिक दिन चर्या पर अगर ठीक से ध्यान दे दिया जाये तो बहुत ही सुधार पाया जा सकता है क्योकि बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ वातावरण व अपने आप को स्वच्छ रखना बहुत जरुरी है। हालांकि की आगनवाडी में मिलने वाली पोषाहार कुपोषण से निपटने के लिए विशेष भूमिका रखता हैउन्होंने बताया कि इस रिपोर्ट को उत्तर





प्रदेश के सभी जिला स्तर के बॉल विकास पुष्टाहार विभाग मे भी साझा किजानी चाहिए इसके साथ रिपोर्ट को समुदाय स्तर पर पंहुचाने में स्वयंसेवी संस्थायों की है। इसी क्रम मे फोर्सेज द्वारा किये गए अध्यन को प्रस्तुत करते हुए विनोद सिन्हा ने बताया कि 84 फीसदी आँगनवाड़ीकेन्द्रों में आगनवाडी कार्यकत्री उपलब्ध है, हालाकि आज भी कई जगह आगनवाडी के पद रिक्त है, जो लम्बे समय से भरे नहीं जा रहे है।

वही शशी भूषण ने बताया कि आंगनवाडी सेंटर मे समूहिक हाथ धोने की व्यवस्था केवल 22 फीसदी आँगनवाड़ी केन्द्रों में स्थित है,32 फीसदी केन्द्रों में स्वच्छ पीने के पानी की व्यवस्था का अभाव है। सरकार द्वारा कुपोषण के पहचान करने के लिए उपयोग में लाये जा रहे पोषण ट्रैकर ऐप की स्थिति संतोषजनक दिखाई दे रही है , लेकिन आशा कार्यकर्तियों के द्वारा पिछले 3 माह में पहचान की गयी कुपोषित बच्चों में से केवल 30 फीसदी बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में ले जाया गया। जिसका मुख्य कारण अभिभावकों का कहना है कि वे अपने बच्चों को पुनर्वास केंद्र में 14 दिनों तक भेजने पर परिवार के आजीविका का हनन होता है, जिससे परिवार चलाने में दिक्कत हो जाती है। 97 फीसदी

### ■ आँगनवाड़ी केन्द्रों में दिये जा रहे पोषण सुविधाओं की स्थिति पर की गई चर्चा

आंगनवाड़ी केन्द्रों में टेक होम राशन का वितरण सही तरीके से हो रहा है। परन्तु सभी बच्चों को आंगनवाड़ी केन्द्रों में गर्म पका हुआ भोजन दिया जाना शुरू होना चाहिए।

नेशनल फोर्सेस के चिराश्री घोश ने छोटे बच्चों के मुद्दों को प्राथमिकता में लाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा किये जा रहे पहल को और विस्तारित करने की आवश्कता पर पहल दिया, जिसमें उत्तर प्रदेश में पालनाघर को बढ़ावा देने की वकालत की। वहीं राज्य समन्वयक रामायण यादव ने फोर्सेस के गतिविधियों पर चर्चा करते हुए बताया की सरकार द्वारा आगनवाडी केन्द्रों के लिए किये जा रहे प्रयास सराहनीय है उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुपोषण कि स्थिति में अमूल चूल परिवर्तन हो रहा है किन्तु उस प्रयास को और तेज करने कि आवश्यकता है।

# 'ठुमक चलत रामचन्द्र' आधारित लघु नाटिका का मंचन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भव्य व दिव्य रामस्वरूप के दर्शन कर धन्य हुये लखनऊ उत्तर के निवासी। विशाल शोभा यात्रा प्रवाह उत्तर भाग के 09 नगरों के विभिन्न रास्तों से चल रहा था। जगह-जगह पुष्पवर्षा एवं आरती करते बड़ी संख्या में बच्चें व महिलाओं ने बालरूप भगवान श्रीराम के दर्शन कर अपने को सौभाग्यशाली बनाया।

कार्यक्रम संयोजक आत्रेय जी ने बताया कि भगवान राम की प्रेरणा से उत्तर भाग के नौ नगरों व श्रीराम एकेडमी गौरभीट, संतराम गॉडसे विद्यालय, शुक्ला चौराहा, आर्यकुलम विद्यालय रसूलपुर के भइया, बहनों की एक साथ एक ही समय पर निकली यह शोभा यात्रा आज को दोपहर 12:00 बजे सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर-कयू, अलीगंज के प्रांगण में विश्राम के लिए थोड़ी देर रूकी। विश्राम व मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से आनंदित कार्यकर्ताओं को पूर्वी उत्तर प्रदेश के सह संघ चालक रामकुमार जी का पाथेय तथा पूज्य संत कौशिक चैतन्य जी महाराज का आशीर्वचन प्राप्त हुआ।

दीप प्रज्ज्वलन के उपरान्त शुभम जी ने मंच का परिचय कराया। 'ठुमक चलत रामचन्द्र' पर प्रस्तुत लघु नाटिका सरस्वती विद्या मंदिर के भइया बहनों द्वारा प्रस्तुत किया गया। सरस्वती बालिका विद्या मंदिर की बहनों द्वारा लव-कुश काण्ड पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को त्रेतायुग की याद दिला दी। तदोपरान्त रामलला की आरती करने के बाद दोपहर 01:00 बजे शोभायात्रा पुनः चल पड़ी। सेक्टर-क्यू चौराहे से होती हुयी पुरनिया चौराहे से पुनः ध्येय आईएएस के सामने से होती हुयी विद्यालय के प्रांगण में शोभायात्रा का समापन हुआ।

# सुमित नागल ने विराट कोहली को दिया अपनी जीत का क्रेडिट, ऑस्ट्रेलियन ओपन में रचा था इतिहास





सुमित नागल ने अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल की है। टेनिस में नागल ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले दौर में वर्ल्ड नंबर 27 अलेक्जेंडर बुब्लिक को माद देकर इतिहास रच दिया। सुमित नागल ने अपने जीत का क्रेडिट भारतीय क्रिकेटर स्टार विराट कोहली को दिया है।

भारतीय टेनिस के स्टार खिलाड़ी सुमित नागल ने अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल की है। टेनिस में नागल ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले दौर में वर्ल्ड नंबर 27 अलेक्जेंडर बुब्लिक को माद देकर इतिहास रच दिया। सुमित नागल ने अपने जीत का क्रेडिट भारतीय क्रिकेटर स्टार विराट कोहली को दिया है।

सुमित ने सोनी स्पोर्ट्स को दिए इंटरव्यू में कहा कि उनकी कभी कभी विराट कोहली से बात होती है। उन्होंने कहा कि उनके लिए एक कल्पना करना मुश्किल है कि अगर जरूरत के समय कोहली ने उनकी मदद नहीं की होती तो उनकी जिंदगी कैसी होती।

सुमित नागल ने कहा कि, मैं कभी-कभी उनसे बात करता हूं। मैं उनकी फाउंडेशन का भी हिस्सा हूं। मैं उनकी तरफ से पिछले कई सालों से मिलने वाले सपोर्ट के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। आप जानते हैं किस भारतीय को क्रिकेट देखना पसंद नहीं होगा, मैं क्रिकेट को फॉलो करता हूं और जब भी मौका मिलता है तो जरूर देखता हूं।

बता दें कि नागल विराट कोहली की फाउंडेशन का हिस्सा हैं और साल 2019 में उन्होंने अपने एक बयान में बताया था कि कैसे उनके कठिन समय में उन्हें सहायता मिली थी। उस समय नागल को टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए इतने पैसे नहीं थे कि वो फ्लाइट टिकट तक बुक कर सकें।

उन्होंने बताया कि विराट कोहली का फाउंडेशन 2017 से मेरा समर्थन कर रहा है। मैं पिछले दो सालों से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा था और पैसों की कमी का सामना भी कर रहा था। अगर कोहली मेरा समर्थन नहीं करते तो मुझे नहीं पता मेरे पास क्या होता।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान टीम की शुरुआत बेहद खराब

न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान टीम की शुरुआत बेहद खराब रही है। पाकिस्तान 5 मैचों की सीरीज में शुरुआती तीन मुकाबलों में लगातार हार से सीरीज गंवा चुका है। अभी तक सिर्फ बाबर आजम ने प्रभावित किया है, उन्होंने लगातार 3 अर्धशतक जड़े हैं लेकिन उनके अलावा कोई अन्य चल नहीं पाया है। शाहीन अफरीदी की कप्तानी में पाकिस्तान टीम की शुरुआत बेहद खराब रही है। पाकिस्तान 5 मैचों की सीरीज में शुरुआती तीन मुकाबलों में लगातार हार से सीरीज गंवा चुका है। अभी तक सिर्फ बाबर आजम ने प्रभावित किया है, उन्होंने लगातार 3 अर्धशतक जड़े हैं लेकिन उनके अलावा कोई अन्य चल नहीं पाया है। वहीं शाहीन अफरीदी समेत गेंदबाज भी खूब रन लुटा रहे हैं। हार की हैट्रिक के बाद शाहीन अफरीदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बड़ी बात ही है, उन्होंने साफ किया है कि अब कई प्लेयर्स को प्लेइंग 11 से बाहर करने का समय आ गया है और बेंच पर बैठे प्लेयर्स को मौका देना होगा।

# भारत-अफगानिस्तान तीसरे टी20 के लिए बेंगलुरु पुलिस की एडवाइजरी, ट्रैफिक नहीं बनेगी मुसीबत



बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारत और अफगानिस्तान के बीच आज शाम 7 बजे तीसरा टी20 मुकाबला खेला जाएगा। इस मुकाबले के लिए बेंगलुरु ट्रैफिक पुलिस ने भीड़भाड़ से बचने और वाहनों की सुचारू आवाजाही के लिए एडवाइजरी जारी की है।

भारत और अफगानिस्तान के बीच आज शान 7 बजे तीसरा टी20 मुकाबला खेला जाएगा। ये मैच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मुकाबले के लिए बेंगलुरु ट्रैफिक पुलिस ने भीड़भाड़ से बचने और वाहनों की सुचारू आवाजाही के लिए एडवाइजरी जारी की है।

मंगलवार को पुलिस द्वारा जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि, 17 जनवरी को दोपहर 2 बजे से रात 11.30 बजे तक एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में तीसरे टी20 मुकाबले को देखते हुए ट्रैफिक से बचने के लिए खास इंतेजाम किए गए हैं। पुलिस ने स्टेडियम के आसपास वाहनों की पार्किंग को प्रतिबंधित करते हुए कहा है कि, सभी निम्नलिखित सड़कों पर सबी प्रकार के वाहनों की पार्किंग नहीं की जाएगी।

बता दें कि, इन सड़कों पर वाहनों की पर्किंग की अनुमति नहीं है

क्वींस रोड, एमजी रोड, राजभवन रोड

सेंट्रल स्ट्रीट, कब्बन रोड, सेंट मार्क्स रोड म्यूजियम रोड

कस्तूरीबा रोड, डॉ बीआर अंबेडकर रोड, लावेल रोड

विट्ठल माल्या रोड और नृपथुंगा रोड

वहीं एडवाइजरी में कहा गया है कि ये स्थान उपलब्धता पर निर्भर होंगे। पुलिस द्वारा दोहराया गया है कि, दर्शकों के अलावा अन्य सभी निवासियों से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम और उसके आसपास की सड़कों से बचने और वैकल्पिक सड़कों का इस्तेमाल करें।

# वर्ल्ड चैंपियन को मात देकर प्रज्ञानानंद नंबर एक पर काबिज, विश्वनाथन आनंद को छोड़ा पीछे



आर प्रज्ञानानंद ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए वर्ल्ड चैंपियन को पटखनी दी है। उन्होंने टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में चीन के मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन डिंग लीरेन को हराया। इस जीत के साथ ही वह दिग्गज विश्वनाथन आनंद को पीछे छोड़कर भारत के नंबर वन खिलाड़ी बन गए हैं।

भारत के युवा शतरंज स्टार आर प्रज्ञानानंद ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए वर्ल्ड चैंपियन को पटखनी दी है। उन्होंने टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में चीन के मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन डिंग लीरेन को हराया। इस जीत के साथ ही वह दिग्गज विश्वनाथन आनंद को पीछे छोड़कर भारत के नंबर वन खिलाड़ी बन गए हैं।

दरअसल, मंगलवार की रात को दर्ज की गई इस जीत से 18 वर्षीय प्रज्ञाननंदा के 2748.3 रेटिंग अंक हो गए हैं जो फिडे लाइव रेटिंग में पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद के 2748 अंकों से अधिक है। विश्व शतरंज की सर्वोच्च संस्था प्रत्येक महीने के शुरू में रेटिंग जारी करती है। प्रज्ञाननंदा ने काले मोहरों से खेलते हुए 62 चाल में जीत दर्ज की। वह आनंद के बाद दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने क्लासिकल शतरंज में मौजूदा विश्व चैंपियन को हराया।

प्रज्ञाननंदा ने इससे पहले 2023 में टाटा स्टील टूर्नामेंट में भी लीरेन हराया था। इस भारतीय खिलाड़ी ने मैच के बाद कहा कि, यह बहुत अच्छा एहसास है। प्रज्ञाननंदा के मास्टर्स ग्रुप में अब 2.5 अंक हो गए हैं और वह तालिका में तीसरे स्थान पर हैं। यह किशोर ग्रैंडमास्टर अभी अच्छी फॉर्म में है। उन्होंने पिछले साल विश्व कप में मैग्नस कार्लसन के बाद दूसरे नंबर पर रहते हुए अप्रैल में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया था।

मास्टर्स ग्रुप में नीदरलैंड के अनीश गिरी 3.5 अंक लेकर पहले स्थान पर हैं। उन्होंने भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को हराया। अलीरेजा फिरोजा के तीन अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर हैं। भारत के एक अन्य खिलाड़ी विदित गुजराती ने जॉर्डन वान फॉरीस्ट के साथ बाजी ड्रॉ कराई। गुजराती के चार दौर के बाद दो अंक हैं।

वहीं क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर ने प्रज्ञानानंद की तारीफ की है। उन्होंने ङ्क पर लिखा कि, विश्व चैंपियन डिंग लिरेन के खिलाफ इस उल्लेखनीय जीत के लिए आर प्रज्ञानानंद को बहुत बधाई। 18 साल की छोटी उम्र में आपने न केवल खेल पर अपना दबदबा बनाया, बल्कि भारत के टॉप रेटेड खिलाड़ी भी बन गए हैं।

## अफगानिस्तान का सूपड़ा साफ करने उतरेगा भारत , कुलदीप और आवेश की वापसी संभव

उन्हें आराम देने का विचार होने पर संजू सैमसन को उतारा जा सकता है। दूसरी ओर अफगानिस्तान को सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो दोनों मैचों में नाकाम रहे हैं। टीमें: भारत: रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमार। अफगानिस्तान : इब्राहिम जदरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), हजरतुल्लाह जजई, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, करीम जनत, अजमतुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, मुजीब उर रहमान, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद , नवीन उल हक, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, क़ैस अहमद, गुलबदीन नायब, राशिद खान। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे शुरू होगा।

# भारत के ओलंपिक मेजबान बनने की राह हुई आसान, मैक्सिको ने वापस लिया नाम



दरअसल, ओलंपिक 2036 के लिए भारत की मेजबानी का रास्ता साफ होता जा रहा है। अब मैक्सिको ने आधिकारिक तौर पर ओलंपिक 2036 की मेजबानी से नाम वापस ले लिया है। कड़ी प्रतिस्पर्धा का हवाला देते हुए मैक्सिको ने मेजबानी से अपना नाम वापस ले लिया है।

ओलंपिक 2036 को लेकर भारत के लिए अच्छी खबर है। दरअसल, ओलंपिक 2036 के लिए भारत की मेजबानी का रास्ता साफ होता जा रहा है। अब मैक्सिको ने आधिकारिक तौर पर ओलंपिक 2036 की मेजबानी से नाम वापस ले लिया है। कड़ी प्रतिस्पर्धा का हवाला देते हुए मैक्सिको ने मेजबानी से अपना नाम वापस ले लिया है।

प्रायोजकों के एक कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने इसकी जानकारी दी। सीओएम की अध्यक्ष मारिया जोस अल्काला ने कहा कि अब मैक्सिको अपना ध्यान युवा ओलंपिक खेलों के लिए बोली लगाने पर केंद्रित करेगा, जहां उसके पास बेहतर मौका है।

मैक्सिको ने शुरुआत में अक्टूबर 2022 में खेलों के इस महाकुंभ की मेजबानी करने का इरादा जताया था। पूर्व विदेश मंत्री मार्सेलो एबरार्ड ने सीओएम के साथ मिलकर 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने की इच्छा जताई थी। ये देश 1968 में सफलतापूर्वक ओलंपिक खेलों की मेजबानी कर चुका है और एक बार ग्रीष्मकालीन खेलों को अपनी धरती मं आयोजित करना चाहता था।

साउथ कोरिया, भारत, मिस्त्र और कतर सहित अन्य देशों से कड़ी प्रतिस्पर्धा को स्वीकार करते हुए अल्काला ने खुलासा किया कि मैक्सिको अब अपना ध्यान युवा ओलंपिक खेलों के लिए बोली लगाने पर केंद्रित करेगा।

साउथ कोरिया, मिस्त्र और कतर जैसे देश अभी भी ओलंपिक 2036 की मेजबानी में रुचि दिखा रहे हैं। कतर ने 20222 फीफा वर्ल्ड कप का सफल आयोजन किया था। साउथ कोरिया और मिस्त्र में भी बड़े खेलों के आयोजन के लिए क्षमता है। हालांकि, भारत पहली बार इन खेलों की मेजबानी के लिए दावेदार पेश कर रहा है। भारत को इसका फायदा मिल सकता है।

# सुरेश गोपी की बेटी की शादी में शामिल हुए पीएम मोदी, ममूटी और मोहनलाल



साउथ सिनेमा के अभिनेता और राज्यसभा सांसद सुरेश गोपी की बेटी भाग्य की शादी 17 जनवरी को परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में हुई। ममूटी, मोहनलाल, जयराम और दिलीप जैसे मलयालम सितारे भी शादी में शामिल हुए।

साउथ सिनेमा के अभिनेता और राज्यसभा सांसद सुरेश गोपी की बेटी भाग्य की शादी 17 जनवरी को परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में हुई। ममूटी, मोहनलाल, जयराम और दिलीप जैसे मलयालम सितारे भी शादी में शामिल हुए। इस भव्य शादी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे और नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया। सोशल मीडिया पर पीएम नरेंद्र मोदी का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वह अपने स्वागत के लिए खड़े लोगों का हाथ जोड़कर अभिवादन करते नजर आ रहे हैं।

खूबसूरत दुल्हन ने लाल कांचीपुरम साड़ी पहनी थी, जबकि दूल्हा केरल की धोती और शॉल में नजर आया। भाग्य सुरेश और श्रेयस मोहन की शादी सुबह 8:45 बजे पारंपरिक हिंदू विवाह समारोह में हुई।

17 जनवरी को सुरेश गोपी की बेटी भाग्य सुरेश की शादी बिजनेसमैन श्रेयस मोहन से हुई। इस जोड़ी के मिलन को मलयालम सिनेमा के दिग्गजों ने देखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति से समां बांधा और उनका वीडियो समाचार एजेंसी एएनआई ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर साझा किया है। प्रधानमंत्री अयोध्या में राम मंदिर के चल रहे पूजा कार्यक्रम से समय निकालकर इस शादी में शामिल हुए।

सितारों से सजे इस आयोजन को मलयालम फिल्म इंडस्ट्री की सबसे बड़ी शादियों में से एक माना जा रहा है। उत्सव में भाग लेने के लिए ममूटी और मोहनलाल पहले ही अपने परिवार के साथ पहुंच चुके थे। नवविवाहित जोड़े को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से माला मिली, जो केरल में भव्य शादी में मौजूद थे। शादी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थल पर कड़े सुरक्षा उपाय किये गये थे. इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री पहले कोच्चि से हेलीकॉप्टर से गुरुवयूर पहुंचे और फिर सड़क मार्ग से उस मंदिर में पहुंचे, जहां भाग्य की शादी हो रही थी. शादी समारोह में मुख्य अतिथि रहे पीएम मोदी मंदिर में दर्शन के बाद समारोह स्थल पहुंचे। वह पारंपरिक पोशाक धोती और फुल शर्ट में भी नजर आए।

## एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर 800 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की

सिनेमा की दुनिया से कई बड़ी खबरें सामने आई हैं। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित रणबीर कपूर और बॉबी देओल की फिल्म एनिमल बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही। यह 1 दिसंबर, 2023 को सिनेमाघरों में पहुंची और कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। सिनेमा की दुनिया से कई बड़ी खबरें सामने आई हैं। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित रणबीर कपूर और बॉबी देओल की फिल्म एनिमल बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही। यह 1 दिसंबर, 2023 को सिनेमाघरों में पहुंची और कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर 800 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की। अब फैंस इसके ओटीटी रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एनिमल के नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने की उम्मीद है। मृणाल ठाकुर ने बिग बॉस 17 सीज़न की अपनी पसंदीदा प्रतियोगी और एक बार फिर अंकिता को बधाई दी है। मृणाल ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अंकिता की तस्वीर और उसके साथ एक विशेष संदेश के साथ एक स्टोरी साझा की। उन्होंने लिखा मेरी लड़की सबसे मजबूत। उन्होंने लिखा, आपको ताकत और प्यार भेज रही हूं।

# मनोज बाजपेयी ने अपनी वायरल सिक्स पैक तस्वीर पर राज़ खोला, कहा- फोटो से की गयी छेड़छाड़



बहुमुखी अभिनेता मनोज बाजपेयी ने हाल ही में इंटरनेट का तापमान तब बढ़ा दिया जब उन्होंने नए साल के मौके पर अपनी एक शर्टलेस तस्वीर पोस्ट की। अभिनेता ने किलर सूप नामक अपनी नवीनतम वेब श्रृंखला को बढ़ावा देने के लिए छवि को इस तरह से कैप्शन दिया।

बहुमुखी अभिनेता मनोज बाजपेयी ने हाल ही में इंटरनेट का तापमान तब बढ़ा दिया जब उन्होंने नए साल के मौके पर अपनी एक शर्टलेस तस्वीर पोस्ट की। अभिनेता ने किलर सूप नामक अपनी नवीनतम वेब श्रृंखला को बढ़ावा देने के लिए छवि को इस तरह से कैप्शन दिया। उन्होंने लिखा, नया साल, नया मैं! देखो स्वादिष्ट सूप का मेरी बॉडी पर असर। एकदम किलर लुक है ना? 54 वर्षीय अभिनेता की फिटनेस देखकर प्रशंसक पागल हो गए, जो अपनी काया के लिए नहीं बल्कि अपने अभिनय कौशल के लिए जाने जाते हैं। अब, हाल ही में एक मीडिया आउटलेट के साथ बातचीत में, जोराम अभिनेता ने खुलासा किया कि तस्वीर एक प्रचार अभियान का हिस्सा थी और वास्तविक नहीं थी।

वर्तन के बारे में पूछे जाने पर, मनोज बाजपेयी ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया, यह रूपांतरित था। यह नेटफ्लिक्स की एक अभियान रणनीति थी। इसलिए, वे साज़िश के साथ एक अभियान को ऊंचे स्तर पर शुरू करना चाहते थे और वे ऐसा करने में सफल रहे। सेलिब्रिटी फोटोग्राफर डब्बू रत्नानी ने लिखा, शानदार मनोज! शाबाश! अभिनेता सनी हिंदुजा ने टिप्पणी की, वाह वाह... मुझे नहीं पता था आप में भी ऐब है सर। फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप ने लिखा, चुप्पे रुस्तम। एक यूजर ने लिखा, नए साल की मां गिफ्ट मिल गया इंस्टाग्राम को। एक अन्य ने लिखा, वह आदमी जो कुछ भी कर सकता है।

तीन बार के राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता को हाल ही में जोरम में देखा गया था। उनकी नवीनतम श्रृंखला किलर सूप का प्रीमियर 11 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर हुआ। ब्लैक कॉमेडी क्राइम थ्रिलर श्रृंखला में कोंकणा सेन शर्मा भी प्रमुख भूमिका में हैं। यह एक महत्वाकांक्षी लेकिन प्रतिभाहीन नर्स से होम शेफ बनी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने पति की जगह अपने प्रेमी को लेने की साजिश रचती है। यह कथित तौर पर तेलंगाना के 2017 के एक मामले पर आधारित है। सीरीज का निर्देशन अभिषेक चौबे ने किया है।

# मैगपाई के हिंदी वर्जन कन खजूरा की स्टारकास्ट का खुलासा, मोहित रैना सहित ये सितारे आएंगे नजर



मैगपाई के हिंदी वर्जन को काफी व्यापक पैमाने पर बनाया जाएगा। सोनी लिव की सीरीज कन खजूरा की स्टार कास्ट को देखकर इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। सोनी लिव पूरी दुनिया में मशहूर इजरायली क्राइम ड्रामा मैगपाई का हिंदी रूपांतर लेकर आ रहा है। मैगपाई सीरीज के हिंदी रूपांतरण का नाम कनखजूरा रखा गया है। आज सोनी लिव की टीम की तरफ से कनखजूरा सीरीज की स्टार कास्ट का खुलासा किया गया है। इस सीरीज में अभिनेता मोहित रैना से लेकर सारा जेन डियास तक शामिल हैं।

मैगपाई के हिंदी वर्जन को हिंदुस्तान में काफी व्यापक पैमाने पर बनाया जाएगा। सोनी लिव की सीरीज कन खजूरा की स्टार कास्ट को देखकर इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। इस सीरीज में बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता मोहित रैना के साथ सारा जेन डियास, रोशन मैथ्यू, महेश शेट्टी, निनाद कामत और हीबा शाह जैसे दिग्गज कलाकार शामिल हैं। दुनियाभर में सनसनी मचाने के बाद इजरायली क्राइम ड्रामा मैगपाई को अब हिंदी में बनाया जा रहा है। मोहित रैना इस सीरीज में बेहद अहम किरदार निभा रहे हैं। मोहित ने मीडिया से बात करते हुए कहा, मैं बहुत ज्यादा खुश हूं कि मुझे इस शो का हिस्सा बनने का मौका मिला है। इस सीरीज में मेरे किरदार के कई रंग और मूड है। वैसे भी मुझे सस्पेंश थ्रिलर शो करना काफी पसंद है। मैं शो के निर्देशक चन्दन जी का शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने मुझे अपने इस महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट में शामिल किया है।

मैगपाई के हिंदी वर्जन को चंदन अरोड़ा निर्देशित करने वाले हैं। कन खजूरा का निर्माण अजय राय के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले होगा। मूल रूप से मैगपाई को एडम बिजांस्की, ओमरी शेन्हार और डाना ईडन ने बनाया था। एडम बिजांस्की और ओमरी शेन्हार ने इस रोमांचक शो को लिखा था।

# जब सिर्फ 27 रुपए लेकर मायानगरी पहुंचे थे जावेद अख्तर, ऐसे तय किया फर्श से अर्श तक का सफर



बॉलीवुड इंडस्ट्री के मशहूर और दिग्गज लेखक व गीतकार जावेद अख्तर आज यानी की 17 जनवरी को अपना 79वां जन्मदिन मना रहे हैं। बता दें कि उनकी और सलीम खान की जोड़ी इंडस्ट्री की सुपरहिट जोड़ियों में से एक है।

बॉलीवुड इंडस्ट्री के मशहूर और दिग्गज लेखक व गीतकार जावेद अख्तर आज यानी की 17 जनवरी को अपना 79वां जन्मदिन मना रहे हैं। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में जावेद अख्तर साहब ने स्क्रीन राइटर और लिरिस्ट के तौर पर अपनी एक अलग जगह बनाई है। बता दें कि उनकी और सलीम खान की जोड़ी इंडस्ट्री की सुपरहिट जोड़ियों में से एक है। जावेद साहब इंडस्ट्री के पहले ऐसे लेखक थे, जिनको करोड़ों में फीस मिलती थी। इसके अलावा जावेद अख्तर अपने बेबाक अंदाज के बारे में भी जाने जाते हैं। तो आइए जानते हैं उनके जन्मदिन के मौके पर जावेद अख्तर के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

मध्य प्रदेश के ग्वालियर में 17 जनवरी 1945 को जावेद अख्तर का जन्म हुआ था। लेकिन उनके लिए यह सफर बहुत संघर्ष भरा रहा था। इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने के लिए जावेद साहब ने कड़ी मेहनत की थी। महज 19 साल की उम्र में वह अपनी आंखों में बड़े-बड़े सपने लेकर मुंबई आए थे। इस दौरान जब वह मुंबई रेलवे स्टेशन पर उतरे थे, तो उनकी जेब में सिर्फ 27 रुपए थे। लेकिन जावेद साबह को पता था कि वह अपनी जिंदगी में कभी हार नहीं मानेंगे।

जावेद साहब ने अपने संघर्ष के दौरान ऐसे भी दिन देखे हैं, जब वह चार-चार दिनों तक बिना खाना खाए रहे थे। हांलाकि इंडस्ट्री में कड़े संघर्ष के बाद जावेद अख्तर की किस्मत ने उनका साथ दिया। उन्होंने सलीम साहब के साथ मिलकर शोले जैसी सुपरहिट फिल्म दीं। आपको बता दें कि साल 1975 में रिलीज हुई फिल्म शोले के लिए इस फिल्म के लेखकों को करोड़ों में फीस मिली थी।

जावेद साहब हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपने लेखन के लिए जाने जाते हैं। अब तक के इस सफर में उन्होंने 5 राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त किए हैं। वहीं साल 1999 में जावेद साहब को पद्मश्री और साल 2007 में पद्मभूषण से सम्मानित किए गए।

स्क्रीन राइटर लेखक के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाले जावेद अख्तर को साल 1973 में आई फिल्म जंजीर के लिए सफलता मिली थी। इस फिल्म के लिए सलीम और जावेद की जोड़ी को खूब सराहा गया। इसके बाद साल 1975 में सलीम खान और जावेद अख्तर ने शोले जैसी फिल्म लिखी। बाद में गीतकार के तौर पर भी उनके काम की प्रशंसा की गई। बता दें कि जावेद साबह को 5 बार सर्वश्रेष्ठ गीत के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से नवाजा गया। तो वहीं सर्वश्रेष्ठ गीतकार के तौर पर उन्होंने 8 बार फिल्म फेयर पुरस्कार अपने नाम किया।

आपको बता दें कि जावेद अख्तर ने जब से पॉलिटिक्स में कदम रखा है, तब से वह अपने विवादित बयानों को लेकर काफी सुर्खियों में रहे हैं। जावेद साहब ने कंगना रनौत को निशाने पर लेने से लेकर तालिबान के मुद्दे पर विमुख होकर अपनी राय रखी। इसके अलावा विवादों में आया फिल्म पठान का गाना बेशरम रंग पर भी जावेद साहब ने अपनी राय रखी थी। वहीं जावेद अख्तर साहब हर मुद्दे पर अपनी बात रखते हैं। हाल ही में उन्होंने फिल्म एनिमल की सक्सेज को खतरनाक करार दिया है।

# अयोध्या जाने के लिए साथ में क्यों रखना चाहिए आधार कार्ड?

**नई दिल्ली।** राम नगरी अयोध्या में सालों लंबा इंतजार अब खत्म होने वाला है। यहां राम मंदिर का भव्य निर्माण कार्य चल रहा है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन होगा। रामलला के दर्शन के लिए राम भक्त लालायित हैं। राम मंदिर के कार्यक्रम से पहले ही यहां भक्तों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया है। अगर आप भी रामलला के दर्शन करने अयोध्या जा रहे हैं तो ये खबर आपके काम की है। इस खबर में आपको बताएंगे क्या अयोध्या पहुंचने से पहले और बाद में क्या-क्या करना चाहिए। आगर आप अयोध्या जा रहे हैं तो आपको अपना आधार कार्ड जरूर साथ रखना चाहिए। वेरिफिकेशन के लिए आपसे आधार कार्ड मांगा जा सकता है। इसके अलावा किसी भी तरह की जांच में भी ये काम आएगा। बता दें कि आम लोगों को 22 जनवरी के बाद ही राम मंदिर में प्रवेश मिल सकेगा।

**निशुल्क**

**राम लला का दर्शन करने वाले भक्तों को अपना सामान लॉकर में रखना पड़ेगा। हालांकि, लॉकर की सुविधा निशुल्क है।**



राम लला का दर्शन करने वाले भक्तों को अपना सामान लॉकर में रखना पड़ेगा। हालांकि, लॉकर की सुविधा निशुल्क है। राम मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में लॉकर लगाए गए हैं। राम मंदिर के अंदर पर्स, मोबाइल जैसी चीजें लेकर जाना मना है। उत्तर भारत इस समय शीतलहर की चपेट में है। दिल्ली से लेकर यूपी-उत्तराखंड तक कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग ने भी शीतलहर और कोहरा को लेकर चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग की माने तो 22 जनवरी तक अयोध्या में भी कड़ाके की ठंड पड़ सकती है। अयोध्या जाने से पहले मौसम के मुताबिक कपड़े व वहां ठहरने की व्यवस्था जरूर करें। कड़ाके की सर्दी के बीच घर के बच्चों और बुजुर्गों को फिलहाल अयोध्या ले जाने से बचें।

## हिंदू जनजागृति समिति की रैलियों में न दिए जाएं नफरत भरे भाषण

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू जनजागृति समिति द्वारा 18 जनवरी को आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम को लेकर रायपुर और यवतमाल प्रशासन को सख्त निर्देश जारी किए हैं। बता दें कि हिंदू जनजागृति समिति और बीजेपी विधायक टी राजा सिंह द्वारा आयोजित रैलियों में संभावित नफरत भरे भाषणों पर चिंता जताई गई। इस मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हमें अधिकारियों से इस तथ्य के प्रति सावधान रहने की जरूरत है कि हिंसा या नफरत भरे भाषण की अनुमति नहीं दी जा सकती है। इसी के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ के रायपुर और महाराष्ट्र के यवतमाल के जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक को दोनों जगहों पर जनवरी में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में निर्देश जारी किए हैं।



जज संजीव खन्ना और जज दीपांकर दत्ता की पीठ ने निर्धारित रैलियों पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि जिन पार्टियों के खिलाफ नफरत फैलाने वाले भाषणों के आरोप लगाए गए हैं, वे अदालत के समक्ष नहीं हैं। साथ ही पीठ ने दोनों जिलों के जिला मजिस्ट्रेटों और एसपी को रैलियों के स्थल पर सीसीटीवी कैमरे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। अगर रैली स्थल पर कुछ भी होता है तो नफरत फैलाने वाले लोगों की पहचान की जा सके। शाहीन अब्दुल्ला ने एक आवेदन दायर किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि नफरत फैलाने वाले भाषणों के कई मामले सामने आए हैं। इसमें कहा गया है कि यवतमाल जिले में 18 जनवरी को हिंदू जनजागृति समिति की रैली होने वाली है और इसमें नफरत भरे भाषणों की आशंका है। इसके अलावा आवेदन में कहा गया है कि रायपुर जिले में बीजेपी विधायक टी राजा सिंह की रैलियां 19 से 25 जनवरी तक निर्धारित हैं।

## सीबीआई ने मणिपुर पुलिस से हथियार लूटने के मामले में दाखिल की चार्जशीट

**इंफाल।** सीबीआई ने मणिपुर पुलिस से हथियार और गोला-बारूद लूटने के मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी है। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, सीबीआई ने मई 2023 में मणिपुर पुलिस के कर्मियों से हथियार और गोला-बारूद लूटने के मामले में पांच लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने बताया कि आरोप पत्र असम के गुवाहाटी में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कामरूप (मेट्रो) की अदालत में दायर किया गया है। इनमें पांच लोगों के नाम है। केंद्रीय एजेंसी ने पिछले साल जून में मणिपुर पुलिस के कर्मियों से हथियार और गोला-बारूद लूटने के मामले को अपने हाथ में लिया था। सीबीआई प्रवक्ता ने कहा कि यह मामला 4 मई, 2023 का है। जब मणिपुर पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज पांगेई परिसर में घुसी भीड़ ने शस्त्रागार से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद लूट लिया था।

## आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम में स्कूल के स्टोर रूम में लगी आग, हादसे में कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम में टेक्कली गवर्नमेंट हाईस्कूल के स्टोर रूम में बुधवार को भीषण आग लग गई। घटना सामने आने के तुरंत बाद स्थानीय अधिकारी और अग्निशमन विभाग हरकत में आ गए। बाद में अग्निशमन कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। एएनआई ने एक्स पर घटना का वीडियो शेयर किया है।

## इंजीनियरिंग के दो छात्रों ने कॉलेज परिसर में चुराए चिप्स-चॉकलेट और पेन

**पणजी।** बॉम्बे हाईकोर्ट की गोवा पीठ ने दो इंजीनियरिंग छात्रों को एक मामले में ऐसी सजा दी है, जो उन्हें सुधरने का मौका भी देगी और उन्हें बेहतर इंसान भी बनाएगी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने दोनों छात्रों को एक सम्मेलन के दौरान आलू के चिप्स, चॉकलेट, पेन जैसी चीजें चुराने के बाद उनके कॉलेज द्वारा सख्त कार्रवाई से राहत देते हुए दो महीने तक रोजाना दो घंटे सामुदायिक सेवा करने का निर्देश दिया है।

जस्टिस देवेन्द्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस एम एस सोनक की पीठ ने सोमवार को बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (बिट्स) पिलानी, गोवा परिसर के छात्रों को सेमेस्टर परीक्षा में बैठने से रोकने के फैसले को रद्द कर दिया। इसके बजाय पीठ ने 18 वर्ष की आयु के दोनों छात्रों को दो महीने तक गोवा के एक वृद्धाश्रम में हर दिन दो घंटे सामुदायिक सेवा करने का निर्देश दिया।

अदालत के आदेश के अनुसार, दो याचिकाकर्ताओं सहित पांच छात्रों पर कॉलेज परिसर में नवंबर 2023 में एक सम्मेलन के दौरान स्टालों से आलू के चिप्स, चॉकलेट, सैनिटाइजर, पेन, नोटपैड, सेलफोन स्टैंड, दो डेस्क लैंप और तीन ब्लूटूथ स्पीकर चुराने का आरोप था। पकड़े जाने के बाद छात्रों ने दावा किया था कि उन्हें लग रहा था कि सामान वहीं छोड़ दिया गया है। मामले के कागजात के अनुसार, छात्रों ने सामान वापस कर दिया और अपने आचरण के लिए लिखित रूप में माफी मांगी। संस्थान के स्थायी पैनल ने सभी पांच छात्रों को तीन सेमेस्टर के लिए पंजीकरण से रोक दिया था, जबकि उनमें से प्रत्येक पर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया था। उन्होंने संस्थान के निदेशक के समक्ष फैसले को चुनौती दी, जिन्होंने तीन छात्रों के सेमेस्टर रद्द करने के फैसले को रद्द कर दिया, लेकिन जुर्माना बरकरार रखा। हालांकि, दो अन्य छात्रों के मामले में, निदेशक ने 50,000 रुपये का जुर्माना बरकरार रखा और कहा कि उन्हें सेमेस्टर एक (2023-24) के दौरान परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

इसके बाद छात्रों ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। छात्रों की याचिकाओं की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने दो मौकों पर अपना फैसला टाल दिया, ताकि बिट्स निदेशक सेमेस्टर रद्द करने की सजा पर पुनर्विचार कर सकें। लेकिन वैसा नहीं हुआ।

सोमवार को अपने अंतिम आदेश में, हाईकोर्ट ने कहा कि उसे ऐसा लगा कि निदेशक इस तथ्य से नाराज थे कि छात्रों ने उनके फैसले के खिलाफ अदालत के हस्तक्षेप की मांग करने की हिम्मत की थी। जजों ने कहा कि हालांकि वे प्रतिष्ठित संस्थान के निदेशक के इस दृष्टिकोण से आहत हुए हैं, लेकिन उन्होंने और कुछ भी कहने से परहेज किया है।

उन्होंने कहा, ...हम इस बात को लेकर सचेत हैं कि हमसे पहले दो याचिकाकर्ताओं को अगले कुछ वर्षों तक प्रतिवादियों के साथ अपनी शिक्षा पूरी करनी होगी और इस अवसर पर उनके द्वारा किए गए अनुशासनहीनता या यहां तक कि अनुशासनहीनता के कारण उन्हें जीवन भर के लिए नुकसान नहीं होगा। जजों ने कहा कि आम तौर पर अदालतों को ÷विश्वविद्यालय के आंतरिक मामलों में विशेष रूप से छात्रों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही से संबंधित मुद्दों पर÷ हस्तक्षेप करने में धीमा होना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि कोई संस्थान इस सिद्धांत पर प्रतिरक्षा का दावा नहीं कर सकता है कि अदालतों को ऐसे मामलों में हस्तक्षेप करने में धीमा होना चाहिए यदि वह अपने स्वयं के दिशानिर्देशों के विपरीत कार्य करता है।

## मणिशंकर अय्यर की बेटी के संस्थान पर गृह मंत्रालय का एक्शन

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने कानूनों के उल्लंघन ने संस्थान सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च थिंक टैंक का के प्रावधानों का उल्लंघन करने के लिए सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च का विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम



एफसीआरए लाइसेंस रद्द कर दिया है। गृह मंत्रालय ने बुधवार को यह कार्रवाई की है। एफीसीआरए लाइसेंस के निलंबन का मतलब है कि अब सीपीआर संस्थान विदेशों से फंड प्राप्त नहीं कर सकता है। बता दें कि विदेशओं से धन प्राप्त करने के लिए सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों के लिये एफसीआरए पंजीकरण जरूरी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जानकारी दी कि कथित तौर पर विदेशी फंडिंग लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। बता दें कि कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर की बेटी यामिनी अय्यर इस थिंक टैंक की अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी हैं।

सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च दिल्ली स्थित एक थिंक टैंक है जो 21वीं सदी की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए पॉलिसी से जुड़े मुद्दों पर रिसर्च करता है। सीपीआर विभिन्न घरेलू और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से अनुदान प्राप्त करता है।

# स्पाइसजेट की उड़ान में शौचायल के अंदर फंसा यात्री घंटों की मशक्कत के बाद निकाला गया बाहर

**नई दिल्ली।** 16 जनवरी को, मुंबई से बेंगलुरु जाने वाली स्पाइसजेट की उड़ान में एक यात्री दुर्भाग्य से लगभग एक घंटे तक शौचालय के अंदर फंसा रहा, जबकि विमान दरवाजे के लॉक में खराबी के कारण हवा में था। पूरी यात्रा के दौरान, हमारे दल ने यात्री को सहायता और मार्गदर्शन प्रदान किया। आगमन पर, एक इंजीनियर ने शौचालय का दरवाजा खोला और यात्री को तत्काल चिकित्सा सहायता दी गई। इस घटना की जानकारी स्पाइसजेट प्रवक्ता ने दी। मुंबई से बेंगलुरु जाने वाली स्पाइसजेट की उड़ान में लगभग एक घंटे तक शौचालय के अंदर फंसे यात्री को पूरा रिफंड दिया जा रहा है। इसकी सूचना स्पाइसजेट प्रवक्ता ने दी है। स्पाइसजेट के प्रवक्ता के अनुसार, यह घटना मंगलवार को मुंबई से बेंगलुरु की उड़ान में हुई और एयरलाइन यात्री को पूरा रिफंड दे रही है। एयरलाइन ने यात्री को हुई असुविधा के लिए माफी भी मांगी है। बेंगलुरु एयरपोर्ट पर उतरने के तुरंत बाद एक इंजीनियर ने शौचालय का दरवाजा खोला और यात्री बाहर आ गया।यात्री के बारे में तत्काल जानकारी नहीं मिल सकी है।

**उड़ान**

**मुंबई से बेंगलुरु जाने वाली स्पाइसजेट की उड़ान में लगभग एक घंटे तक शौचालय के अंदर फंसे यात्री को पूरा रिफंड दिया जा रहा है।**



16 जनवरी को, मुंबई से बेंगलुरु जाने वाली स्पाइसजेट की उड़ान में एक यात्री दुर्भाग्य से लगभग एक घंटे तक शौचालय के अंदर फंसा रहा, जबकि विमान दरवाजे के लॉक में खराबी के कारण हवा में था।

प्रवक्ता ने बुधवार को एक बयान में कहा, ÷पूरी यात्रा के दौरान, हमारे चालक दल ने यात्री को सहायता और मार्गदर्शन प्रदान किया। आगमन पर, एक इंजीनियर ने शौचालय का दरवाजा खोला और यात्री को तत्काल चिकित्सा सहायता मिली।

# भारत ही नहीं स्विट्ज़रलैंड के दावोस में भी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की धूम, दीये जलाने की तैयारी कर रहे रामभक्त

**दावोस।** विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के दौरान अयोध्या में राम मंदिर ने इस स्विस स्की रिसॉर्ट्स शहर में हलचल पैदा कर दी है। भक्त इस आगामी सोमवार को अभिषेक दिवस पर



राम भजन आयोजित करने और दीये जलाने की योजना बना रहे हैं। इसके अलावा, कई वैश्विक व्यापारिक नेता भारतीय प्रतिनिधिमंडल से उत्तर प्रदेश में अयोध्या को एक प्रमुख धार्मिक और पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने से उत्पन्न व्यापार और बुनियादी ढांचे के अवसरों के बारे में पूछताछ कर रहे हैं, जिनमें सरकारी और निजी क्षेत्र के लोग भी शामिल हैं। डब्लूईएफ की वार्षिक बैठक 2024 से इतर पीटीआई से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि वह भक्तों के एक समूह से मिलीं, जिन्होंने उनसे पूछा कि क्या वे 24 जनवरी को राम मंदिर अभिषेक समारोह भी मना सकते हैं। उन्होंने कहा, ÷यहां कुछ राम भक्तों ने मुझसे एक संदेश रिकॉर्ड करने के लिए कहा, जिसमें यहां के समुदाय से राम भजन करने और 22 जनवरी को यहां दीये जलाने का अनुरोध किया गया।÷

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई नेताओं का 22 जनवरी को अयोध्या में समारोह में उपस्थित रहने का कार्यक्रम है, जिसमें 8,000 से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने देशभर के लोगों से इस दिन को अपने-अपने स्थानों पर दिवाली की तरह मनाने का आग्रह किया है। मंदिर के अलावा अयोध्या में एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी स्थापित किया गया है, जबकि शहर को एक प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए वहां बड़ी संख्या में बुनियादी ढांचा परियोजनाएं बनाई जा रही हैं। ईरानी ने कहा, ÷मुझे लगता है कि एक समुदाय के रूप में हमने दिखाया है... मैं हमेशा हिंदी में कहती हूं कि जब धर्म की बात आती है तो धैर्य दिखाएं और तथ्य यह है कि हमने धैर्य रखा है और न्यायिक फैसले का इंतजार किया है, हमारे विश्वासों और अधिकारों के संबंध में, जो हमारे लोकतंत्र और भारत के प्रधानमंत्री की ताकत के बारे में बहुत कुछ बताता है। महिला एवं बाल विकास के साथ-साथ अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री ईरानी ने कहा, ÷हर धर्म का सम्मान करते हुए, हमने लंबे समय तक इंतजार किया कि भगवान घर आएंगे।÷ ईरानी ने कहा, ÷यह जश्न और खुशी का कारण है, इसलिए धैर्य दिखाने वाले हर किसी के प्रति मेरी कृतज्ञता और मैं 22 जनवरी को घर वापस जाने, (अपने लोकसभा क्षेत्र) अमेठी जाने और उनके साथ जश्न मनाने के लिए उत्सुक हूं।÷

अन्य राज्यों के अलावा, उत्तर प्रदेश ने भी डब्लूईएफ की वार्षिक बैठक के लिए यहां एक मंडप स्थापित किया है और दुनिया भर के व्यापारियों सहित आगंतुक मंदिर और अन्य अयोध्या परियोजनाओं के बारे में पूछताछ कर रहे हैं। कई वैश्विक नेताओं ने कहा कि वे भारत में अन्य व्यावसायिक अवसरों के अलावा, इन परियोजनाओं के बारे में जानने के इच्छुक हैं।

# कनाडा जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में आई भारी गिरावट

**ओटावा।** कनाडा के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि भारत और कनाडा के बीच राजनयिक विवाद के कारण वर्ष 2023 में कनाडा द्वारा भारतीय छात्रों को जारी किए गए स्टडी परमिट की संख्या में भारी गिरावट देखी गई। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स को दिए एक साक्षात्कार में कनाडाई शीर्ष अधिकारी ने कहा, ÷ऐसा तब किया गया जब भारत ने परमिट की प्रक्रिया करने वाले कनाडाई राजनयिकों को निकाल दिया और तो और खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर राजनयिक विवाद के कारण कम भारतीय छात्रों ने भी आवेदन कम किया था। इमिग्रेशन मंत्री मार्क मिलर ने एक इंटरव्यू में कहा, उनका मानना है कि भारतीय छात्रों के स्टडी परमिट की संख्या जल्द ही बढ़ने की संभावना नहीं है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो के जून में यह कहने के बाद राजनयिक तनाव पैदा हो गया कि ब्रिटिश कोलंबिया में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में

**मंत्री के एक प्रवक्ता ने कहा कि दोनों देशों के विवाद ने भारतीय छात्रों को दूसरे देशों में पढ़ने के लिए ऑप्शन दिया है।**

भारतीय एजेंटों के शामिल होने के सबूत हैं। मार्क मिलर ने कहा, ÷भारत के साथ हमारे रिश्तों की वजह से वास्तव में आवेदनों की क्षमता आधी हो गई है। उल्लेखनीय है कि निज्जर की हत्या से पैदा हुए विवाद के बाद अक्टूबर में कनाडा को अपने 41 राजनयिकों और दो-तिहाई कर्मचारियों को भारत से वापस बुलाने के लिए मजबूर होना पड़ा। मंत्री के एक प्रवक्ता ने कहा कि दोनों देशों के विवाद ने



भारतीय छात्रों को दूसरे देशों में पढ़ने के लिए ऑप्शन दिया है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, भारत-कनाडा विवाद की वजह से पिछले साल की चौथी तिमाही में भारतीयों को जारी किए गए स्टडी परमिट में पिछली तिमाही की तुलना में 86 प्रतिशत की गिरावट आई, जो 108,940 से घटकर 14,910 रह गई।

## चुनाव परिणाम से यह तथ्य नहीं बदलेगा कि ताइवान चीनी है

**बीजिंग।** चीन के ताइवान मामलों के कार्यालय ने बुधवार को कहा कि ताइवान के चुनाव के नतीजे से यह तथ्य नहीं बदलेगा कि यह द्वीप चीनी है। ताइवान की सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी), जिसने शनिवार को राष्ट्रपति चुनाव जीता, बीजिंग के संप्रभुता के दावों को खारिज कर दिया है, लेकिन वह बार-बार बातचीत की पेशकश करती रही है जिसे अस्वीकार कर दिया गया है। चीन नवनिर्वाचित राष्ट्रपति लाई चिंग-ते को एक खतरनाक अलगाववादी के रूप में देखता है। चीन के ताइवान मामलों के कार्यालय के प्रवक्ता चेन बिनहुआ ने बीजिंग में एक नियमित समाचार ब्रीफिंग में कहा कि ताइवान के चुनाव के नतीजे इस तथ्य को नहीं बदलेंगे कि द्वीप चीनी है। चेन ने कहा, बल प्रयोग को त्यागने का हमारा वादा बिल्कुल भी ताइवान के लोगों पर लक्षित नहीं है।

## तेजी से बूढ़ा हो रहा चीन, मरने वाले पैदा होने वालों से ज्यादा

**बीजिंग।** सरकार के सांख्यिकी ब्यूरो ने बुधवार को कहा कि चीन की जनसंख्या में 2023 में 2 मिलियन लोगों की गिरावट आई है, जो कि लगातार दूसरी वार्षिक गिरावट है। सांख्यिकी ब्यूरो ने कहा है कि कोविड-19 प्रतिबंध हटने के बाद जन्म में गिरावट और मृत्यु में वृद्धि हुई है। मौतों की संख्या दोगुनी से भी अधिक बढ़कर 690,000 हो गई। जनसांख्यिकी विशेषज्ञ उम्मीद कर रहे थे कि पिछले साल के अंत में शुरू हुई और पिछले साल फरवरी तक जारी रहने वाली कोविड-19 के प्रकोप के कारण मौतों में तेज वृद्धि होगी। सांख्यिकी ब्यूरो ने कहा कि कुल जनसंख्या 1.4 अरब थी। ब्यूरो ने अपने रिपोर्ट में कहा कि जन्मों में गिरावट जन्म दर में गिरावट को दर्शाती है, जो चीन के लिए लंबे समय से चल रही आर्थिक और सामाजिक चुनौती है। जनसंख्या लगातार बूढ़ी हो रही है। ब्यूरो ने कहा कि जन्म दर में गिरावट आर्थिक विकास को धीमा कर सकती है और कम श्रमिकों के साथ बड़ी बुजुर्ग आबादी को प्रदान करने की देश की क्षमता को चुनौती दे सकती है। चीन में सातवें वर्ष जन्मों की संख्या में गिरावट आई है। हालांकि पिछले साल की तुलना में जन्मों की संख्या में कम गिरावट देखी गई है। पिछले साल लगभग 9 मिलियन बच्चों का जन्म हुआ, जो 2016 की कुल संख्या का आधा है। चीन, जो कभी अपनी एक-बाल नीति के साथ जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने की कोशिश करता था, अब विपरीत समस्या का सामना कर रहा है। सरकार ने 2016 में अपनी एक-बाल नीति को आधिकारिक तौर पर समाप्त करने के बाद से जन्म को प्रोत्साहित करने की कोशिश की है लेकिन बहुत कम सफलता मिली है।

**जनसंख्या**

**चीन, जो कभी अपनी एक-बाल नीति के साथ जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने की कोशिश करता था, अब विपरीत समस्या का सामना कर रहा है।**



## बिल्डिंग में रखा था भारी मात्रा में विस्फोटक

**लागोस।** नाइजीरिया के ओयो राज्य में स्थित एक निजी बिल्डिंग में विस्फोट हो गया। इस विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई है। ओयो राज्य के गवर्नर ने बुधवार को बताया कि आवास में विस्फोटक रखा था, जिसमें ब्लास्ट हो गया और दो लोगों की जान चली गई। उन्होंने बताया कि इस विस्फोट में दर्जनों लोग घायल हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि धमाका इतना जोरदार था कि इसकी चपेट में आने से कई घर भी तबाह हो गए। गवर्नर सेई माकिंडे ने एक बयान में कहा कि विस्फोट में घायल हुए 77 लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। अधिकतर लोग ठीक होकर अपने घर जा चुके हैं। गवर्नर सेई माकिंडे ने बताया कि सुरक्षा



एजेंसियों को शुरुआत जांच से पता चला है कि एक मकान पर अवैध खनन करने वालों ने कब्जा कर रखा था और उन्होंने भारी मात्रा में विस्फोटक को जमा किया था। जिसके कारण ये विस्फोट हुआ है। माकिंडे ने कहा कि घटनास्थल पर खोज और बचाव अभियान जारी है। राज्य सरकार उन लोगों को अस्थायी आवास उपलब्ध कराएगी, जिन्होंने इस विस्फोट में अपने घरों को खो दिया है।

# ईरान के हमले के हो सकते हैं गंभीर परिणाम, एयर स्ट्राइक पर भड़का पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** ईरान ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में कोह-सब्ज क्षेत्र में बलूच विद्रोहियों के ठिकानों को निशाना बनाया है। इस हमले में दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए।

इस बीच ईरान के हमले पर पाकिस्तान ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। पाकिस्तान ने बलूचिस्तान प्रांत में किए गए हमले के जवाब में ईरान को गंभीर परिणाम के भुगतने की चेतावनी दी है।

विदेश कार्यालय ने बताया कि पाकिस्तान ने ईरान के प्रभारी को तलब किया है। साथ ही ईरान द्वारा किए गए हमले की कड़ी निंदा की है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने कहा कि ईरान द्वारा हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया गया है। पाकिस्तान अपनी संप्रभुता के उल्लंघन का जोरदार विरोध करता है। यह हमला पूरी तरह से अस्वीकार्य है और इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।विदेश कार्यालय ने कहा कि पाकिस्तान ने हमेशा कहा है कि सभी देशों



के लिए आतंकवाद एक साझा खतरा है, जिसके लिए कार्रवाई की जरूरत है। विदेश कार्यालय ने कहा कि इस तरह के एकतरफा कृत्य अच्छे पड़ोसी संबंधों के अनुरूप नहीं हैं और यह द्विपक्षीय विश्वास को गंभीर रूप से कमजोर कर सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान ने पाकिस्तान में बलूच विद्रोही समूह जैश अल अदल के दो ठिकानों को नष्ट कर दिया है। यह समूह ईरान के दक्षिण-पूर्व में सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत के रस्क शहर में पुलिस स्टेशन पर हमले के लिए जिम्मेदार है। इस हमले में 11 पुलिसकर्मी मारे गए थे।

# ज्ञान बढ़ाने में करें स्मार्टफोन का उपयोग: कुलपति

अवधनामा संवाददाता



जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में बुधवार को स्मार्टफोन वितरण का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर 353 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरण किया गया। स्मार्टफोन पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। समारोह के मुख्य अतिथि करंजाकला ब्लाक प्रमुख के प्रतिनिधि सुनील यादव थे।

मुख्य अतिथि सुनील यादव ने कहा कि सरकार की मंशा है कि विद्यार्थी नई तकनीक के साथ जुड़कर अपना बौद्धिक विकास करें। इसके माध्यम से डिजीटल इंडिया योजना में सहयोग कर आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार करें। अध्यक्षता करतीं हुई विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि कोरोना काल ने हमें सिखा दिया कि डिजिटल प्लेटफार्म पढ़ाई के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार की स्मार्टफोन योजना का विद्यार्थी अपना ज्ञान बढ़ाने में उपयोग करें। उन्होंने कहा कि अभ्यासा एप समेत कई ऐसे एप है जो कि हमें हर चीज में मदद कर सकते हैं। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि सरकार चाहती है कि वे विद्यार्थी जो स्मार्टफोन नहीं खरीद पा रहे हैं, ऐसे विद्यार्थी इस योजना के माध्यम से वैश्विक स्तर पर जुड़कर अपना बौद्धिक विकास करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी इसका सकारात्मक उपयोग कर अपना कैरियर बनाएं। पूर्व कुलपति डॉ. बीएल आर्या ने कंप्यूटर की तकनीक पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। साथ ही कहा कि इंटरनेट पर अपार सामग्री उपलब्ध है आप इसका सपोर्टिंग रूप में इस्तेमाल करें। साथ ही यह भी ध्यान रखें कि एआई आपके बुद्धि और ज्ञान से आगे न निकल पाए। स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. विनय वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन डॉ. धर्मेंद्र सिंह और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. झांसी मिश्रा ने किया। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक अजीत सिंह, डॉ. प्रमोद यादव, डॉ सुनील कुमार, डॉ. आशीष गुप्ता, डॉ. शशिकांत यादव, डॉ. राजेंद्र सिंह, विकास सिंह समेत शिक्षक विद्यार्थी और कर्मचारी शामिल थे।

## महिला को निर्वस्त्र कर पीटा, मुकदमा दर्ज

जौनपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि 6 जनवरी को उसके गांव के ही नूर मोहम्मद व सैफ अली ने उसे निर्वस्त्र कर पीटा। उसे बचाने आए उसके पति को भी दोनों ने पीटा। पीड़ित महिला को गांव के ही दो लोगों ने आपसी विवाद में निर्वस्त्र कर पीटा। महिला को बचाने आए उसके पति को भी दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। शिकायत लेकर पति-पत्नी थाने पहुंचे, आरोप है कि थानेदार ने उनकी बात नहीं सुनी। इसके बाद पीड़िता डीएम कार्यालय पहुंची। जिलाधिकारी के आदेश पर थाना जलालपुर की पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर सिटी ब्रजेश कुमार गौतम ने बताया कि उन्हें इस मामले की कोई जानकारी नहीं है।

# आवास के नाम पर रुपए मांगने पर प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



जौनपुर। जिले के विकासखंड रामपुर के ग्राम सभा मलेथू के राजस्व गांव हीरा पट्टी के राजभर बस्ती की ग्रामीणों ने बुधवार को पचास की संख्या में एकत्रित होकर ग्राम प्रधान रमा शंकर गौतम के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे।

ग्रामीण पन्नालाल राजभर, सरिता सहित अन्य लोगों का आरोप है कि ग्राम प्रधान आवास देने के नाम पर बीस हजार रुपए की मांग करते हैं। पैसा ना देने पर आवास लाभार्थियों को भी आवास से वंचित रहना पड़ता है। गांव की इंद्रावती, अमरावती, वसुदेई सहित अन्य लोगों का आरोप है कि 60 वर्ष की उम्र पार करने के पश्चात भी हम लोगों को वृद्धा पेंशन नहीं मिलता। एक वर्षों से हम सभी लोग ग्राम प्रधान के घर का चक्कर लगा रहे हैं लेकिन ग्राम प्रधान पात्र होने के बावजूद भी सरकारी सुविधाओं का लाभ नहीं दे रहे हैं।

गांव में कई ऐसे परिवार हैं जिन्हें आज तक छत मुहैया नहीं हो पाया है और इस भीषण ठंड में भी टीन सेट व मड़हे में रहने को विवश है। प्रदर्शन करने वालों में जीरा देवी, रीना, रामआसरे, गीता, सुभाष, विनोद, भोला, रामरति, फुलवासा रानी, मकोई, मोहन, बनारसी, पन्नालाल, सरिता, इंद्रावती, अमरावती, वासुदेव, आदि उपस्थित रहे। खंड विकास अधिकारी रामपुर रिचा सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी यदि ग्रामीणों का आरोप सही है तो कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष की कैद

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो काशी प्रसाद सिंह यादव की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में दोषसिद्ध पाते हुए एक युवक को 20 वर्ष के सश्रम कारावास व 20 हजार अर्थ दंड से दंडित किया। अभियोजन कथानक के अनुसार सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने अभियोग पंजीकृत करवाया था कि दिनांक 8 जुलाई 2023 को उसकी नाबालिग पुत्री को राहुल गौतम निवासी हमजापुर थाना सरायख्वाजा शारीरक सम्बन्ध बनाने की नीयत से भगा ले गया। 9 जुलाई 2023 को पीड़िता लड़की बरामद हो गई और शिकारपुर चैकी इंचार्ज विवेचक गिरीश चंद्र मिश्र द्वारा उसका त्वरित चिकित्सकीय परीक्षण करवाकर विवेचना की गई। न्यायालय में जिरह के दौरान पीड़िता एवं उसकी मां अपने पूर्व के बयान से मुकर गई। वादिनी ने कहा कि वह पढ़ी-लिखी नहीं है। किसी अनजान व्यक्ति ने तहरीर लिख कर दी थी उसमें क्या लिखा था उसकी जानकारी उसे नहीं थी। जबकि पीड़िता ने कहा कि वह 18 वर्ष की है। घटना के दिन वह अपने नाना के यहाँ चली गई थी। राहुल द्वारा किसी प्रकार के दुष्कर्म की घटना से इन्कार किया।किन्तु विधि विज्ञान प्रयोगशाला में पीड़िता के आंतरिक परीक्षण व दोनों के डीएनए रिपोर्ट के आधार पर अभियोजन के कथन की पुष्टि हो गई। विशेष लोक अभियोजक राजेश कुमार उपाध्याय व कमलेश राय के द्वारा की गई बहस के पश्चात अदालत ने आरोपी राहुल गौतम को पॉक्सो ऐक्ट के अंतर्गत नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में दोषसिद्ध पाते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास और बीस हजार अर्थदंड से दंडित किया।

# पंचायती राज के प्रशिक्षण का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। पंचायती राज उत्तर प्रदेश, लखनऊ तथा उप निदेशक पंचायत वाराणसी मंडल वाराणसी के तत्वाधान के पीआरआई एवम एसएचजी कन्वर्जेंस हेतु दो दिवसीय अनावसीय प्रशिक्षण जनपद के विकास खंड करंजकला के ब्लॉक सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जो तीन बैच में किया जाएगा जो 17 से 24 जनवरी तक चलेगा । प्रशिक्षण का षुभारंभ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील यादव खंड विकास अधिकारी राम दुलार सहायक विकास अधिकारी पंचायत रमेश यादव, वरिष्ठ फैकल्टी सुनील सिंह एवम नागेंद्र यादव,अमित सोनकर, प्रधान व समूह के महिला के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया । प्रशिक्षण में राज्यस्तरीय प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित प्रधान व समूह के सक्रिय सदस्य को प्रशिक्षण देते हुए ग्राम



पंचायत के विकास में ग्राम ,सरकार द्वारा महिलाओं को सशक्त करने हेतु हर ग्राम पंचायत में महिला समूहों का गठन किया है,ग्राम पंचायत और समूह दोनो का उद्देश्य गरीबी को कम करते हुए ग्राम पंचायत का विकास करना है जिसमे दो दिन से दिए जा रहे प्रशिक्षण के माध्यम से ग्राम पंचायत समृद्ध विकास योजना बनाया जा सकता है। प्रशिक्षण में पंचायती राज व्यवस्था, ग्राम पचायत का गठन, समितियां,ग्राम पंचायत विकास योजना ई ग्राम स्वराज ,स्वयं सहयता समूह गठन कार्य और दायित्व, ग्राम संगठन, क्लस्टर लेवल फोरम का कार्य दायित्व, ग्राम गरीबी उन्मूलन ,पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु निदेशालय से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर ,अभय कुमार, सुनील सिंह के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण मेंखंड विकास अधिकारी श जी सहायक विकास अधिकारी पंचायत, प्रधान तथा समूह की सक्रिय सदस्य अन्य लोग उपस्थित रहे।

फोटो 01जेएनपी।

## लावारिस शव का किया अंतिम संस्कार

जौनपुर। शहर स्थित हजरत भुंदरा शाह कब्रिस्तान पर लावारिस लाश इंतजामिया कमेटी के द्वारा हल्का नंबर चार कस्बा पुलिस चैकी थाना जफराबाद द्वारा पोस्ट मार्टम के बाद प्राप्त हुआ । जिसे सुपुर्दे खाक किया गया । उक्त शव के बारे मे पुलिस ने सूचना दी की 72 घंटा पहले मृत हालत में गोमती नदी किनारे मिला जिसको किसी ने पुलिस को सूचना देकर बताया, सूचना देने पर कोई भी वारिस नहीं आया तो पोस्टमार्टम के बाद उक्त कमेटी को सौंप दिया गया। कमेटी के अध्यक्ष रियाजुल हक की देखरेख में अब तक दर्जनों शव मुस्लिम समुदाय का उक्त कमेटी दफन करवा चुकी है।उपाध्यक्ष बख्तियार आलम ने बताया की अगर प्रशासन को कोई भी लावारिस लाश मुस्लिम समुदाय की मिलती है तो उस शव को उक्त टीम पूरे मुस्लिम रीति रिवाज से दफनाने का कार्य करती है। उक्त मिट्टी की जनाजे की नमाज हाफिज माज हलीमी ने अदा कराई।

# मुविवि की डॉ. सोहनी को मिली लोक प्रशासन में पीएचडी की उपाधि

अवधनामा संवाददाता



प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की असिस्टेंट प्रोफेसर, लोक प्रशासन डॉ. सोहिनी देवी ने पीएचडी की उपाधि लखनऊ विश्वविद्यालय से प्राप्त की है। मुविवि के दूरस्थ शिक्षा जागरूकता प्रकोष्ठ के साथ प्रभारी डॉ अनिल कुमार सिंह भदौरिया ने डॉ सोहनी देवी की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है। मूल रूप से पिपरी अजीज, लखीमपुर खीरी की रहने वाली डॉ सोहनी का ससुराल सरवन, उन्नाव में हैं। विगत लगभग एक वर्ष से डॉ सोहनी उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की समाज विज्ञान विद्या शाखा में लोक प्रशासन विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं । डॉ. सोहिनी ने अपना शोध कार्य प्रो. नंदलाल भारती, विभागाध्यक्ष, लोक प्रशासन विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के निर्देशन में पूरा किया। डॉ. सोहिनी का शोध कार्य आचार्य चाणक्य के महान ग्रंथ अर्थशास्त्र में वर्णित प्रशासनिक विचारों की वर्तमान में प्रासंगिकता पर आधारित है। डॉ. सोहिनी ने अपने शोध में यह सिद्ध किया कि आचार्य चाणक्य के प्रशासनिक विचार वर्तमान सुशासन प्रथाओं के लिए उतने ही प्रासंगिक हैं जितने कि 2000 वर्ष पूर्व थे। 2,000 साल पहले लिखे जाने के बावजूद चाणक्य की शिक्षाएँ आधुनिक युग में भी प्रासंगिक हैं। डॉ. सोहिनी अपनी इस सफलता का श्रेय अपने इष्टदेव प्रभु श्री राम, माता-पिता, गुरुजनों एवं विशेष रूप से अपने पति श्री प्रभात तिवारी को देती हैं जिनके सहयोग के बिना यह अकादमिक यात्रा एमफिल,पीएचडी, नेट जेआरएफ संभव नहीं था।

# सद्बुद्धि के लिए कांग्रेस जनों ने किया प्रार्थना



अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व मे कांग्रेस नेताओ का एक प्रतिनिधि मंडल रामलला के दर्शन हेतु अयोध्या गया था ।

पार्टी जनों का आरोप है कि जहां पर भाजपा और आरयसयस के कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस के ध्वज वाहक के साथ अभद्रता की गई एवं पार्टी ध्वज का अपमान किया गया। इसके विरोध मे बुधवार को नगर के गाँधी तिराहा स्थित गाँधी प्रतिमा पर एकत्र होकर कांग्रेसियो ने रामधुन गायी और इन अराजक तत्वों की सद्बुद्धि के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रभुवन सिंह ने कहा कि मर्यादा पुरसोत्तम की जन्मस्थली पर ऐसा मर्यादा विहीन कृत्य भाजपा और संघ की विकृत सोच को दर्शाता है। राम के नाम का राजनीतिकण इस समाज मे भेदभाव पैदा कर रहा है! कांग्रेस हमेशा से ही ऐसी विभाजनकारी नीतियों के खिलाफ लड़ाई लड़ती आ रही है और आगे भी लड़ेगी। इस अवसर पर तिलकधारी निषाद, सुरेंद्र वीर विक्रम बहादुर सिंह, मंगला गुरु, डॉ राकेश उपाध्याय, राज कुमार निषाद, नीरज राय, निसार इलाही, राजकुमार गुप्ता, आदिल, अनिल सोनकर, अली अंसारी सब्बल आदि मौजूद रहे।

# मनाया गया साहिब श्री गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। सिक्खों के दशम गुरू साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज का प्रकाश पर्व गुरुद्वारा सिख संगत अलोपीबाग प्रयागराज में अत्यंत हर्ष, उल्लास और उत्साह से मनाया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेका। नेपाल बार्डर से विशेष तौर पर आए ज्ञानी परमजीत सिंह जी ने संगत को गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज की महिमा का बखान कीर्तन द्वारा किया। कथा वाचकों द्वारा संगत को गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज का वीरता भरे इतिहास से संगत को अवगत कराया। अंत में गुरु नानक देव जी महाराज द्वारा चलाए गए गुरु के अटूट लंगर बांटे गए जो हजारों की तादाद में संगत ने बिना किसी जात-



पात, ऊच-नीच के भेद भाव के एक पंक्ति में बैठ कर ग्रहण किया। संगत में विशेष तौर पर सरदार परमजीत सिंह, सरदार जसबीर सिंह, सरदार प्रेमजीत सिंह गुजराल, सरदार मल्कियत सिंह, सरदार सत्येन्द्र सिंह पुरी, सरदार सत्येन्द्र सिंह, सरदार लखविंदर सिंह, सरदार राजेंद्र सिंह ग्रोवर, सरदार मानू सिंह चावला, सरदार बलजीत सिंह कोहली, सरदार कुलदीप सिंह, सरदार गुरदीप सिंह सरना, सरदार सुदर्शन सिंह, सरदार मंजीत सिंह खालसा आदि लोग उपस्थित रहे।

# रामलला का स्वागत करेंगे माघ मेला में संत

अवधनामा संवाददाता



माघ मेला अधिकारी की अध्यक्षता में माघ मेले में आए सभी प्रमुख संतों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ विशेष बैठक

प्रयागराज। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत माघ मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद की अध्यक्षता एवं अपर माघ मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी की उपस्थिति में माघ मेले में आए सभी प्रमुख संतों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ विशेष बैठक संपन्न हुई जिसमें सभी संत महात्माओं ने 22 जनवरी को माघ मेला क्षेत्र में दिव्य एवं भव्य रामोत्सव मनाने पर सहमति जताई। इस अवसर पर मेला प्रशासन भी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का प्रसारण करेगा तथा पूरे मेला क्षेत्र में एक विशेष सफाई अभियान चलाते हुए पूर्णताः स्वच्छता सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में आए महात्माओं में से किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर कौशल्यानंद गिरी ने अपने यहां विशेष कार्यक्रम करने की बात कहते हुए अपने पूरे परिसर को दीपों से सजाने की बात की। वही खाक चौक के अध्यक्ष ने सबको साथ लेते हुए रामोत्सव मनाने तथा खाक चौक के अन्य संन्यासियों ने 22 को सुंदरकांड पाठ करने तथा कई स्थानों पर 21 से ही अखंड रामायण का पाठ शुरू करने की बात कही। खाक चौक के कुछ अन्य संन्यासियों ने 22 तारीख को दीपावली की तरह दीपोत्सव मनाते हुए खाक चौक के 341 कैपों में से हर कैंप के सामने 108 दीप जलाने की बात कही। आचार्य बाडा के महामंत्री ने 22 तारीख को राम लला की एक भव्य शोभा यात्रा निकालने का भी प्रस्ताव दिया। साथ ही माघ मेला क्षेत्र में रह रहे कल्पवासीयों एवं श्रद्धालुओं तथा नगर वासियों से इस कार्यक्रम की भव्यता बढाने के दृष्टिगत हर घर आरती, दीपोत्सव एवं दीपों की रंगोली बनाकर राम लला का स्वागत करने की भी अपील की।बैठक में पूरे उत्साह के साथ सभी संत जनों ने राम लला का स्वागत पूरी भव्यता के साथ करने की बात कही जिस पर मेला प्रशासन ने पूर्णताः सहयोग करने का आश्वासन दिया।


## संक्षिप्त समाचार

### आज सेसनातन धर्म के प्रचार का पदयात्रा शुरू



आजमगढ़। सनातन धर्म के प्रचार के लिये अयोध्या श्री राम पद यात्रा 18 जनवरी से 22 जनवरी आजमगढ़ श्री दुर्गा जी सेवा ट्रस्ट आश्रम के महन्त श्री श्री 108 उमाशंकर महराज जी का पद यात्रा 18 जनवरी 2024 को बेदिया हड़ौरा मेहनगर आजमगढ़ से प्रातः 07.00 बजे से प्राश्रम्भ होकर मौन व्रत के साथ रामनाम का मानसिक नाम जप के साथ 22 जनवरी को अयोध्या धाम पहुँचेगे। श्री राम पद यात्रा का शुभारंभ 18 जनवरी को बेदिया ग्राम से रासेपुर, चिरैयाकोट, जहानागंज जिला मुख्यालय आजमगढ़ होते हुए बाबा भोलेनाथ स्थान भंवरनाथ सायं 501 दीपोत्सव भजन संध्या कीर्तन प्रसाद वितरण तथा रात्री विश्राम करेंगे। 19 जनवरी को भंवरनाथ से कप्तानगंज होते हुए बूढ़नपुर में रात्री विश्राम करेगें। 20 जनवरी को बूढ़नपुर से अतरौलिया गोविन्द साहब होते हुए अम्बेडकर नगर में रात्री को विश्राम करेगें। 21 जनवरी को अम्बेडकर नगर से गोसाईगंज में रात्री विश्राम करेगे। 22 जनवरी को गोसाईगंज से आयोध्या (सरयू जी से में स्नान कर के पूजन, भजन कीर्तन दर्शन एवं प्रभु श्री राम प्रतिष्ठा में सम्मिलित होगे।

### ग्राम प्रहरियों को नकद पुरस्कार व प्रशस्त्रि पत्र देकर पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मनीत



आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा जनपद के समस्त थानो के कुल 25 ग्राम प्रहरियों को प्रोत्साहन हेतु दिया गया। नकद पुरस्कार व प्रशस्त्रि पत्र पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ अनुराग आर्य द्वारा पुलिस लाइन्स आजमगढ़ में जनपद के समस्त थानो से 01-01 ग्राम प्रहरियों को अपने-अपने गाँव में अच्छे कार्य करने व अपने थानों पर गांव की सूचनाओं का आदान-प्रदान करने के सम्बन्ध में प्रत्येक चौकीदार को नकद पुरस्कार व प्रशस्त्रि पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया।

### राष्ट्रीय हिन्दू महासभा की बैठक सम्पन्न

आज़मगढ़। राष्ट्रीय हिन्दू महासभा के पदाधिकारियों एव सदस्यों की एक बैठक जनपद मुख्यालय स्थित होटल ग्रैंड स्टार परिसर में सम्पन्न हुई। जिसमें संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम प्रकाश सही , राष्ट्रीय सच्ची अभय नाथ रॉय , प्रदेश महासचिव संतोष सिंह, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी , जिलाध्यक्ष संदीप मोदनवाल , महिला प्रकोष्ठ रीना ,कनकलता सिंह , सुरेंद्र सिंह , अमरनाथ मलखा, मनीष वनवासी, डर त्रिभुवन ,आदि समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# पूर्णतावादी दृष्टिकोण के अभाव में पारिस्थितिकीय असंतुलन से बचा नहीं जा सकता: प्रो. पान्डेय

पारिस्थितिकी का नैतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टिकोण विषयक व्याख्यान आयोजित

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। दर्शनशास्त्र विभाग, जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के द्वारा प्रायोजित तथा नीतिशास्त्र के विविध पक्षों पर आधारित पीरियोडिकल लेक्चर्स सीरीज के क्रम में द्वितीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के तौर पर दर्शनशास्त्र विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज के अध्यक्ष प्रो0 ऋषि कांत पांडेय आमंत्रित थे। आज के व्याख्यान का मुख्य शीर्षक पारिस्थितिकी का नैतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टिकोण था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 आशिमा घोष के द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत से हुआ। दर्शनशास्त्र विभाग की संयोजिका डॉ0 नीलिमा मिश्रा ने मुख्य अतिथि का परिचय कराया। प्रो0 ऋषि कांत पांडेय ने सर्वप्रथम पर्यावरण एवं



पारिस्थितिकी के बीच भेद को स्पष्ट करते हुए पारिस्थितिकी के संदर्भ में पूर्वस्थापित उन विचारधाराओं का उल्लेख किया जिनके अंतर्गत मनुष्य को प्रकृति में सर्वश्रेष्ठ एवं मूल्य निर्माता के रूप में देखा जाता था तथा यह स्वीकार किया जाता था मनुष्य ही प्रकृति में स्वतः साध्य मूल्य के रूप में है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद औद्योगिक क्रांति तथा उपभोक्तावादी संस्कृति के आधार पर निर्मित समाज में लोगों की आवश्यकताएं बाजार आधारित होती गई जिनका दुष्प्रभाव पारिस्थितिकीय असंतुलन के रूप में सामने आया। प्रो0 पांडेय ने इस दुष्परिणाम को रोकने तथा गहन पारिस्थितिकी की नीतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि सर्वप्रथम हमें आध्यात्मिक दृष्टिकोण अपनाना होगा, जन जागरण करना होगा तथा यह स्वीकार करना होगा कि मूल्य के तौर पर संपूर्ण प्रकृति के अंगों में एकत्व है। पूर्णतावादी दृष्टिकोण के अभाव में पारिस्थितिकीय असंतुलन से बचा नहीं जा सकता। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के आचार्यगण तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं उससे संबंधित विभिन्न महाविद्यालयों से शोध अध्यता एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम के प्रतिभागियों में डॉ0 सुषमा श्रीवास्तव, डॉ0 विजयलक्ष्मी, डॉ0 सुकृति मिश्रा, डॉ0 काजल देव, डॉ0 मंजरी शुक्ला आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में दर्शनशास्त्र विभाग की पूर्व संयोजिका डॉ0 दीपशिखा बनर्जी ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी अतिथियों, आचार्यगणों, छात्र-छात्राओं एवं विशेष रूप से भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के प्रति धन्यवाद ज्ञापन किया।

# गुरुद्वारों में सादगी से मनाई गई गुरु गोविंद सिंह जयंती

अवधनामा संवाददाता

आज़मगढ़। जनपद के गुरुद्वारों में सादगी से मनाई गई गुरु गोविंद सिंह जयंती। माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के बाद और माननीय मुख्यमंत्री से मिलने के बाद भी नहीं हुई कोई कार्रवाई।एस. डी. एम सदर के झूठे आश्वासन से सिख समाज में रोष आज़मगढ़ के किसी गुरुद्वारे में गुरु गोविंद सिंह जयंती पर ना तो शोभा यात्रा निकाली गई ना ही कोई विशेष कार्यक्रम हुआ। श्री सुंदर गुरुद्वारे पर जहाँ हर वर्ष एक भव्य शोभायात्रा एवं प्रभातफेरी निकाली जाती थी एवं लंगर प्रसाद वितरण किया जाता था। इस वर्ष गुरुद्वारे में सहज पाठ की समाप्ति के बाद कड़ाह प्रसाद का वितरण किया गया। गुरुद्वारा विट्ठल घाट सदर



जहां पर अपनी पहली उदासी यात्रा में गुरु नानक जी के चरण पड़े थे उस ऐतिहासिक स्थान की जमीनों को कुछ अवांछनीय तत्वों द्वारा कब्जा कर लिया गया है जिनके विरुद्ध सक्षम न्यायालयों से आदेश पारित हो चुका है और उस स्थान से उनकी अवैध कब्जे को खाली करने के लिए भी आदेशित हो चुका है इसी क्रम में 25 नवम्बर को तहसील प्रशासन के नासमझी के कारण मौके पर पुलिस की मौजूदगी ना होने से भू माफिया द्वारा सिख संगतो से जहा झड़प किया गया तथा सिख कौम के प्रतीक चिन्हों से भी बेअदबी की गई। जिससे सिख कौम ने गुरु तेग़ बहादुर जी का शहीदी दिवस 24 नवम्बर, 27 नवम्बर को गुरु नानक जयंती तथा 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस का कोई भी आयोजन पूरे जनपद के किसी गुरुद्वारे में नहीं किया था तथा आज इसी सिलसिले में आज गुरु गोविंद सिंह जयंती का कार्यक्रम गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार बिठ्ठलघाट, गुरुद्वारा चरण पादुका साहिब निजामाबाद तथा श्री सुंदर गुरुद्वारा मातबरगंज में सादगी से मनाया।

## कांग्रेसियों ने अभद्रता के विरोध में किया प्रदर्शन

आजमगढ़। शहर कांग्रेस अध्यक्ष नजम शमीम के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने रैदोपुर स्थित गांधी प्रतिमा के नीचे बैठ अयोध्या में कांग्रेस के ध्वजवाहक अनोखे लाल तिवारी के साथ संघी भाजपा के लोगों द्वारा किये गये अभद्रता के विरोध में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा के समक्ष सत्याग्रह करते हुए अराजक तत्वों एवं संप्रदायिक ताकतों के सद्बुद्धि के लिये रामधुन गाया। इस मौके पर शहर अध्यक्ष नजम शमीम का कहना था की हम सभी लोग महात्मा गांधी के अनुयायी हैं। सत्य अहिंसा के मार्ग पर चल कर भाईचारे का संदेश देते हैं। हम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बताये सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलकर ही तानाशाह और फिरका परस्त शक्तियों से मुकाबला करेंगे और तानाशाहों से देश को मुक्त करेंगे। आज हम लोग संघी भाजपा से जुड़े अराजक तत्वों को सद्बुद्धि प्रदान करने के लिये महात्मा गांधी की प्रतिमा पर रामधुन गा रहे हैं और सरकार से मांग करते हैं कि अनोखेलाल तिवारी के साथ दुर्व्यवहार करने वाले दोषियों के खिलाफ तत्काल आवश्यक कार्यवाही की जाय।

# मोबाइल लुटेरे के गिरोह का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

13 मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद

प्रयागराज। सिविल लाइंस थाने की पुलिस में मुखबिर की सूचना पर मोबाइल लुटेरे के गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूट के 13 मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त 01मोटर साइकिल बरामद किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना सिविल लाइन्स पुलिस द्वारा आज मुखबिर की सूचना पर मोबाइल फोन की लूट करने वाले गिरोह के साहिल हाशमी पुत्र फिरोज अहमद निवासी बड़ा दायरा बहादुरगंज थाना मुठ्ठीगंज, मिजान आलम पुत्र अबरार आलम निवासी करैली, मो0 सुफियान पुत्र मो0 इरफान उर्फ गुड्डू निवासी बकरा मण्डी चौराहा बहादुरगंज थाना मुठ्ठीगंज, मो0 आदिल पुत्र मो0 हाशिम निवासी लेबर चौराहा थाना करैली व मो0 अयान पुत्र मो0 सलीम निवासी गौसनगर (मुन्ना मस्जिद के पास ) थाना करैली जनपद प्रयागराज को डीआरएम ऑफिस एटीएम के पास थाना क्षेत्र सिविल लाइन्स से गिरफ्तार किया गया पुलिस नेतृत्व उनके कब्जे से लूट के 13 मोबाइल फोन व लूट की घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल अपाचे बरामद किया गया। उक्त बरामद 13 मोबाइल फोन में से 01 मोबाइल फोन थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 20/2024 धारा 392 भा0द0वि0 से सम्बन्धित होने के कारण उक्त अभियोग में धारा-411 भा0द0वि0 की बढोत्तरी की गई तथा शेष 12 मोबाइल फोन की बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

# शाहरुख खान ने लॉन्च किया बेहतर टाइड, जिसमें बूस्टेड स्टेन मैगनेट्स हैं

**नई दिल्ली।** टाइड दुनिया का नंबर 1 डिटर्जेंट ब्रांड, के पास उत्कृष्ट लॉन्ड्री समाधान उपलब्ध कराने के अपने ट्रेडिशन को जारी रखते हुए, एक खास पार्टनरशिप के बारे में जबरदस्त खबर है पिछले दस वर्षों में टाइड ने नई उत्पादों जैसे टाइड मैटिक लिक्विड और टाइड पॉड्स को शामिल करके नवाचार पर अपना ध्यान केंद्रित किया है टाइड का वादा है की वो उपभोक्ताओं को उनकी बदलती आदतों कपड़ों और खान-पान की पसंदगी और जीवनशैली को अपनाकर खुश रखेगा।

मुक्ता माहेश्वरी, मुख्य विपणन अधिकारी, पी एंड जी इंडिया और उपाध्यक्ष, फैब्रिक केयर, पी एंड जी इंडिया ने इस नई साझेदारी पर बोलते हुए कहा टाइड जो दुनिया का नंबर 1 डिटर्जेंट ब्रांड है जो रोजमर्रा की उपभोक्ता आवश्यकताओं की जरूरतों को प्रमुखता के साथ हल करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे ब्रांड को ज्यादा पसंद किया जाता है। शाहरुख खान के साथ हुई इस साझेदारी और उनके नए और बेहतर



टाइड को स्टेन रिमूवल किंग के रूप में समर्थन पर हम बहुत खुश हैं टाइड दुनिया का नंबर एक डिटर्जेंट ब्रांड उन लॉन्ड्री समाधान प्रदान करने के लिए समर्पित है जो उपभोक्ताओं को हर दिन खुशी देता है, खासकर उन क्षेत्रों में जो उनके लिए सबसे ज्यादा मायने रखते हैं। इस चल रहे प्रयास में, हम उत्साहित हैं कि टाइड ने जिद्दी, गहरे दागों को खत्म करने और सबसे कठिन दागों पर भी असाधारण सफाई प्रदर्शन प्रदान करने की अपनी क्षमताओं को बढ़ाया है। हमें खुशी है कि शाहरुख ने देश भर के उपभोक्ताओं और प्रशंसकों के लिए टाइड को असली एसआरके स्टेन रिमूवल किंग के रूप में अनुशंसित किया है।

इस परिवर्तनकारी लॉन्च के केंद्र में एक आकर्षक साझेदारी है जो प्रतिष्ठित शाहरुख खान के साथ है! सुपरस्टार टाइड को असली एसआरके स्टेन रिमूवल किंग के रूप में प्रचारित करने के लिए एक ब्रांड एंबेसडर के रूप में टाइड इंडिया में शामिल हो गए हैं। साझेदारी पर बोलते हुए, किंग खान ने कहा टाइड के साथ यह सहयोग सिर्फ एक ब्रांड का समर्थन करने के बारे में नहीं हैय यह पूर्णता के प्रति साझेदारी और उत्कृष्टता की निरंतर पुनरागमन के बारे में है।

# पीएलआई योजनाओं में 1.03 लाख करोड़ रुपये का निवेश

**नई दिल्ली।** उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं में नवंबर 2023 तक 1.03 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हुआ है। इसके कारण 8.61 लाख करोड़ रुपये का उत्पादन/बिक्री और 6.78 लाख से अधिक का रोजगार सृजन (प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष) हुआ है। बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, फार्मास्यूटिकल्स, खाद्य प्रसंस्करण और दूरसंचार व नेटवर्किंग उत्पादों जैसे क्षेत्रों से पीएलआई योजनाओं में 3.20 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात देखा गया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखकर एफसीआई को वित्त वर्ष 2023-24 में ओडिशा से 10 लाख मीट्रिक टन पारबॉइल चावल खरीदने का निर्देश देने की मांग की है। मुंबई की एक विशेष अदालत ने केनरा बैंक में 538 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के आरोपी जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को बुधवार को एक निजी अस्पताल में चिकित्सा जांच कराने की अनुमति दे दी। 74 वर्षीय कारोबारी ने पिछले हफ्ते धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) मामलों के लिए अदालत का रुख किया था, जिसमें कहा गया था कि उन्हें अपने डॉक्टरों द्वारा सुझाए गए एमआरआई, एक्स-रे, सिस्टोस्कोपी, पैनएंडोस्कोपी और कुछ अन्य परीक्षणों से गुजरना होगा। न्यायाधीश एमजी देशपांडे ने मुंबई की आर्थर रोड जेल के अधीक्षक को एस्कॉर्ट पार्टी की व्यवस्था करने का निर्देश दिया जहां से गोयल को निजी अस्पताल ले जाया जाएगा। अदालत ने कहा कि गोयल एस्कॉर्ट का बिल वहन करेंगे। केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने बुधवार को कहा कि लाल सागर क्षेत्र में तनाव से भारत में उर्वरकों की कोई कमी नहीं होगी क्योंकि गर्मी की फसल के मौसम में मांग को पूरा करने के लिए यहां पर्याप्त स्टॉक है।

# डीएसपी म्यूचुअल फ़ंड ने डीएसपी निफ़्टी हेल्थकेयर ईटीएफ़ लॉन्च किया

**लखनऊ।** डीएसपी म्यूचुअल फ़ंड ने डीएसपी निफ़्टी हेल्थकेयर ईटीएफ़ लॉन्च करने की घोषणा की है, जो एक ओपन-एंडेड स्कीम है। यह निफ़्टी हेल्थकेयर इंडेक्स को दोहराती है/ट्रैक करती है और इंवेस्टर्स को भारत के बढ़ते हेल्थकेयर सेक्टर में भाग लेने का अवसर देती है। निफ़्टी हेल्थकेयर इंडेक्स में फ़ार्मास्यूटिकल्स, अस्पताल, पैथोलॉजी, हेल्थकेयर रिसर्च ऐनालिटिक्स ऐंड टेक्नोलॉजी जैसी अलग-अलग थीम शामिल हैं। इसे निफ़्टी 500 यूनिवर्स से फ़्री फ़्लोट मार्केट कैप के आधार पर शीर्ष 20 स्टॉक्स (हेल्थकेयर सेक्टर की कंपनियों) का प्रतिनिधित्व करने के लिए हर 6 महीने में ऐडजस्ट किया जाता है या दोबारा संतुलित किया जाता है। भारत का हेल्थकेयर मार्केट कैप पिछले 10 बरसों में तकरीबन 10% की उचित दर से बढ़ा है। आज, भारत में कुल मार्केट कैपिटलाइज़ेशन में हेल्थकेयर सेक्टर का योगदान तकरीबन 5.8% है, जो इसके विकसित और उभरते बाज़ार के साथी देशों की तुलना में सबसे कम है। समय के साथ हेल्थकेयर पर भारत का ध्यान अन्य बाज़ारों के मुकाबले इस अंतर को पाटने में मदद कर सकता है। भारत सरकार से वित्तवर्ष 2025 तक हेल्थकेयर के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 2.5% निर्धारित करने की उम्मीद है। धन अधिक होने का मतलब एक सेहतमंद राष्ट्र है, जो इस सेक्टर के बिज़नेस को भी लाभ पहुँचा सकता है। हेल्थकेयर में डायरेक्ट फ़ॉरेन इंवेस्टमेंट में वित्तवर्ष 2013 से वित्तवर्ष 2023 तक 8% CAGR की वृद्धि देखी गई है। व्यापक स्तर पर हेल्थकेयर सेक्टर के अंदर, दवाओं और फ़ार्मास्यूटिकल्स, अस्पतालों और डायग्नॉस्टिक सेंटर और भारत में मेडिकल और सर्जिकल उपकरणों में FDI फ़्लो में वृद्धि हुई है। डीएसपी निफ़्टी हेल्थकेयर ईटीएफ़ के लिए नया फ़ंड ऑफ़र 11 जनवरी, 2024 को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और 25 जनवरी, 2024 को बंद होगा। डीएसपी म्यूचुअल फ़ंड के पैसिव इंवेस्टमेंट और प्रोडक्ट्स के सीएफ़ए, प्रमुख, अनिल घेलानी कहते हैं, हेल्थकेयर एक संरचनात्मक विकास की कहानी है, दोनों सेक्टर में कंपनियों के फ़ाइनैंशियल विकास के साथ ही साथ मेडिकल सेक्टर में प्रगति के कारण निजी तौर पर हमारे कल्याण की दिशा में भी काम आगे बढ़ रहा है। कई भारतीय हेल्थकेयर कंपनियों में समय के साथ फ़ायदेमंद तरीके से बढ़ने की अच्छी और दीर्घकालिक क्षमता है और एक अनुकूल नीति के हिस्से के रूप में 'आयुष्मान भारत' जैसे महत्वाकांक्षी सरकारी उपायों से इस क्षेत्र में विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। आप कम लागत वाले, निष्क्रिय रूप से प्रबंधित इंडेक्स फ़ंड में इंवेस्ट करके इस सेक्टर की संभावित वृद्धि का लाभ उठाने पर विचार कर सकते हैं। हालाँकि निफ़्टी हेल्थकेयर इंडेक्स फ़ार्मास्यूटिकल्स, अस्पतालों, पैथोलॉजी और हेल्थकेयर रीसर्च और टेक्नॉलॉजी में विविधता लिए हुए होता है, लेकिन एक सेक्टर फ़ंड होने के नाते, यह रिटर्न क्षमता के अनुरूप अपेक्षाकृत अधिक जोखिम लिए हो सकता है।

# एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 24 में दिसंबर महीने में रिकॉर्ड 50% की वृद्धि दर्ज की


**तुलना**

**निजी सामान्य बीमा उद्योग की तुलना में दोगुने से अधिक की बढ़ोतरी**



**मुंबई।** भारत की अग्रणी जनरल इंश्योरेंस कंपनियों में से एक, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस वित्त वर्ष 24 के दिसंबर महीने में 50% की मजबूत वृद्धि के साथ 1001 करोड़ रुपये की जीडीपी हासिल करने में सफल रही है। निजी बीमा उद्योग की कुल वृद्धि में कंपनी का योगदान लगभग 14% रहा, जो वित्त वर्ष 24 के दिसंबर महीने में सबसे अधिक वृद्धि है। कंपनी के व्यापक प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के साथ-साथ वितरण और इसकी पहुंच की बदौलत वित्त वर्ष 24 के दिसंबर महीने में एसबीआई जनरल की निजी बाजार हिस्सेदारी में सुधार हुआ और यह बढ़कर 6.41% पहुंच गई, और पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले इसकी बाजार हिस्सेदारी में 137 आधार अंकों का सुधार देखने को मिला। दिसंबर महीने में रिटेल, कमर्शियल और ग्रामीण और कृषि व्यवसाय में भी मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। हेल्थ, होम, कमर्शियल और मोटर समेत अन्य व्यवसायों में मजबूत मौजूदगी के साथ कंपनी पर्सनल एक्सिडेंट सेगमेंट में नंबर 1 की पोजीशन पर बनी हुई है। वित्त वर्ष 23-24 के नौ महीनों में सामान्य बीमा उद्योग ने 14% की वृद्धि दर्ज की, जबकि कंपनी ने इस समयावधि के दौरान 23% की वृद्धि हासिल की है। यह वृद्धि मुख्य रूप से स्वास्थ्य और मोटर सेगमेंट से संचालित है, जिसका योगदान सामान्य बीमा क्षेत्र में सर्वाधिक है। कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन पर अपनी बात रखते हुए एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ किशोर कुमार पोलुदासु ने कहा, हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमने दिसंबर प्रीमियम में 50% की वृद्धि दर्ज की है और वित्त वर्ष 24 के पहले नौ महीनों में 23% की स्थायी वृद्धि हासिल की है, जो एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस मजबूत वृद्धि का श्रेय ग्राहकों को प्राथमिकता देने के हमारे नजरिये के प्रति हमारी मजबूत प्रतिबद्धता को जाता है। हम मुनाफे के साथ लगातार सतत विकास हासिल करते रहेंगे। आगे बढ़ते हुए हम 2024 को निरंतर विकास के वर्ष के रूप में देखते हैं, क्योंकि हम उद्योग में नए मानक स्थापित करते रहेंगे।

# सोना 400 रुपए लुढ़का, चांदी 600 रुपये फिसली



**नई दिल्ली।** दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 400 रुपये की गिरावट के साथ 63,050 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। चांदी भी इस दौरान 600 रुपए टूटकर 75,800 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई।

कमजोर वैश्विक रुख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 400 रुपये की गिरावट के साथ 63,050 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी भी इस दौरान 600 रुपए टूटकर 75,800 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना और चांदी गिरावट के साथ क्रमशः 2,024 डॉलर प्रति औंस और 22.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार करती दिखी।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि डॉलर सूचकांक में मजबूती तथा अमेरिका में ट्रेजरी प्रतिफल बढ़ने से सोने पर दबाव देखा गया। कॉमेक्स पर सोने का हाजिर भाव 25 डॉलर की गिरावट के साथ 2,024 डॉलर प्रति औंस रह गया। गांधी ने कहा कि निवेशक दिसंबर के अमेरिकी खुदरा बिक्री आंकड़ों पर करीब से नजर रखेंगे जो बुधवार को जारी किया जाएगा और फेडरल रिजर्व के कई सदस्यों के भाषण से मौद्रिक नीति ब्याज दर के रुख की जानकारी मिलेगी।

# फैबइंडिया द्वारा प्रस्तुत द बिग स्प्रिंग के साथ वसंत का हार्दिक स्वागत कीजिए

**कानपुर।** वसंत का सीज़न अब कुछ ही दिनों दूर है! इस अवसर पर, फैबइंडिया ने फैशन और लाइफस्टाइल के प्रेमियों के लिए द बिग स्प्रिंग कलेक्शन लॉन्च किया है। इस उत्सव में, आप स्टाइल, शिल्प, और सस्टेनेबलिटी, तीनों का आनंद उठा सकते हैं। यह पेशकश पारंपरिक हस्तशिल्प और उचित मूल्यवर्धित उत्पादों का मिलन है। द बिग स्प्रिंग 9 जनवरी 2024 से 350 से अधिक फैबइंडिया स्टोर पर उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त, आप इन्हें fabindia.com और फैब इंडिया ऐप के माध्यम से ऑनलाइन भी खरीद सकते हैं। बिग स्प्रिंग कलेक्शन एक अद्वितीय संगम है जहाँ पारंपरिक परिधान और सौम्यता का मिलन होता है। इस श्रृंखला में संरक्षित और स्थायी वस्त्र न केवल वसंत के उत्साह को जीवंत करते हैं, बल्कि यह फैबइंडिया के द्वारा प्रस्तुत फैशन और कला की श्रेष्ठता का प्रतीक भी है। चाहे आपको ऑफिस के लिए एक नया लुक चाहिए, किसी अद्वितीय अवसर में उपस्थित होना हो, या फिर किसी विशेष अवसर के लिए तैयारी करनी हो, फैब इंडिया की इस नई पेशकश



से आपकी हर मांग और आवश्यकता का समाधान मिलेगा। बिग स्प्रिंग कलेक्शन एक अद्वितीय संगम है जहाँ पारंपरिक परिधान और सौम्यता का मिलन होता है। इस श्रृंखला में संरक्षित और स्थायी वस्त्र न केवल वसंत के उत्साह को जीवंत करते हैं, बल्कि यह फैबइंडिया के द्वारा प्रस्तुत फैशन और कला की श्रेष्ठता का प्रतीक भी है। चाहे आपको ऑफिस के लिए एक नया लुक चाहिए, किसी अद्वितीय अवसर में उपस्थित होना हो, या फिर किसी विशेष अवसर के लिए तैयारी करनी हो, फैब इंडिया की इस नई पेशकश से आपकी हर मांग और आवश्यकता का समाधान मिलेगा। नवीनतम रेंज में कुर्ते, साड़ियाँ, शर्ट, और पैंट्स की आधुनिक वैविध्य से आप अपने पसंदीदा वस्त्र चुन सकते हैं। आपकी शैली को और भी आकर्षक बनाने के लिए, ट्रेंडी भारतीय आभूषण, बैग, और जूते के अलावा सभी प्रकार के एक्सेसरीज़ भी उपलब्ध हैं। अगर आप अपने घर की सजावट और उपहार के लिए कुछ खास खोज रहे हैं, तो फैबहोम कलेक्शन आपके लिए एक शानदार विकल्प है। और ज़रा सोचिए, बैग बड़ा तो बचत भी बड़ी! फैबइंडिया के रिटेल प्रेसिडेंट, श्री अजय कपूर ने ÷बिग स्प्रिंग÷ के बारे में इस प्रकार स्पष्ट किया, ÷हमारे पैट्रन के लिए वार्डरोब और घर की सजावट अपग्रेड करने के लिहाज़ से स्प्रिंग के आगमन का विशेष महत्व है। हम भारतीय हैंड ब्लॉक प्रिंट और पारंपरिक बुनकरी शिल्प से सजे कॉटन और फाइन लिनेन में ऑफिस, घर और सफर के दैनिक पहनावों से लेकर खास समारोहों और शादियों के लिए उम्दा बुनकरी सिल्क और सिल्क ब्लेंड भी पेश करते हैं।

# ओरायन इंडिया ने अपने लोकप्रिय स्नैक टर्टल चिप्स के लिए पलक तिवारी को बनाया ब्राण्ड अम्बेसडर

**नई दिल्ली।** जानी-मानी दक्षिण कोरियाई स्नैक कंपनी ओरायन इंडिया ने भारत में अपने सॉल्टी प्रोडक्ट लाईन, टर्टल चिप्स के लिए बॉलीवुड अभिनेत्री पलक तिवारी को ब्राण्ड अम्बेसडर नियुक्त किया है। लोकप्रिय कोरियन स्नैक टर्टल चिप्स को चार गुना क्रंच के लिए जाना जाता है, इसकी अनूठी चार परतों वाली शेप टरटॉइज़ के शैल की तरह दिखती है।

अब से पलक तिवारी ब्राण्ड का नया चेहरा होंगी और टर्टल चिप्स के स्पाइसी डेविल फ्लेवर को दशार्ने वाले नए विज्ञापन में नज़र आएंगी। पलक का व्यक्तित्व टर्टल चिप्स के क्रंच और फ्लेवर से मैच करता है, ऐसे में वे ब्राण्ड के लिए परफेक्ट चुनाव हैं।

सौरभ सेठ, सीईओ, ओरायन इंडिया ने इस साझेदारी पर उत्सुकता व्यक्त करते हुए कहा, ''हाल ही के वर्षों में उपभोक्ताओं की पसंद में काफी बदलाव आया है, वे स्नैकिंग कैटेगरी में इंटरनेशनल टेस्ट, नए और स्पाइसी फ्लेवर्स को पसंद करने लगे हैं। भारत के युवाओं में




बोल्ड विकल्पों की ओर झुकाव बढ़ा है, उनकी पसंद को ध्यान में रखते हुए ब्राण्ड भी नए प्रोडक्ट्स ला रहे हैं। हमारी टर्टल चिप्स के स्पाइसी डेविल वेरिएन्ट ने अपने कोरियन स्पाइसी स्वाद के साथ भारतीय चिप्स मार्केर्ट में खास जगह बना ली है। आज बड़ी संख्या में उपभोक्ता इस वेरिएन्ट को पसंद कर रहे हैं। इसी तरह मैक्सिन लाईम फ्लेवर भी लोगों का पसंदीदा इंटरनेशनल फ्लेवर बन गया है। प्रोडक्ट में खुद ओरायन के गुण हैं जो चार परतों पर कोन से बने स्नैक्स के साथ बेहतरीन क्रंच का अनुभव प्रदान करते हैं।

हमने बाज़ार में अपनी मौजूदगी बढ़ाने का लक्ष्य रखा है ऐसे में पलक तिवारी को अपना ब्राण्ड अम्बेसडर बनाते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है; हमारा यह कदम भारतीय युवाओं को ब्राण्ड की ओर लुभाने में कारगर होगा। पलक का व्यक्तित्व और उनका आकर्षण टर्टल चिप्स से मेल खाता है, खासतौर पर स्पाइसी डेविल फ्लेवर का स्पाइसी ट्विस्ट रोज़मरा में स्नैकिंग का शानदार अनुभव प्रदान करता है। हमें विश्वास है कि यह साझेदारी ब्राण्ड की पहुंच और विज़िबिलिटी बढ़ने में कारगर होगी और ब्राण्ड को बड़ी संख्या में जनरेशन ए, जनरेशन ज़ी और मिलेनियल्स के साथ जोड़ेगी।श

इस साझेदारी को लेकर उत्सुक पलक तिवारी ने कहा, ''ओरायन के टर्टल चिप्स के साथ साझेदारी करते हुए मुझे बहुत खुशी का अनुभव हो रहा है। टर्टल चिप्स के स्पाइसी डेविल फ्लेवर के लिए विज्ञापन में काम करना मज़ेदार अनुभव रहा। यह विज्ञापन ब्राण्ड के विचित्र गुणों को खूबसूरती से दशर्कों के समक्ष प्रस्तुत करता है।''

# अब यूपीआई से विदेश में भी भुगतान होगा संभव

NPCI भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम NATIONAL PAYMENTS CORPORATION OF INDIA

**नई दिल्ली।** गूगल इंडिया डिजिटल सर्विसेज और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम की सहयोगी कंपनी एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) ने एक समझौता किया है। इसके तहत विदेश जाने वाले भारतीय यात्री देश के बाहर भी गूगल पे का इस्तेमाल कर भुगतान कर सकेंगे। अब आप यूपीआई के जरिये विदेश में भी भुगतान किया जा सकेगा। इसके लिए गूगल इंडिया डिजिटल सर्विसेज और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम की सहयोगी कंपनी एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) ने एक समझौता किया है। इसके तहत विदेश जाने वाले भारतीय यात्री देश के बाहर भी गूगल पे का इस्तेमाल कर भुगतान कर सकेंगे। इस नए समझौते के बाद नकदी ले जाने और अंतरराष्ट्रीय भुगतान गेटवे की मदद लेने की जरूरत नहीं होगी। समझौते के बाद एनआईपीएल के सीईओ रितेश शुक्ला ने कहा, यह रणनीतिक साझेदारी न केवल भारतीय यात्रियों के लिए विदेशी लेनदेन को सरल बनाएगी बल्कि हमें एक सफल डिजिटल भुगतान प्रणाली के संचालन की विशेषज्ञता को अन्य देशों में विस्तारित करने में भी मदद करेगी। इस समझौते के बाद वैश्विक स्तर पर यूपीआई की उपस्थिति मजबूत होगी। विदेशी व्यापारियों को उन भारतीय ग्राहकों तक पहुंच मिलेगी तो ग्राहकों को अब डिजिटल भुगतान करने के लिए केवल विदेशी मुद्रा और क्रेडिट या विदेशी मुद्रा कार्ड पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। समझौते के बाद गूगल पे ने बयान जारी कर बताया कि समझौते के तीन प्रमुख उद्देश्य हैं। सबसे पहले यह भारत के बाहर यात्रियों के लिए यूपीआई भुगतान को व्यापक बनाएगा, इससे लोग विदेश में विदेश में आसानी से लेनदेन कर सकेंगे।

# जीएसके का नया कैंपेन सात वैक्सीनेशन के साथ सेवन स्टार प्रोटेक्शन देने के लिए करेगा प्रोत्साहित



**लखनऊ।** ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (जीएसके) ने आज 1 से 2 साल की उम्र के शिशुओं को कई प्रकार की गंभीर बीमारियों के संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करने वाले विभिन्न टीकाकरण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मल्टी-चैनल कैंपेन लॉन्च किया। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स इस उम्र के बच्चों को 7 टीके लगवाने का सुझाव देता है। इनमें चिकनपॉक्स और हेपेटाइटिस ए की पहली डोज, मेनिंजाइटिस व एमएमआर की दूसरी डोज, पीसीवी एवं डीटीपी एचआईबी आईपीवी की बूस्टर डोज और फ्लू की वार्षिक डोज शामिल हैं। वैसे तो भारत में पहले साल लगने वाले टीके की कवरेज बहुत अच्छी है, लेकिन दूसरे साल में ड्रॉप आउट बढ़ जाता है। देश में बड़ी संख्या में बच्चों का आंशिक रूप से ही टीकाकरण हुआ है। ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन फार्मास्युटिकल्स, इंडिया की एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट मेडिकल अफेयर्स डॉ. रश्मि हेगड़े ने कहा पिछले तीन वर्षों में देश में चिकनपॉक्स, मीजल्स और फ्लू जैसी कुछ ऐसी बीमारियों के संक्रमण के मामले सामने आए हैं जिनसे टीकाकरण की मदद से बचाव संभव है। वैक्सीन से बचाव वाली बीमारियां मात्र शॉर्ट टर्म में ही बच्चों के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव नहीं डालती हैं बल्कि इनसे बच्चों के संपूर्ण विकास पर लंबी अवधि में भी व्यापक दुष्प्रभाव पड़ता है टीकाकरण के पूरे शेड्यूल का पालन करने से स्वस्थ एवं प्रसन्न बचपन सुनिश्चित होता है इससे यह भी सुनिश्चित होता है कि बच्चे स्वस्थ वयस्क के रूप में बड़े हों। इस कैंपेन के माध्यम से हम माता-पिता से कहना चाहते हैं कि अपने बच्चों के दूसरे वर्ष में भी उनके लिए तय किए गए टीके उन्हें अवश्य लगवाएं। जीएसके का कैंपेन माता-पिता को दूसरे वर्ष में भी टीकाकरण के शेड्यूल का पूरी तरह पालन करने के लिए प्रेरित करेगा, जिससे इस तरह की बीमारियों से उनके बच्चों की लगातार सुरक्षा सुनिश्चित हो। आंशिक टीकाकरण बच्चों को संक्रामक बीमारियों के कारण गंभीर परेशानियों के खतरे में डाल सकता है।

## मीशो ने लखनऊ में नॉन-जीएसटी विक्रेताओं को सशक्त बनाने के लिए 'उद्योग मित्र' का अनावरण किया

**लखनऊ।** भारत के एकमात्र ट्रू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, मीशो ने 'उद्योग मित्र' की शुरुआत की है। इस पहल द्वारा व्यवसाय मालिकों को ऑफ़लाइन बिक्री से ऑनलाइन बिक्री शुरू करने के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त हो सकेगा। मार्गदर्शन के लिए प्रदान किए जाने वाले सत्रों में व्यवसाय को डिजिटल बनाने, प्रभावी मार्केटिंग की रणनीतियों, ग्राहकों को आकर्षित करने और ई-कॉमर्स की चुनौतियों से निपटने के बारे में जानकारी दी जाएगी। उद्योगमित्र कार्यक्रम के अंतर्गत, मीशो लखनऊ से विशेषज्ञों और हाल ही में ई-कॉमर्स में उतरने वाले विक्रेताओं को एक मंच पर ला रहा है, और नॉन-जीएसटी विक्रेताओं के लिए मेंटरिंग के सत्रों का आयोजन कर रहा है। मीशो ऑफ़लाइन से ऑनलाइन आने वाले व्यापार मालिकों के सामने आने वाली चुनौतियों को पहचानता है। यह प्लेटफ़ॉर्म हाल ही में दो महीने से भी कम समय में 25,000 से ज्यादा नॉन-जीएसटी विक्रेताओं को ऑनलाइन लाने की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर चुका है। यह रणनीतिक कदम जीएसटी परिषद द्वारा की घोषणा के बाद उठाया गया, जिसके द्वारा ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों को 40 लाख रुपये तक के टर्नओवर वाले नॉन-जीएसटी विक्रेताओं को ऑनलाइन लाने की अनुमति मिल गई थी। इस प्रगति ने लाखों नए विक्रेताओं के लिए डिजिटल कॉमर्स में आ रही क्रांति में शामिल होना संभव बना दिया। मेघा अग्रवाल, सीएक्सओ, बिज़नेस एट मीशो ने कहा, ÷जैसे-जैसे डिजिटल अनुभवों का विकास हो रहा है, वैसे-वैसे मीशो छोटे व्यवसायों को ऑनलाइन मार्केटप्लेस में उतरकर व्यवसाय करने के लिए ज़रूरी कौशल और ज्ञान प्रदान करने की ज़रूरत को पहचान रहा है। 'उद्योग मित्र' उद्यमियों का एक समृद्ध समुदाय विकसित करने की मीशो की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। मेंटरशिप और मार्गदर्शन की मदद से इस पहल का उद्देश्य विक्रेताओं को उनके डिजिटल सफ़र में सशक्त बनाना है, ताकि वो न केवल चुनौतियों का सामना करें बल्कि ई-कॉमर्स की गतिशील दुनिया में अपना व्यवसाय भी बढ़ा सकें।

## फायरस्टोन ने 5 साल की वारंटी के साथ अपना अत्याधुनिक रोडहॉक 2 जेड टायर लॉन्च किया

**पुणे।** फ़ायरस्टोन, एक वैश्विक ब्रांड, जिसकी 120 साल पुरानी विरासत है, ने आज अपना फ़ायरस्टोन रोडहॉक 2जेड पेश किया है, जो अगली पीढ़ी का टायर है और इसे शानदार स्थानीय और उन्नत तकनीकी विशेषताओं के साथ





बनाया गया है। 5 वर्ष की वारंटी के साथ समर्थित, यह टायर नई उद्योग मानकों को स्थापित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, इस टायर में अपूर्व प्रदर्शन, बेहतर सुरक्षा, श्रेष्ठ माइलेज और उत्कृष्ट ब्रेकिंग क्षमताएँ मिलती हैं। फायरस्टोन का रोडहॉक 2जेड टायर हैचबैक, सेडान और सी यू वी बाजार की मांग को पूरा करेगा। फायरस्टोन का रोडहॉक 25 टायर 12 से 16-इंच रिम आकार की अनुकूलता के साथ बनाया गया है।

हमारे लिए यह एक गर्व का क्षण है कि हमने अमेरिका के प्रतिष्ठित टायर ब्रैंड को पेश करने का निर्णय लिया है और हमारे उत्पादों में रोडहॉक 2जेड को शामिल किया गया है। टायर उद्योग में फ़ायरस्टोन का 1900 के दशक से चली आ रही एक समृद्ध विरासत है। हम यकीन रखते हैं कि रोडहॉक 2जेड ग्राहकों और हमारे चैनल पार्टनर्स के बीच अच्छी स्वीकार्यता प्राप्त करेगा, मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी राजर्षि मोइत्रा ने कहा। ज्यादा माइलेज की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, इस टायर में एक अद्वितीय कम्पाउंड शामिल किया गया है, जिसमें उच्च कार्बन ब्लैक अनुपात होता है, जो बेहतर रोलिंग प्रतिरोध प्रदान करता है और टायर पर घर्षण को कम करता है। इसको मजबूत मटेरियल के साथ सुदृढ़ किया गया है, जिससे ब्रेकिंग प्रदर्शन में सुधार होता है और साथ ही सड़कों पर मजबूत ग्रिप भी सुनिश्चित होती है।

# इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक के दो दिवसीय व्यवसायिक दौरे के दौरान लखनऊ में दो एमओयू पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक महेश कुमार बजाज प्रदेश में अपने दो दिवसीय दौरे पर लखनऊ आए हुए हैं। इन दो दिनों के व्यवसायिक दौरे में दिनांक 16.01.2024 को श्री बजाज ने लखनऊ में प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारियों से भेंट की और ग्राहक बैठक में बैंक के ग्राहकों एवं उद्यमियों से भी मुलाक़ात की। लखनऊ के बाद वे सीतापुर अंचल का दौरा करेंगे। श्री बजाज आज डॉ जितेन्द्र सिंह तोमर, निदेशक, कृषि निदेशालय, उप्र से मिले और उनसे सरकार द्वारा किसानों को सोलर पम्प दिए जाने संबंधी योजना पर चर्चा की। आज ही उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लि. के अध्यक्ष आशीष कुमार गोयल (आईएएस ) और बैंक के कार्यपालक निदेशक महेश कुमार बजाज द्वारा पूरे प्रदेश में बिजली का बिल इंडियन बैंक की समस्त शाखाओं के माध्यम से जमा किए जाने के संबंध एक ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया।



साथ ही आज बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री महेश कुमार बजाज तथा क्षेत्र महाप्रबंधक श्री पंकज त्रिपाठी की उपस्थिति में सहकारी गन्ना एवं चीनी मिल समितियों के लेखा संबंधी कार्यों के डिजिटलीकरण एवं ऑटोमेटेड गन्ना मूल्य भुगतान हेतु बैंकिंग पार्टनर÷ चयन किए जाने के संबंध में एक ज्ञापन (एमओयू) पर डॉ. वी. बी. सिंह, अपर गन्ना आयुक्त (समितियाँ),उप्र एवं बैंक के अंचल प्रबंधक श्री प्राणेश कुमार द्वारा एक ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। श्री बजाज ने बताया कि इंडियन बैंक का चयन सहकारी गन्ना एवं चीनी मिल समितियों के लेखा संबंधी कार्यों के डिजिटलीकरण एवं ऑटोमेटेड गन्ना मूल्य भुगतान हेतु बैंकिंग पार्टनर के रूप में किया गया है। श्री बजाज ने कहा कि हमें दृढ़ विश्वास है कि प्रदेश में और देश के अन्य राज्यों में हमारी डिजिटल सेवाओं के व्यापक अनुभव का लाभ सहकारी गन्ना एवं चीनी मिल समितियों को भी मिल पाएगा और गन्ना किसानों को डिजिटल सेवा की सभी विशेषताओं यथा त्वरित, पारदर्शी और सुगम बैंकिंग आदि के आधुनिक वातावरण का सुखद अनुभव प्राप्त होगा।

प्रदेश में विभिन्न डिजिटल बैंकिंग सुविधाओं के नए व्यवसायिक अवसरों के संबंध में बजाज ने वीणा कुमारी मीणा (आईएएस) प्रमुख सचिव एवं प्रवीर कुमार (सेवानिवृत्त आईएएस),अध्यक्ष, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, उप्र से भी औपचारिक भेंट की। उन्होंने डॉ ब्रजेश राठौर, महानिदेशक, डीजीएमस से मुलाक़ात की और सीएमओ को 84 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो के बैंक खातो का पासबुक प्रदान किया।

प्रदेश के विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारियों से व्यवसायिक मुलाकातों के बाद श्री बजाज के द्वारा अपने शाखा प्रबंधकों तथा आरएसी की समीक्षा की गयी। इसके बाद उन्होंने बैंक द्वारा आयोजित ग्राहक - बैठक में ग्राहकों को संबोधित किया और इंडियन बैंक द्वारा प्रदेश में प्रदान की जा रही विभिन्न बैंकिंग सेवा की जानकारी दी।

# अध्यात्म और वीरता के अद्भुत संगम थे गुरु गोविंद सिंह: गौरव तिवारी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** गुरु गोविंद सिंह अध्यात्म और वीरता के अद्भुत संगम थे। कवि होने के साथ साथ आध्यात्मिक गुरु होना और उस पर भी ऐसा योद्धा जो सवा लाख से एक लड़ाने का दम भरता हो, अद्भुत है।

उक्त बातें डॉक्टर गौरव तिवारी ने बुधवार को बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भंते सभागार में गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर 'भारतीय संस्कृति और गुरु गोविंद सिंह' विषयक संगोष्ठी को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में धर्म की हानि होने पर उसका उद्धारक आने की बात कही गई है। गोविंद सिंह अपने समय के धर्म उद्धारक ही थे। डॉ तिवारी ने गुरु गोविंद सिंह के ग्रन्थों से उद्धरण देते हुए कहा कि एक योद्धा होने के बावजूद उन्होंने ईश्वर-प्राप्ति के



लिए 'प्रेम' को ही सबसे महत्त्वपूर्ण माना। हजारी प्रसाद द्विवेदी ने अपने ग्रन्थ 'सिख गुरुओं का पुण्य स्मरण' में लिखा है कि गुरु गोविंद सिंह ने अनुदित एवं विभिन्न सन्तों द्वारा लिखित ग्रंथ का सम्पादन कराया जिसका वजन उस समय 'नौ मन' था। उन्होंने भारतीय संस्कृति और गुरु गोविंद सिंह के जीवन दर्शन के परस्पर सम्बन्धों को व्याख्यायित करते हुए गुरु गोविंद सिंह के आध्यात्मिक एवं दार्शनिक चिन्तन के महत्त्व पर बल दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ब्रजेश कुमार सिंह ने गुरु गोविंद सिंह के आदर्शों पर चलने हेतु छात्र छात्राओं को प्रेरित किया। सारस्वत वक्ता प्राचीन इतिहास विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर वीरेन्द्र कुमार ने गुरु गोविंद सिंह के नेतृत्व में लड़े गए प्रमुख युद्धों के कारणों एवं परिणामों पर विस्तृत विमर्श प्रस्तुत किया। ऐतिहासिक क्रम में घटनाओं का विवरण देते हुए उन्होंने गुरु गोविंद सिंह के पराक्रम और करुणा के अद्भुत सामंजस्य की सोदाहरण चर्चा की। खालसा पन्थ की स्थापना के घटनाक्रम पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने गुरु गोबिंद सिंह के नेतृत्व क्षमता एवं उनके पराक्रम का अत्यन्त रोचक वर्णन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती प्रतिमा के पुष्पार्चन से हुआ। महाविद्यालय के तृतीय वर्ष की छात्रा शाम्भवी मिश्रा एवं ममता गुप्ता ने स्वागत-गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डॉ सौरभ द्विवेदी ने किया।

- बुद्ध पीजी कालेज में गुरु गोविंद सिंह के जयंती पर आयोजित था संगोष्ठी

## मुठभेड़ में अंतर्राज्जीय टप्पेबाज को लगी गोली, साथी भी गिरफ्तार



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक व एटीएम के पास भोले भाले लोगों को नोट की गड्डी का झांसा देकर अपना शिकार बनाने वाले अंतर्राज्जीय टप्पेबाज पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया जबकि उसका साथी भी गिरफ्तार हो गया।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक धवल जयसवाल ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि थाना रविन्द्रनगर धूस, को0 पडरौना, सर्विलांस व स्वाट की संयुक्त टीम द्वारा रहसु नहर के पास चेकिंग की जा रही थी कि दो मो0 सा0 सवार बहद ग्राम की तरफ से नहर की पटरी से सड़क के रास्ते आते हुये दिखायी दिया। जिनको रोकने का प्रयास किया गया तो मोटरसाइकिल सवार अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से गोली चलायी गयी जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त श्यामसुंदर गौड़ पुत्र सत्यदेव गोंड़ निवासी मथौली थाना विजयीपुर जनपद गोपालगंज बिहार घायल हो गया जबकि एक अन्य अभियुक्त राजेश यादव पुत्र लक्ष्मन यादव निवासी चुगड़ी थाना विजयीपुर जनपद गोपालगंज बिहार को गिरफ्तार कर लिया गया तथा मौके से अभियुक्तों के पास से एक तमंचा 315 बोर, एक फॉयर शुदा खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस, एक पल्सर मोटरसाइकिल व 23600 रु. नगद व दो मोबाईल बरामद की गयी। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर उपरोक्त अभियुक्तों के विरुद्ध केस दर्ज कर आवश्यक कार्यवाई की जा रही है।

## दसवें पातशाह के प्रकाश पर्व पर हुए विविध कार्यक्रम



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** खालसा पंथ के संस्थापक दसवें पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। बुधवार को नगर स्थित चाणक्यपुरी मोहल्ले में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी लंगर आयोजन समिति के तत्वावधान में चल रहे कार्यक्रम के मध्य दसवें गुरु के प्रकाश पर्व पर पंजाब से पधारे बाबा मनोहर सिंह की अगुवाई में सहज पाठ के भोग पड़े अरदास हुई। उसके बाद भजन कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया गया पश्चात इसके एक विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के जीवन दर्शन पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए डॉ अर्जुन पांडेय ने कहा की धर्म की रक्षा के लिए गुरु जी का असीम त्याग है जिसे संसार सदैव याद रखेगा।उनकी शिक्षाओं का आज संसार अनुसरण कर रहा है। डॉ अवधेश बेलौरा ने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए जितना बड़ा बलिदान श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने दिया है वह अन्यत्र दुर्लभ है। विचार गोष्ठी को सदाशिव पांडे डॉ विजयलक्ष्मी सिंह शिवम तिवारी संजीव भारती आदि ने भी संबोधित किया। इसके बाद विराट लंगर का आयोजन हुआ। लंगर तैयार करने भाजपा नेत्री रश्मि सिंह भी पहुंची। इस मौके पर सरदार हरबंस सिंह सरदार सुक्खा सिंह सरदार गुरविंदर सिंह परमजीत कौर साधना त्रिपाठी दीपमाला त्रिपाठी श्रीमती त्रिपाठी सतीश मिश्र श्रवण कुमार मिश्र अनूप सिंह लव कुश यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# रुपए के विवाद में हुई थी सतीश चंद्र की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** कसया थाना क्षेत्र में बीते 31 दिसंबर की रात एक युवक की हत्या रूपए कि लेनदेन के विवाद के बाद कर दी गई। इस हत्याकांड में शामिल हत्यारोपी को पुलिस ने क्षेत्र के विशुनपुर कट से गिरफ्तार कर लिया। उसके निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल नुकीलेदार लकड़ी का डंडा बरामद किया।

- रिश्तेदार व व्यापारियों को ब्याज का लालच देकर लाखों रूपए लेते थे उधार
- हत्यारोपी को एक लाख रुपए देने का मृतक सतीश ने वादा किया था

बुधवार को प्रेसवार्ता के दौरान एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि आरोपी मुरारी यादव उर्फ साधू पुत्र शंकर यादव निवासी सपहा नौका टोला व मृतक सतीश चन्द्र यादव उर्फ पप्पू यादव विगत चार वर्षो से अपने





हत्याकांड का खुलासा करते एसपी धवल जायसवाल

रिश्तेदारों व व्यापारियों को मोटे व्याज का लालच देकर उनसे लाखों रुपए उधार लेते थे जिसके क्रम में कई लोगों से विवाद की स्थिति थी। मृतक सतीश चन्द्र यादव ने वर्ष 2023 के आखिरी दिन यानी 31 दिसंबर 2023 को शाम को 08 बजे तक कुल आधा दर्जन लोगो को भारी रकम देने का वादा किया था तथा आरोपी मुरारी यादव उर्फ साधू को भी एक लाख रुपया उसकी दो महिने बाद होने वाली शादी की तैयारी के लिए देने का वादा किया था। मृतक सतीश चन्द्र यादव हर बार आरोपी मुरारी यादव को जब पैसा देने की बारी आती थी तो उसके हिस्से का रुपया खुद व परिवार की एलआईसी करवाने में लगा देता था। इन दोनों के मन मुटाव की शुरुआत दिनांक 28 अक्टूबर 2023 को तीन लाख रुपये के बटवारे को लेकर हुयी थी जिसमें मृतक सतीश उपरोक्त अपने एलआईसी ऐजेन्ट से लगभग 03 लाख रुपया जीवन आनन्द नामक एलआईसी पालसी में अपने नाम जमा करा दिया तथा बीते 31 दिसंबर 2023 को जब मृतक उपरोक्त को आरोपी मुरारी यादव उर्फ साधू को एक लाख रुपया देना था तो भी मृतक ने एक लाख रुपया छल से उक्त तिथि को क्रमशः अपनी लड़की व छोटे लड़के की जीवन तरुण एलआईसी में क्रमशः 50 हजार व 40 हजार रुपया समय करीब शाम के 07 बजे जमा करा दिया। यह बात आरोपी को नागवार गुजरी तथा उसी दिन मृतक द्वारा बताया गया कि आज मै रुपये देनदारों को दूंगा यह बात पूरे गांव में व आरोपी मुरारी यादव को पता लग गयी।

### शराब लाने व पीने की बात पर पुलिया के पास पहुंच गया था आरोपी

31 दिसंबर 2023 को रात्रि 10 बजे के आस पास मृतक द्वारा शराब लाने व पीने का आमत्रंण देते ही तुरन्त आरोपी खरदर पुलिया में पहुंच गया तथा दोनों शराब पीने के बाद वाद विवाद करने लगे। मौके का फायदा उठाकर जैसे ही मृतक सतीश चन्द्र यादव सड़क से हटकर कच्चे रास्ते में पेशाब करने के लिए गया तो पीछे से मौका देखकर 12 बोर के तमन्चे से मुरारी यादव ने उसके उपर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया लेकिन किया हुआ फायर लक्ष्य से भटककर हवा में चला गया तथा पूर्व से बनायी गयी योजना के अनुसार वही पर पड़े नुकीले भारी कठोर लकडी के मोटे डंडे से मृतक के सर के पीछे जोरदार प्रहार करके वही हत्या कर दी तथा घटना को आपराधिक कृत्य का रुप देने के लिए मोटरसाइकिल को गिराकर मृतक की हेलमेट को दूर लटका दिया तथा मोटरसाइकिल को क्षतिग्रस्त कर दिया और तमन्चे व कारतूसों को वही पास में मट्टी के ढेर में झुपा दिया और गांव वालों के द्वारा फायर की आवाज सुन कर आने पर जब भीड़ इकट्ठा हो गयी तो सहानुभूति का सहारा लेकर वही पर खड़ा हो गया।

## बैंक गेट से बाहर निकलते ही महिला से 24500 की छिनैती

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कस्बा स्थित बड़ौदा यूपी बैंक से पैसा निकालकर गेट के बाहर निकलते ही महिला से 24500 हजार रुपए छिनैती होने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीड़ित महिला ने तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार मथौली कस्बा निवासी यशोदा देवी पत्नी स्व. बलराम प्रजापति बुधवार को दिन के तकरीबन 12 बजे बड़ौदा यूपी बैंक की शाखा मथौली में पैसा निकालने गई थी। पैसा निकालकर जैसे ही बैंक गेट से बाहर निकली अज्ञात लोगों ने महिला से 24500 हजार रुपए छीनकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अगल बगल के दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे के जरिए जांच पड़ताल में जुट गई। बता दें कि उक्त बैंक की शाखा में बाहर सीसीटीवी कैमरा नही लगा है जिससे उपभोक्ताओं में हमेशा भय का माहौल बना रहता है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार ने बताया कि छिनैती की सूचना मिली है। मौके से पुलिस गई थी जांच पड़ताल की जा रही है।

- मथौली कस्बा स्थित बड़ौदा यूपी बैंक का मामला, बैंक के बाहर नहीं लगा है सीसीटीवी कैमरा

## सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान जारी



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर 14 से 22 जनवरी 2024 तक मुख्यमंत्री द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए गए हैं इस क्रम में बुधवार को चौथे दिन भी जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों प्रमुख बाजारों चौराहा मंदिरों सार्वजनिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव ने बताया कि जनपद की ग्राम पंचायतो में ग्राम प्रधानों सफाई कर्मचारी एवं जन सामान्य द्वारा सफाई अभियान चलाया गया साथ ही सभी मंदिरों पर लगातार सफाई अभियान चलाया जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जनपद के 40 मंदिरों में रामायण पाठ राम कथा भजन कीर्तन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

## सपा नेता ने अधिवक्ता को किया सम्मानित



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** सपा नेता सुखराम चौधरी ने बुधवार को तहसील पहुंचकर अमेठी बार एसोसिएशन के चुनाव में निर्विरोध उपाध्यक्ष बनने पर अधिवक्ता राजेश मिश्र को अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर सपा नेता हीरालाल यादव लवकुश यादव भरत भूषण मिश्र आदि लोग मौजूद रहे।

## कांग्रेस ने प्रभु राम को नकारा था: सांसद



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर चलाये जा रहे स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत देवरिया सदर सांसद डा.रमापति राम त्रिपाठी तथा बैतालपुर नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता पासवान ने बैतालपुर के रुच्चापार मन्दिर पर तथा नपाध्यक्ष अलका सिंह ने देवरिया नगर के श्याम मन्दिर पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ साफ-सफाई किया। इस दौरान सदर सांसद डा.त्रिपाठी ने कहा कि आज कल पूरा देश राममय है, रामभक्ति में सराबोर है, लेकिन प्रभु श्रीराम का जीवन विस्तार, उनकी प्रेरणा, आस्था,भक्ति के दायरे से कहीं ज्यादा है। प्रभु राम सामाजिक जीवन में सुशासन के ऐसे प्रतीक हैं, जो हम सभी के लिए भी बहुत बड़ी प्रेरणा बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि कई सालों के संघर्ष, तपस्या, प्रतिज्ञा और प्रतीक्षा का परिणाम है भव्य राम मंदिर,जो आज मूर्तरूप लेने जा रहा है।प्रभु राम का जीवन देश के बच्चा-बच्चा के लिये आदर्श है।कांग्रेस पर निशाना साधते हुये उन्होंने कहा कि अब देश के प्रत्येक व्यक्ति के साथ-साथ वे लोग भी प्रभु राम के दर्शन करेंगे जिन्होंने कभी उनको नकारा था। नपाध्यक्ष अलका सिंह ने कहा कि भगवान राम का भव्य और दिव्य मन्दिर भाजपा की सरकार में बन रहा है जिसमे रामलला 22 को विराजमान होंगे।इस क्षण की प्रतीक्षा देशवासी 550 वर्षो से कर रहे थे।अब अयोध्या को कर्फ्यू और दंगे नही बल्कि भगवान राम के दर्शन मिलेंगे। इस दौरान बैतालपुर नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता पासवान, मारकंडेय शाही, रमेश वर्मा, गोविंद चौरसिया, जितेन्द्र सिंह, डॉ. राधेश्याम शुक्ला, नीलरतन जायसवाल, अमित मिश्रा, आशीष गुप्ता, जयदीप मणि, दुर्गेश नाथ त्रिपाठी, प्रदीप मद्धेशिया, हंसनाथ यादव आदि रहे।

## खुले में मांस का विक्रय करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह द्वारा दिए गए आदेशों के अनुपालन में जनपद में स्टेशन रोड एवं शहर के अन्य क्षेत्रों में सड़क पर खुले में मांस का विक्रय करने वालों के विरुद्ध आज नगर पालिका परिषद देवरिया तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद देवरिया के संयुक्त टीम द्वारा प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए खुले में मीट, मांस बेचने वालों के अस्थाई निर्माण को ध्वस्त किया गया तथा उनके जाली तथा अन्य सामानों को नगर पालिका टीम द्वारा जप्त कर लिया गया तथा स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई कि खुले में किसी भी प्रकार से मछली एवं मांस का प्रदर्शन एवं विक्रय कदापि न किया जाए। जिनकी पक्की दुकानें हैं वह काले शीशे के अंदर ही स्वस्थ एवं सुरक्षित तरीके से उसका विक्रय करें ताक़ी जन सामान्य एवं गुजरने वाले नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

## विभिन्न समस्याओं को लेकर भाकियू ने दिया ज्ञापन

**अमेठी।** भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष चुन्नू सिंह की अगुवाई में बुधवार को किसानों ने बिभिन्न समस्याओं से सम्बंधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सम्बोधित स्थानीय प्रशासन को सौंपा। दिए गये ज्ञापन मे कहा गया है की जंगल और हरे पेड़ों के कटान तथा ग्राम सभाओं में आवारा पशुओं के चारागाह की जमीन पर दबंगों के कब्जे तथा घूम रहे जानवरों से किसानो की फसले बर्बाद हो रही है। जिससे किसानों की आय घटकर चौथाई हो गई है उनके सुरक्षा और बचाव के लिए शासन द्वारा समयबद्ध कार्यक्रम चलाया तो जा रहा है परंतु कोई निदान नहीं हो रहा है। गांव और शहर में अवैध आरा मशीन और अवैध लकड़ी के टाल अब बेरोजगारों का रोजगार बन रहा है।

## हमारे बुजुर्ग ही हमारे पूंजी है, उन्हें सम्मान देना ही प्रगति का मार्ग है

अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** सुकरौली विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम बरसैना के प्राथमिक विद्यालय परिसर में बुधवार को वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के आयोजक हरिकेश भाई थे अध्यक्षता सत्येन्द्र सिंह संचालन मुनीब गुप्ता ने किया। इस कार्यक्रम आए हुए वरिष्ठ नागरिकों को हरिकेश भाई ने अंग वस्त्र और माल्यार्पण कर सम्मानित किया। वहीं जरूरतमंदों में 500 कम्बल वितरण किए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए हरिकेश भाई ने कहा कि बुजुर्ग और वरिष्ठ नागरिकों



को सम्मान देना ही प्रगति का मार्ग है। वरिष्ठ नागरिक और बुजुर्गो का सम्मान और आशीर्वाद से ही हमें सफलता की मार्ग प्राप्त होता है।

ईसीसी कोचिंग सेंटर के संचालक गंगेश सिंह ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक का मतलब होता है जिसने साठ वर्ष की आयु पूरी की हो समाज के निर्माण में वरिष्ठ नागरिकों ने अपनी अहम भूमिका निभाई है। इस कार्यक्रम मे महेन्द्र भंत्ते समाजसेवी अमरनाथ यादव उधम सिंह संदीप यादव ओमवीर सिंह अगस्त सिंह संतोष कुमार डी.ई कोचिंग सेंटर के संचालक देवेन्द्र सर क्युसीसी के संचालक प्रदीप सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में वरिष्ठ नागरिक एवं वृद्धजन उपस्थित रहे।

## हर वर्ग के लोगों को मिले योजनाओं का लाभ



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** विकास खंड गौरीबाजार क्षेत्र के ग्राम पंचायत मठिया साहू में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रो. (डॉ.) सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी रहे। ब्लॉक गौरीबाजार क्षेत्र के ग्राम पंचायत मठिया साहू तथा ग्राम पंचायत रैश्री में बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि का ग्राम मठिया साहू के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कन्हैया गोड़ ने फूल माला तथा ग्राम रैश्री के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरविन्द कुमार मद्धेशिया ने साल पहनाकर स्वागत किया। और पूर्व विधायक श्री त्रिपाठी ने कहा कि हमारे विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है कि हर विभाग द्वारा हर वर्ग के लोगों तक सरकार द्वारा चालाई जा रही योजनाओं को पहुंचाया जाए। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में प्रत्येक विभागों कृषि विभाग, पशुपालन, बैंक, रसद एवं खाद्य, शिक्षक विभाग सहकारी समिति विभाग पोषाहार विभाग से आए अधिकारियों ने देश भर में चल रही योजनाओं के बारे में जानकारी देकर चल रही योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। यात्रा में मंडल अध्यक्ष आदित्य सिंह, अच्युतानंद तिवारी, हरीश तिवारी, विनोद मिश्र, अमरनाथ यादव, देवेन्द्र राय, सत्यप्रकाश पाण्डेय, बलराम उपाध्याय, प्रिंस आदित्य यादव, अतुल राय, आदि लोग उपस्थित रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** भाटपार रानी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बनकटा अमेठिया, महुजा, कुकुर घाटी एवं जगरनाथ छपरा में विकसित भारत संकल्प का यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में 6 माह के बच्चों का अन्नप्राशन एवं गर्भवती महिलाओं के गोद भराई का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सरकार की योजनाओं को आमजन के समक्ष रखा।

बनकटा अमेठिया में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद रविंद्र कुशवाहा ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही केंद्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने की गारंटी देने का जज्बा अगर किसी के अंदर है तो वो है भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंदर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम



से 10 करोड़ से ऊपर गरीब महिलाओं को जहां निशुल्क गैस कनेक्शन देने का कार्य किया गया है। पंडित गिरीश चंद तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के माध्यम से केंद्र की भाजपा सरकार किसानों को 6000 सालाना नगद राशि देने का कार्य कर रही है। वही कुकुर घाटी में क्षेत्रीय विधायक सभाकुंवर कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश की सरकार गरीब बेटियों के हाथ पीले करने का कार्य कर रही है। 22 जनवरी को रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आप सभी अपने घरों में राम ज्योति जलाएं एवं संकीर्तन करें। ग्राम बनकटा अमेठिया में कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को निशुल्क गैस कनेक्शन दिया गया एवं ग्राम प्रधान लवंगी देवी के सौजन्य से गांव के गरीबों को कम्बल वितरित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से लार के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमित सिंह बबलू, सुशील कुमार शाही, डॉ शम्स परवेज, सुरेश तिवारी, संतोष पटेल, प्रवीण कुमार गिरि, जगरनाथ सिंह,सत्य प्रकाश सिंह, विक्की सिंह, डॉ डी एन द्विवेदी, ए डी ओ पंचायत सुनील सिंह, गिरिश सिंह, भाटपार रानी के ए डी ओ आई एस आई राजेश कुमार, अवर अभियंता नवीन कुमार, डॉ अरविंद सहाय, अनिल शाही मंडल अध्यक्ष, संजय सिंह सैथवार, इंदू भूषण कुशवाहा, राघवेंद्र सिंह, हरिकेश कुशवाहा, पंकज शाही एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## भारत में विकास का नया कीर्तिमान बन रहा: गुड्डन

**सलेमपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को क्षेत्र के सलेमपुर विकास खण्ड के चेरो गाँव मे पहुंची। इस दौरान गांव में आयोजित चौपाल में मुख्य अतिथि भाजपा नेता जयनाथ कुशवाहा गुड्डन ने केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए किसानों में किसान सम्मान निधि पत्र वितरित किया। उन्होंने कहा कि भारत में विकास का नया कीर्तिमान बन रहा है। गांव से लेकर शहर तक एक सामान विकास को रफ्तार दी जा रही है। किसानों के हित को देखते हुए उनके खाते में सम्मान निधि भेजने के साथ ही खाद, बीज की उपलब्धता पर्याप्त की जा रही है, पूर्व की सरकारों में किसानों को खाद बीज के लिए आंदोलन करना पड़ता था। अब सुविधा और स्वास्थ्य जरूरतमंदों को घर तक पहुंचाया जा रहा है। मूलभूत सुविधाओं के साथ भारत के गौरवशाली संस्कृति को सरकार संवारने का काम कर रही है। कार्यक्रम सह-संयोजक बलबीर सिंह दादा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा एक मिशन लेकर निकली है।

## राष्ट्र को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे प्रधानमंत्री मोदी

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** रामपुर कारखाना क्षेत्र के कोन्हवलिया और सिरवनिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ पहुंचने पर क्षेत्र की जनता द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवरिया के सांसद डा रमापति राम त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपस्थित विभागों के अधिकारियों से योजनाओं से लाभान्वित हो रहे लोगों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत आम लोगो को मिले इसीलिए गांव गांव संकल्प यात्रा अभियान चलाया जा रहा है इसके माध्यम से वंचित लोग भी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें यही हमारा प्रयास है। भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में उभर रहा है आज दुनिया के अंदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सम्मान बढ़ा है विश्व के लोग अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर भारत की राय लेते हैं ये विकसित राष्ट्र की तरफ भारत का महत्वपूर्ण कदम है तथा विश्व पटल पर भारत की संस्कृति और सभ्यता का अनुकरण किया जा रहा है।




# हमीरपुर में कठिया गेहूं से किसानों का हो रहा मोह भंग

**कठिया गेहूं की खेती बुंदेलखंड में पुरानी है। इसका उपयोग बिस्किट, सूजी, दलिया, उपमा आदि के रूप में किया जाता है। इस गेहूं में बहुत से गुण हैं। इसका दलिया खाने से पेट की गैस व अर्थराइटिस जैसी बीमारियां नहीं होती हैं**

हिफजुर्रहमान

**हमीरपुर।** कठिया गेहूं की खेती बुंदेलखंड में बहुत पुरानी है।पहले बुन्देलखण्ड विशेष कर हमीरपुर में हर किसान कठिया गेहूं की फसल करता था लेकिन अब जब यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार कठिया गेहूं का उत्पादन करने वाले किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने के लिए कई तरह से उन्हें प्रोत्साहित कर रही है तो हमीरपुर में किसानों का इस फसल से मोह भंग होने लगा है।



पहले जब सिंचाई के साधन न के बराबर थे तब जिले की मुख्य फसलों में से एक कठिया गेहूं अर्थात लाल गेहूं की फसल होती थी। अब जब सिंचाई समेत अन्य संसाधन बढ़ गये हैं तो किसानों का इस गेहूं से मोह भंग होता जा रहा है। जबकि इस गेहूं में प्रचुर मात्रा में फाइबर होता है। यह पेट के रोगों के लिए बहुत अधिक फायदेमंद भी है।

इससे किसी भी प्रकार के खाद व कीटनाशक का उपयोग न होने के कारण यह स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक होता है। इसका दलिया बनाने में और शुगर फ्री खाद्य पदार्थ में उपयोग भी किया जाता है। कठिया गेहूं के नाम से मशहूर हमीरपुर सहित बुंदेलखंड क्षेत्र का लाल गेहूं अन्य के मुकाबले आकार में बड़ा होता है। यह मोटी परत व काठ की तरह मजबूत होता है। जिस वजह से इसे कठिया गेहूं बोला जाता है। यह हल्के लाल रंग का होता है। इस वजह से बाहरी स्थान में इसे लाल गेहूं भी कहते हैं। इसका मुख्य उपयोग दलिया और उच्च फाइबर मल्टीग्रेन आटे में भी इसका प्रयोग बहुतायत में किया जाता है। यह स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक है। इस वजह से बड़े खाद्य पदार्थों का उत्पादन करने वाली कंपनियों में इस गेहूं की बहुत मांग रहती है। लेकिन इसकी कम पैदावार होने की वजह से किसानों का मोह लगातार मोह भंग होता जा रहा है। यह बिना डीएपी और यूरिया खाद और अन्य रासायनिक पदार्थों के उगाई जाती है। जिस वजह से यह एक बीघे में अधिकतम चार कुंतल पैदा होता है। जबकि अन्य गेहूं जो की डीएपी और यूरिया खाद और अन्य रासायनिक पदार्थ की सहायता से होती है वह एक बीघे में 8 से 10 क्विंटल तक पैदा हो जाता है।

### किसानो को लगातार जागरूक किया जा रहा है, उप कृषि निदेशक हरिशंकर भार्गव

इस संबंध में उप कृषि निदेशक हरिशंकर भार्गव ने बताया कि बिना रासायनिक खाद्य पदार्थों के बिना यह गेहूं तैयार किया जाता है। जिस वजह यह स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। मौजूदा में जिले में केवल कुछ स्थानों पर यह फसल बोई गई है। हालांकि किसानों को इसके लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है।

### पौष्टिकता में यह सामान्य गेहूं से बेहतर है: डॉ. प्रशांत

जिला कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि विज्ञानी डॉ. प्रशांत ने बताया कि कठिया गेहूं में प्रोटीन, मिनरल अधिक मात्रा में होने के कारण पौष्टिकता में यह सामान्य गेहूं से बेहतर है। बुंदेलखंड के वातावरण को देखते हुए इसकी कई किस्में है। जो यहां पैदा की जाती है।

इस सम्बन्ध में मौदहा के किसान निजाम उद्दीन से पूछा गया कि कठिया गेहूं क्यो नही करते तो उन्होंने कहा कि इस फसल को करनें में लाभ नही होता है क्योंकि गेहूं की यह प्रजाति की पैदावार बहुत कम होती है।

---

एक और कृषक मुजीबुर्रहमान से जब कठिया गेहूं न बोनें कारण पूछा गया तो इन का कहना है कि आज जहां खेती में नये नये प्रयोग और नई नई फसले की जा रही हो ऐसे मे अब कठिया गेहूं कोई क्यो करेगा कठिया गेहूं की फसल करनें मे लाभ कम नुकसान अधिक होता है।

# उपजिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में कम्बल वितरण

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र में कुछ दिनों से पड़ रही सर्दी और शीतलहर को देखते हुए व्यापार मण्डल के बैनर तले ईट भट्ठा संघ व पेट्रोलियम गैस एसोसिएशन के व्यापारियों ने क्षेत्र के असहायों व गरीबों को कम्बल वितरित कर उन्हें शीतलहर से राहत दिलाने की कोशिश की है। कस्बे के एक गेस्ट हाउस में ईट भट्ठा संघ के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल व पेट्रोलियम गैस एसोसिएशन तथा व्यापार मंडल के अध्यक्ष अवधेश पालीवाल ने कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जिसके मुख्य अतिथि एसडीएम राजेश कुमार मिश्रा और क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी रहे। जिसमे क्षेत्र के गांवों सहित कस्बे में तकरीबन एक हजार कंबलों का वितरण किया गया। इस समय क्षेत्र में ठिठुरन भरी सर्दी और शीतलहर से जहां आम जनजीवन अस्त व्यस्त है तो वहीं समाजसेवी असहाय व गरीबों को सर्दी से राहत दिलाने के लिए कम्बल वितरण कर रहे हैं, ताकि भीषण सर्दी से उन्हें राहत मिल सके।

इस मौके पर क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी, नायब तहसीलदार, कानूनगो, सहित समाजसेवी अनिल पांडेय, महेश सोनी, आबाद अहमद, बाकर, शांतनु, अपर्णा सोनकर, सभासद शिवकुमार सोनी, सभासद अरविंद वर्मा, सभासद राजेश कुमार, जे के गुप्ता, मयंक गुप्ता, रामकिशन शिवहरे, वरिष्ठ सभासद इस्लाम उददीन, सभासद इश्तियाक मन्नू, इमरान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# महिला ने कुएं में कूदकर दी जान

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** राठ क्षेत्र के चिकासी थाना अंतर्गत चुरहा गांव में 55 वर्षीय एक महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते अपने घर के पास बने कुएं में कूदकर अपनी जान दे दी। घटना की जानकारी लगते ही मृतक महिला के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मृतक महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, राठ क्षेत्र के चिकासी थाना अंतर्गत चुरहा गांव की निवासी 55 वर्षीय महिला गंगारानी पत्नी जगमोहन ने आज अपने घर के पास बने सूखे कुएं में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के परिजनों ने बताया कि मृतका गंगारानी का बीते कुछ वर्षों से मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था। उसका इलाज भी चल रहा था।

बताया कि मानसिक संतुलन के बिगड़ने की वजह से ही उसने आज अचानक घर के पास बने सूखे कुएं में कूदकर अपनी जान दे दी। मृतका गंगारानी के पति जगमोहन अपनी 6 एकड़ कृषि भूमि में खेती किसानी एवं पशुपालन कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। अचानक हुई इस घटना से मृतका के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतका के इकलौते पुत्र प्रीतम व पुत्री प्रेमवती सहित अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मामले में चिकासी थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

# अज्ञात युवकों ने खलासी के साथ की मारपीट

**पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी**

- घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जनपद में पुलिस सक्रियता के बाद भी लोगो द्वारा सरेआम गुंडई कर मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है।इस मारपीट की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी।घटना के उपरांत पीड़ित द्वारा सदर कोतवाली पहुँच घटना की लिखित शिकायत कर कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

आपको बता दे कि जनपदीय पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए तमाम कारगर कदम उठाए जा रहे है पर आज भी कुछ अराजक तत्वों को कानून का भय नही है या यूं कहे कि जान कर भी उक्त अराजक तत्व कानून की धज्जियां उड़ाते है। मामला जनपद के सदर कोतवाली क्षेत्र के मुख्यालय स्थित लक्ष्मी बाई पार्क के सामने पेट्रोल पम्प के सामने का है जहाँ पर कुछ अज्ञात अराजक तत्व किस्म के लोगो द्वारा बाइक पर सवार हो आये और पेट्रोल पम्प पर खड़े थाना सिसोलर क्षेत्र के ग्राम किशवाही निवासी खलासी शिवाकांत लल्लू यादव पर लाठी डंडों से जमकर मारपीट कर दी। मारपीट की घटना पेट्रोल पम्प में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी।

हालांकि उक्त घटना के उपरांत पीड़ित शिवाकांत द्वारा संबंधित सदर कोतवाली पहुँच घटित घटना की लिखित शिकायती पत्र दे कारित घटना में सम्मिलित अज्ञात चार या पांच लोगो के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किये जाने की मांग की है। वही पीड़ित घायल युवक को पुलिस द्वारा इलाज हेतू जिलाचिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।पुलिस ने मामले को दर्ज कर अज्ञात घटना को कारित करने वालो की तलाश शुरू कर दी है।

# ठंड में सोते जरूरत मंदों लोगों को कम्बल वितरित किया

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/रेणुकूट।** मंगलवार दिनांक 16 जनवरी को देर रात हिण्डाल्को के मुखिया एन. नागेश एवं क्लस्टर एचआर हेड जसबीर सिंह ने रेणुकूट रेलवे स्टेशन से लेकर रेणुकूट बस स्टैण्ड एवं आस-पास के राहगीरों, रेलवे स्टेशन पर ठंड में सोते लोगों, ठंड से कांपते मुसाफिरों को कम्बल ओढ़ाकर उनके चेहरों पर मुस्कान ला दिया। हिण्डाल्को सी.एस.आर. के सौजन्य से देर रात हिण्डाल्को के उक्त अधिकारी जब पूरा नगर अपने घरों में रजाई में सो रहा था तो कम्बल लेकर निकले और जरूरतमंद लोगों, राहगीरों तथा ठंड से कांप रहे ट्रेन व बस के इंतजार में बैठे रा मुसाफिरों को कम्बल ओढ़ाकर उन्हें सर्द रात में गर्मी का अहसास कराया। इस दौरान लगभग 250 कम्बलों का वितरण किया गया। कम्बल पाकर ठंड में ठिठुर रहे लोगों ने उक्त अधिकारियों को दिल से दुआयें दी। इस दौरान हिण्डाल्को के वरिष्ठ अधिकारी कर्नल (से.नि.) रोहित शर्मा, मेजर (स.नि.) देवेन्द्र ओंकार, अविजित एवं जसवंत कुमार आदि मौजूद रहे। ज्ञातव्य हो कि ठंड के प्रारंभ होते ही विगत दो माह से हिण्डाल्को प्रबंधन प्रतिदिन रेणुकूट रेलवे स्टेशन से लेकर मुर्धवा तक विभिन्न स्थानों पर जलावनी लकड़ी की भी व्यवस्था कर रहा है जिससे कि नगर के लोगों के साथ-साथ राहगीरों और यात्रियों को भी ठंड से बचाव में बहुत सहूलियत हो रही है।

# सदर विधायक ने छात्र-छात्राओं को वितरित किये स्मार्टफोन



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** सिसोलर, किशनू बाबू शिवहरे महाविद्यालय मे सदर विधायक डा मनोज प्रजापति ने छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किये, कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे बोलते हुये विधायक ने कहा कि प्रान्त तथा केन्द्र सरकार की यह एक महत्वपूर्ण तकनीकी योजना, जिसका एक मात्र उद्देश्य युवाओं कोतकनीकी दृष्टि से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना, उन्होंने ने छात्र छात्राओं को नमो एप के बारे मे विस्तार से अवगत कराया, विधायक ने कहा कि इस एप से जुडने के युवाओं को सरकार की योजनाओं की जानकारी होगी, साथ ही प्रधानमंत्री महोदय से भी आप लोग मुखातिब हो सकते हैं, महाविद्यालय के प्राचार्य डा भवानीदीन ने छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि युवाओं को डा मनोज प्रजापति जैसे स्वस्थ राजनीति वाले युवा विधायक से प्रेरणा लेनी चाहिए, आज के डिजिटल भारत मे तकनीक बडा महत्व है, कार्यक्रम मे महाविद्यालय के प्राध्यापकों मे डा श्याम नरायन ,डा लालता प्रसाद, अखिलेश सोनी, आरती गुप्ता, प्रत्यूष त्रिपाठी, देवेन्द्र त्रिपाठी, प्रदीप यादव,गनेश शिवहरे और राजकुमार गुप्ता, भाजपा के कई नेता शामिल रहे, संचालन डा रमाकांत पाल ने किया।

# `कॉंग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक रामराज की अध्यक्षता में संपन्न

अवधनामा ब्यूरो




**सोनभद्र।** जनपदीय संबाद /कार्यशाला मे बुधवार को रॉबर्ट्सगंज मे डीएस लान मे कॉग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठकर मे मुख्य अतिथि के रूप में कॉग्रेस के राष्ट्रीय सचिव यूपी प्रभारी राजेश तिवारी और विशिष्ट अतिथि के रूप में यूपी कॉग्रेस के महासचिव देवेन्द्र प्रताप सिंह और प्रदेश सचिव राकेश मौर्य शमिल रहे।

कॉग्रेस कार्यकर्ताओं के सम्वाद कार्यक्रम में ब्लाकों के अध्यक्ष और न्याय पंचायत अध्यक्ष, और महिला कॉग्रेस, युवा कॉग्रेस, सेवा दल, शहर कॉग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस कार्यक्रम मे भाग लिया। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने ब्लाक अध्यक्ष और न्याय पंचायत से सीधे संवाद करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं के दम पर बीजेपी सरकार को उखाड़ फेंका जाएगा। कार्यकर्ताओं मे जोश भरते हुए राजेश तिवारी ने कहा कि कार्यकर्ता पूरे जोश से संगठन के कामों को करने के लिए तैयार रहें। न्याय पंचायत से लेकर बूथ लेवल तक संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ता लग जाये। कॉग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गाँधी जी भारत जोड़ों न्याय यात्रा मणिपुर से सुरु कर चुके है, पूरे देश मे राहुल गांधी जी किसान, नौजवानों, महंगाई बेरोजगारी जैसे मामलों के लिए सडकों पर पैदल यात्रा कर रहे हैं। आम जनता के न्याय के लिए सडकों पर संघर्ष कर रहे हैं। बीजेपी सरकार मे महंगाई बेरोजगारी, महिलाओं पर अपराध के मामले मे लगतार बढ़ रहे है। किसान बेहाल है। 2024 के लोकसभा चुनाव मे बीजेपी का सूपड़ा साफ होगा, जनता ने मन बना लिया है। यूपी कॉग्रेस प्रदेश महासचिव देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ता पूरे जोश से लगकर काम करे।यूपी कॉग्रेस प्रदेश सचिव जनपद प्रभारी राकेश मौर्य ने कहा कि बीजेपी सरकार मे कानून व्यवस्था ध्वस्त है। जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड ने कहा कि जनपद मे संगठन के मजबूती के लिए गाव गाव जाकर संगठन मे काम करने वाले लोगों को मौका दिया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन शहर कॉग्रेस अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी ने किया। उक्त मौके पर यूपी कॉग्रेस के प्रदेश सचिव जितेंद्र पासवान, पीसीसी सदस्य फरीद अहमद, पूर्व प्रदेश सचिव कमलेश ओझा जी, रॉबर्ट्स गंज लोकसभा प्रत्याशी डाक्टर राम आधार जोसेफ, राजेश द्विवेदी, कॉग्रेस पूर्व अध्यक्ष रमेश देव पांडेय, चंद्रकांत शर्मा, जगदीश मिश्रा, चंदौली कॉग्रेस प्रवक्ता शशि उपाध्याय , महिला कॉग्रेस अध्यक्ष ऊषा चौबे, सेवा दल जिला अध्यक्ष कैशलेस पाठक, जगदीश मिश्रा, गोपाल पाठक, कॉग्रेस प्रवक्ता शत्रु जय मिश्रा, बृजेश तिवारी, आशुतोष दुबे नागेश मणि पाठक,संगीता श्रीवास्तव, बेबी सिंह, संगीता खर वार, विनोद तिवारी, कन्हैया पांडे, निगम मिश्रा, बंशीधर पांडे, धीरज पांडे, रामेश्वरम यादव, जितेन्द्र पांडे, मदन गुप्ता, विनय कांत चौबे, सहित तमाम लोगों मौजूद रहे।

# गुरु गोविंद सिंह जी की 357 वां प्रकाशोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा



**चोपन/सोनभद्र।** सिख पंथ के दसवें गुरु गुरुगोविंद सिंह की जयंती पर स्थानीय गुरुद्वारे में सर्वप्रथम विशाल लंगर का आयोजन किया गया जिसमें शामिल होकर सैकड़ो श्रद्धालुओं ने लंगर का प्रसाद चखा। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली, सुनील तिवारी व मनोज चौबे को कमेटी के द्वारा सरोपा देकर सम्मानित किया गया। ततपश्चात नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कीर्तनमयी शोभायात्रा गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई पुन~ वहीं पर जाकर समाप्त हुई। शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह स्वागत किया गया। रास्ते में तमाम श्रद्धालुओं ने सबीलें लगाकर शोभायात्रा में शामिल लोगों को जलपान कराई और प्रसाद वितरण किया। शोभा यात्रा के आगे सिख युवक गदका आदि करतब दिखा रहे थे। इसमें शामिल पंच प्यारे शोभायात्रा का आकर्षण का केंद्र रहे। गुरु गोविंद सिंह जयंती पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से विशाल कीर्तनमयी शोभायात्रा निकाली गई। इसमें सिख सुमदाय के सैकड़ो महिला पुरुष और बच्चे शामिल हुए । शोभा यात्रा के आगे पंच प्यारों का दल चल रहा था। जो आकर्षण का केंद्र रहा। मुगलसराय से आये युवकों के एक समूह ने तरह तरह के करतब दिखाकर लोगों को हैरत में डाल दिया। महिलाएं शबद कीर्तन करती चल रही थीं। शोभायात्रा के बीच गुरु ग्रंथ साहिब की सवारी भी शामिल थी। इसके पीछे रागी जत्थे शबद कीर्तन करते चल रहे थे। शोभायात्रा नगर के मुख्य बाजार से होते हुए प्रितनगर, स्टेशन रोड, मेन रोड होते हुए फिर गुरुद्वारे में जाकर समाप्त हुई। शोभायात्रा के लिए गुरुद्वारे को भव्य रूप से सजाया गया था। जगह-जगह शिविर लगाकर श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा में गुरूद्वारा इण्टर कालेज के प्रबंधक सतनाम सिंह, दीपक सिंह, सत्यप्रकाश तिवारी, कवलजीत सिंह, बलविंदर सिंह, जितेंद्र सिंह, महताब सिंह, पतविन्दर सिंह, जीतू सिंह, अजीत सिंह, प्रदीप अग्रवाल, अशोक सिंघल, अनील, मयंक सिंह, दलबीर सिंह, अमन, अनीश अहमद, रमेश सोनी, विवेक यादव सहीत गुरूद्वारा इंटर कॉलेज के स्काऊट के बच्चे आदि लोग उपस्थित रहे। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रभारी निरीक्षक विश्व नाथ प्रताप सिंह अपने पूरे दरबल के साथ मुस्तैद रहे।

# मण्डलायुक्त ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी. ने आज कलेक्ट्रट सभागार में विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान, 2024 हेतु मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की, बैठक के दौरान मण्डलायुक्त ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यदि आपकी जानकारी में कोई ऐसा मतदाता जिसका नाम मतदाता सूची में अंकित न हुआ हो, तो ऐसे मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने हेतु फार्म भरवा लिया जाये और मतदाता सूची के अन्तिम प्रकाशन के उपरान्त पुनः पुनरीक्षण अभियान प्रारंभ होने पर ऐसे मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज करने की कार्यवाही सुनिश्चित करा ली जायेगी, इस दौरान उन्होंने कहा कि राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों को इस प्रकार की कोई जानकारी हो कि किसी अपात्र व्यक्ति का नाम अब भी मतदाता सूची में दर्ज है, तो उसके सम्बन्ध में वह अवगत करा सकते हैं, उस प्रकरण की ई.आर.ओ. के माध्यम से जॉच कराकर कार्यवाही सुनिश्चित करायी जायेगी और उक्त मामले में लापरवाही बरतने वाले बी.एल.ओ. के खिलाफ भी कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान मण्डलायुक्त ने जेण्डर रेसियों के अनुपात में मतदाता सूची में नये महिला मतदाताओं के नाम जोड़ने के प्रगति की समीक्षा की तो मतदाता सूची में महिला मतदाताओं के नाम जोड़े जाने की प्रगति संतोषजनक नहीं पायी गयी, जिस पर मण्डलायुक्त ने जिलाधिकारी से कहा कि मतदाता सूची में नये महिला मतदाताओं के नाम जोड़ने में शिथिलता बरतने वाले निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को स्पष्टीकरण जारी किया जाये, इस दौरान उन्होंने कहा कि जेण्डर रेसियों के अनुपात में मतदाता सूची में नाम दर्ज करने में शिथिलता बरतने वाले बीएलओ के विरूद्ध भी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

### सद्भाव दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**नरैनी।** नेहरू युवा केंद्र बांदा के तत्वाधान में राष्ट्रीय युवा सप्ताह के मौके पर शांति एवं सद्भाव दिवस का कार्यक्रम पंडित रामस्वरूप महाविद्यालय हुसैनपुर कला में विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया गया। जिसमें कालेज के सभी छात्राओं और गुरुजनों द्वारा शांति एवं सद्भाव पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए गए। जिसमें कार्यवाहक प्राचार्य कमलेश कुमार अग्निहोत्री ने विश्व शांति का जोर देते हुए अपने भाषण को समाप्त किया। कार्यक्रम कार्यक्रम में लालबाबू, अभय सिंह, भोला प्रसाद, अंजू गुप्ता, नेहरू युवा केंद्र के महुआ ब्लाक के स्वयंसेवक रामकेश और स्वयंसेवक आरती देवी आदि लोग उपस्थित रहे।

# चादर से फांसी लगाकर युवक ने कर ली खुदकुशी

- खुदकुशी करने से पहले कागज और दीवार पर लिखा सुसाइड नोट
- परिजनों को मिली मौत की खबर तो मचा कोहराम, पहुंची पुलिस





अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** शहर के एक लाज में कमरा लेकर ठहरे युवक ने मंगलवार की रात को चद्दर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह दरवाजा न खुलने पर मैनेजर ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने किसी तरह से दरवाजा खोलकर देखा तो चद्दर के फंदे पर पंखे के सहारे शव लटक रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। एक सुसाइड नोट भी पुलिस को बरामद हुआ है। सुसाइड नोट कमरे की दीवार पर भी लिखा हुआ था।

फतेहपुर के ललौली थानांतर्गत दतौली निवासी सोमप्रकाश उर्फ सोनू 34 पुत्र रजवंत सिंह ने स्टेशन रोड स्थित एक लाज में मंगलवार को कमरा बुक कराया था। रात को वह वहीं ठहरा था। बुधवार की सुबह जब सुबह 10 बजे तक कमरा नहीं खुला तो लाज के कर्मचारी ने दरवाजा खटखटाने के साथ आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई हरकत नहीं हुई। मैनेजर अनवर ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह से दरवाजा खोला देखा तो युवक का शव फंदे पर लटक रहा था। पुलिस ने एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। उसमें लिखे नंबरों पर परिजनों को सूचना दी। रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के पिता रजवंत सिंह ने बताया कि उसका बेटा सोनू सिंह पिछले ढाई वर्ष से बाहर रहता था। उसने घर में कभी फोन भी नहीं किया। उन्हें बेटे के आत्महत्या करने की खबर मिली है। बताया कि सोनू अपने पीछे एक पुत्र बेटू और दो पुत्रियां परी व प्रिया छोड़ गया है। उसकी पत्नी का नाम पिंकी है। इधर मृतक के साले अमित सिंह ने बताया कि मंगलवार रात को सोनू ने उसे फोन किया था कहा था कि बेटू से बात करा दो, रात होने की वजह से यह कहा था कि सुबह बात कराएंगे। मृतक की ससुराल अलिहा बबेरू बताई गई। इधर, आत्महत्या का कारण पता नहीं चल सका है। सीओ सिटी गवेंद्रपाल गौतम का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# गलन भरी ठंड से ठिठुरने लगे लोग, अलाव का ले रहे सहारा

- नगर के प्रमुख स्थानों पर नगर पंचायत लगातार अलाव की करा रहा व्यवस्था

**सोनभद्र/चोपन।** जनवरी के पहले सप्ताह से ही ठंड का प्रकोप बढ़ गया है जो लगातार जारी है। ठंड के कारण बुधवार को सुबह से ही कोहरा छाया रहा, जिसके कारण बाजारों सहित अन्य स्थानों पर आम दिनों की अपेक्षा कम भीड़ देखी गई। लोग ठंड से बचाव के लिए अलाव सेंकते नजर आए। दिन भर बादलों की लुकाछिपी जारी रही। बुधवार को न्यूनतम तापमान 8.1 डिग्री और अधिकतम 22.8 डिग्री सेल्सियस रहा। बुधवार सुबह की शुरुआत कोहरे व गलन के साथ हुई। पूरे दिन बादल छाए रहे। बीच-बीच में धूप निकल जा रही थी, जिससे लोगों को थोड़ी राहत मिल जा रही थी। लोग छतों व पार्क आदि स्थानों पर धूप सेंकते नजर आए। सूरज डूबते ही ठंड ने असर दिखाना शुरू कर दिया।रह रह कर बह रहे हवा से गलन में और भी इजाफा हो जा रहा है ओस गिरने से भी ठंड का अहसास ज्यादा होने लगा, जिससे सुबह और शाम के समय शहर के विभिन्न मार्केट अंचलों से लेकर अन्य स्थानों पर लोगों को अलाव जलाकर सर्दी से बचने का प्रयास करते हुए देखा जा सकता है।

# उत्तर प्रदेश की मौरंग खदानों पर मध्यप्रदेश की मौरंग पड रही भारी

- कैसे भरें किश्त जब खनन कारोबार ठप्प पड़ा है
- म.प्र. की ओवरलोड मौरंग से उ.प्र. की अंडरलोड गाडियां दब गयी

अवधनामा संवाददाता



**बाँदा।** जनपद से सटी मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले की मौरंग खदानो से दी जा रही ओवरलोड मौरंग से बाँदा जनपद की मौरंग खदानों पर कौवे बोलने लगे है , खनिज विभाग और परिवहन विभाग की लचर कार्यप्रणाली से म.प्र से गिरवां और मटौंध के रास्ते ओवरलोड बालू के ट्रको का आवागमन बढता जा रहा है। वहीं उ.प्र. के बाँदा जनपद मे तेज तर्रार जिलाधिकारी की शानदार कार्यप्रणाली के कारण स्थानीय खदानो से ओवरलोड पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है इसके लिये राजस्व पुलिस और खनिज विभाग के पांच पांच व्यक्तियों की हर खदान मे ड्यूटी लगायी गयी है कि ओवरलोड मौरंग का परिवहन बिल्कुल भी खदानो से ना निकले परंतु इसके विपरीत म.प्र. के छतरपुर से लगी मौरंग खदानो से फुल बाडी और ओवरलोड मौरंग दी जा रही हे जिसको खदान संचालकों की सरपरस्ती मे लोकेशनबाजो द्वारा निकाला जा रहा है। अब जिलाधिकारी की रणनीति के तहत स्थानीय मौरंग कारोबारी तो अंडरलोड बालू दे रहे है परंतु गिरवां के पास से रामपुर मे ओवरलोड मोरंग देकर ट्रक संचालको को लुभाया जा रहा है जिसके परिणाम स्वरूप बाँदा की मौरंग खदानों पर सन्नाटा पसरा है और म.प्र. की खदानों मे दिवाली मन रही है। अब देखना है म.प्र. के मोरंग कारोबारी अपनी लुभावनी रणनीति मे कामयाब होते है या जिलाधिकारी अपने स्टाइल मे इस समस्या का जड से खात्मा कर देती है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की प्रस्तावित सेमीकण्डक्टर नीति-2024 पर आधारित प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया

# उ.प्र. में एक सुदृढ़ सेमीकण्डक्टर यूनिट की स्थापना आवश्यक

- अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए
- टेक्निकल इंस्टीट्यूट में युवाओं को सेमी कण्डक्टर निर्माण की ट्रेनिंग दी जाए



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश की प्रस्तावित सेमीकण्डक्टर नीति-2024 पर आधारित प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगों में आधुनिक प्रगति, स्मार्टफोन, कम्प्यूटर और चिकित्सा उपकरण आदि में दक्षता विस्तार के लिए सेमीकण्डक्टर विनिर्माण महत्वपूर्ण है। यह आर्टिफिशियल इन्टेलीजेंस, इण्टरनेट ऑफ थिंग्स और क्वाण्टम कम्प्यूटिंग में नवाचार को भी बढ़ावा देता है। उत्तर प्रदेश में एक सुदृढ़ सेमीकण्डक्टर विनिर्माण ईकोसिस्टम की स्थापना आवश्यक है। यह राज्य की आर्थिक वृद्धि और नवाचार को बढ़ावा देने, रोजगार के पर्याप्त अवसर उत्पन्न करने तथा सामरिक महत्व के क्षेत्रों में देश और प्रदेश की आत्मनिर्भरता को बढ़ाने के लिए जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के अंदर मौजूद दो आई0आई0टी0 सहित सभी टेक्निकल इंस्टीट्यूट में युवाओं को सेमी कण्डक्टर निर्माण की ट्रेनिंग दी जाए। साथ ही, सेमी कण्डक्टर उद्योगों में सी0एम0 इन्टर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को 02 वर्ष की ट्रेनिंग की व्यवस्था दी जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चिप डिजाइन उद्यमों तथा स्टार्टअप्स पर ध्यान देने के साथ-साथ राज्य के भीतर एक सहायक फैबलेस ईकोसिस्टम का विकास किया जाए। कुशल प्रतिभाओं का पूल बनाने के लिए उद्योग और शिक्षा जगत के बीच मजबूत सम्बन्ध स्थापित किए जाएं। सेमी कण्डक्टर चिप सेक्टर ने विगत 02 वर्षों से 500 बिलियन डॉलर से अधिक निवेश करने की घोषणा की है। विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियों ने फैब इकाइयों की स्थापना की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सेमी कण्डक्टर क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करने के लिए भारत सरकार द्वारा 10 बिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रोत्साहन परिव्यय दिए जाने का निर्णय लिया गया है। सेमी कण्डक्टर और डिस्प्ले इकोसिस्टम के लिए फैब इकाइयां, मिश्रित सेमी कण्डक्टर, आउटसोर्स सेमी कण्डक्टर, असेंबली और टेस्ट इकाइयों, परीक्षण और पैकेजिंग इकाइयों का होना बेहतर इकोसिस्टम बनाता है। हमें भी ऐसा परिवेश तैयार करना होगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा सेमी कण्डक्टर विनिर्माण सेवाओं जैसे सेमी कण्डक्टर फैब, डिस्प्ले फैब, कम्पाउण्ड सेमी कण्डक्टर के लिए प्रोत्साहन दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार को इस सम्बन्ध में अपनी आकर्षक नीति घोषित करनी चाहिए। यू0पी0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के दौरान राज्य को इस सेक्टर में उत्साहजनक प्रस्ताव भी मिले हैं। हमें इन अवसरों का लाभ लेना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक सेमी कण्डक्टर निवेशकों को आकर्षित करने के लिए अपनी नीति के अंतर्गत वित्तीय और गैर वित्तीय प्रोत्साहन संवितरण का प्राविधान होना चाहिए। ऐसा करने वाला उत्तर प्रदेश, देश में चौथा राज्य होगा। नई नीति में भारत सरकार द्वारा अनुमोदित पूंजीगत उपादान पर अतिरिक्त पूंजी उपादान भी दिया जाना चाहिए।

## दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण के लिए धनराशि स्वीकृत

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में डेयरी विकास के लिए दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण एवं उन्हें पुनर्जीवित करने की योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में 26 करोड़ 66 लाख 66 हजार 6 सौ 66 रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। यह धनराशि पांचवी किश्त के रूप में स्वीकृत की गई है। यह धनराशि आगरा, मैनपुरी, मेरठ, झांसी, जालौन (उरई), हमीरपुर, महोबा, बांदा, लखनऊ, लखीमपुर खीरी, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, रामपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, गोरखपुर, महाराजगंज, देवरिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, मऊ, प्रयागराज, प्रतापगढ, कानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, बहराइच, तथा गोंडा जनपदों के लिए स्वीकृत की गई है। इस संबंध में दुग्ध विकास विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए योजना के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में सम्बन्धित जनपदों के दुग्धशाला विकास अधिकारी/उप दुग्धशाला विकास अधिकारी तथा आहरण वितरण अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिये गये हैं। शासनादेश में कहा गया है कि स्वीकृत धनराशि के उपयोग में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानकों व दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। स्वीकृत धनराशि का आहरण व व्यय योजना के समय-समय पर निर्गत दिशा-निर्देशों तथा शासनादेश में निहित व्यवस्था के अनुसार किया जाएगा।

## 75 फीसदी ग्रामीणों तक पहुंचा नल से जल

जल जीवन मिशन के तहत यूपी ने पार किया 75 फीसदी नल कनेक्शन देने का लक्ष्य

- मुख्यमंत्री ने दी बधाई, योजना के लिए पीएम का जताया आभार

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** यूपी में ग्रामीणों को शुद्ध पानी मुहैया कराने में जल जीवन मिशन ने लंबी छलांग लगाई है। राज्य के 75 प्रतिशत ग्रामीणों तक नल से शुद्ध जल की आपूर्ति से जोड़ दिया गया है। बुधवार को भारत सरकार की रेटिंग में उप्र 75 प्रतिशत नल कनेक्शन देने वाले राज्यों की सूची में शामिल हो गया है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में इस उपलब्धि को हासिल करने पर कई केंद्रीय व राज्य मंत्रियों ने बधाई दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश वासियों की तरफ से जल जीवन मिशन के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक्स पर जल्द से जल्द बाकी गांवों को नल कनेक्शन से जोड़ने का आह्वाहन किया है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने इसे यूपी की बड़ी उपलब्धि बताते हुए बधाई दी है। उप्र के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शुभकामनाएं दी हैं। उत्तर प्रदेश में 26348443 परिवार को शुद्ध पानी पहुंचाने का लक्ष्य है। बुधवार तक 19790921 घरों को नल कनेक्शन दिये जा चुके हैं। जो लक्ष्य का 75.11 प्रतिशत है। एक परिवार में कम से कम छह सदस्य होने का अनुमान है।

## ठाकुरगंज में मिस्टर ब्रांड का हुआ उद्घाटन

**लखनऊ।** ठाकुरगंज के तहसीनगंज में बुधवार को कपड़ों के शोरूम मिस्टर ब्रांड का उद्घाटन हुआ। शोरूम का उद्घाटन विधायक अभय सिंह और समाजवादी पार्टी की नेता पूजा शुक्ला की मौजूदगी में हुआ। शोरूम में पुरुषों के लिए कम्पलीटेन्ज उपलब्ध है। जिसमें जींस, शर्ट, टी शर्ट, स्वेटशर्ट, ट्राउजर और जैकेट आदि उपलब्ध है। इसके अलावा शादी विवाह से जुड़े परिधान भी मौजूद है। शोरूम के प्रबंधक मो.जाफर ने बताया कि उनके स्टोर में युवाओं के लिए लेटेस्ट कलेक्शन कम से कम दामों में उपलब्ध है। शोरूम में उद्घाटन के मौके पर पार्षद गुलशन अब्बास, सपा नेता रजा रिजवी, समाजसेवी कम्बर जफर, एडवोकेट जरी जैदी और मो.तालिब आदि मौजूद रहे।

## शिया कॉलेज मैनेजमेंट की सुप्रीम कोर्ट में मिली जीत

- कॉलेज विरोधियों को शिकस्त

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया ने आज अपने अहम फैसले में शिया कॉलेज को संचालित करने मातृ संस्था बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज शिया कॉलेज एंड अदर कनेक्टेड इंस्टीट्यूशंस, लखनऊ (सोसाइटी) को विधिमान रूप से सही साबित कर दिया।

ज्ञात है कि डिप्टी रजिस्ट्रार सोसाइटी ने मौलाना यासूब अब्बास के नेतृत्व वाले बोर्ड को सही मानते हुए प्रोफेसर अजीज हैदर तथा डा अख्तर हसन रिजवी को क्रमशः अध्यक्ष एवं जनरल सेक्रेटरी माना था। जिसके खिलाफ मौलाना कल्बे जव्वाद लगातार विरोध करते रहे , डिप्टी रजिस्ट्रार के यहां पराजित होने के बाद वो उच्च न्यायालय में भी 2016 में पराजित हो गए थे। 2016 में सुप्रीम कोर्ट में कॉलेज के मैनेजमेंट के खिलाफ इनके द्वारा रिट याजिका प्रस्तुत की गई थी जिसपर उनको कोई स्थगन आदेश प्राप्त नही हुआ था लेकिन वो केस सुप्रीम कोर्ट में लाबित था।

सुप्रीम कोर्ट में फैसले की अंतिम सुनवाई करते हुए मौलाना कल्बे जव्वाद की अपील को खारिज करते हुए विवाद को अंतिम रूप से निस्तारित कर दिया। जस्टिस अनिरुद्ध बोस तथा जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने आज इस प्रकरण की सुनवाई कर अपना फैसला आज सुनाया। शिया कॉलेज की ओर से सीनियर एडवोकेट के तौर पर डा अभिषेक मनु सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रखा। इस सुप्रीम जीत के बाद छुट्टी के दिन भी शिया कॉलेज में एकत्र होकर मिठाई खाकर और आतिशबाजी चलाकर खुशी मनाई गई।

## यात्रा न करने की सलाह मुसलमानों के मनोबल को गिरायेगा

**लखनऊ।** अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने सोशल मीडिया पर मुस्लिम समुदाय के लोगों के अगले एक सप्ताह तक ट्रेनों और बसों में यात्रा न करने की सलाह को अनुचित बताया है। श्री आलम ने कहा कि ऐसी बातों से मुसलमानों का मनोबल गिरेगा जो न उनके लिए अच्छा है और न ही लोकतंत्र के लिए। श्री आलम ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य मुसलमानों को सार्वजनिक स्पेस से बाहर करना रहा है। इसी मकसद के तहत ऐसी फिल्में बनवाई जा रही हैं जिससे मुसलमान सिनेमा हॉल से दूरी बना ले। न्यायपालिका से ऐसे फैसले आ रहे हैं, जिससे मुसलमानों का न्यायपालिका से भरोसा उठ जाए और वे अन्यायों पर कानूनी लड़ाई न लड़ें। इसी तरह प्रशासन और मीडिया से मुसलमानों को दूर रहने को मजबूर करने के लिए इन्हें भी साम्प्रदायिक बनाया गया है।

## श्रद्धालुओं के लिए 51 होमस्टे व 14 होटलों का शुभारम्भ

- श्रद्धालुओं को सस्ते दर पर ठहरने की मिलेगी उत्तम व्यवस्थाः जयवीर सिंह

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** अयोध्या में श्रद्धालुओं एवं आगन्तुकों के लिए सस्ती एवं आरामदेह ठहरने की व्यवस्था के लिए आज उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, वरिष्ठ नेता बी0एल0 संतोष एवं कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने संयुक्त रूप से सुधा मौर्य के स्वामित्व वाले शंकर होमस्टे में 51 होमस्टे और 14 होटलों का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं सूर्य प्रताप शाही ने सस्ती और सुंदर व्यवस्था के लिए आयोजकों को शुभकामनाएं दी। बी0एल0 संतोष ने कहा कि अयोध्या में आने वालों की भारी भीड़ को देखते हुए यह उत्तम ठहरने की व्यवस्था सभी के लिए सुखद एवं आरामदेह होगी।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि ओबीसी वर्ग की महिला गृह स्वामी श्रीमती सुधा मौर्य का प्रयास सराहनीय है। ओयो ग्रुप 100 से अधिक कमरे दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को सुलभ करायेगा। उन्होंने कहा कि कमरे की दरे 1000 से 1500 रूपये के बीच होंगी, जो श्रद्धालुओं की पहुंच के भीतर हैं। पर्यटन मंत्री ने कहा कि भारत में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार के साथ साझेदारी में काम कर रहा है। अयोध्या की धार्मिक और सांस्कृतिक समृद्धि को जानने के लिए इच्छुक यात्रियों को आरामदायक और किफायती आवास प्रदान करने में यह होमस्टे मत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे. मेहमान 1000 रुपये से शुरू होने वाली कीमतों पर बजट-अनुकूल कमरे पा सकते हैं।

जयवीर सिंह ने कहा कि अयोध्या में ओयो की संपत्तियां पूरे अयोध्या में ऐसे स्थानों पर स्थित हैं, जो मेहमानों के लिए निर्बाध और आनंददायक प्रवास सुनिश्चित करती हैं। ये होमस्टे गुणवत्ता और सामर्थ्य का संयोजन प्रदान करते हैं जो धार्मिक पर्यटकों की विविध आवश्यकताओं के अनुरूप हैं, जिससे उनकी अयोध्या की तीर्थयात्रा एक यादगार और आरामदायक अनुभव बन जाती है। इस विस्तार के साथ, ओयो ने अयोध्या के समृद्ध पर्यटन परिदृश्य का समर्थन करने के लिए अपना समर्पण दोहराया है।उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि किफायती और गुणवत्ता के प्रति ओयो की प्रतिबद्धता अयोध्या को जीवन के सभी क्षेत्रों के यात्रियों के लिए सुलभ और आरामदायक बनाने के हमारे दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह से मेल खाती है। हमें विश्वास है कि यह सहयोग पर्यटन को बढ़ावा देने और क्षेत्र के लिए नए आर्थिक अवसर पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता पर दिया जा रहा विशेष जोर

अवधनामा ब्यूरो

- मण्डल स्तर पर तैनात स्टेट क्वालिटी मॉनीटर भी कर रहे निगरानी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश ग्राम्य विकास विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों को दिए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यों के निरीक्षण हेतु खण्ड विकास अधिकारियों का लक्ष्य भी बढ़ा दिया गया है। इसके साथ ही ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को लगातार निरीक्षण, निगरानी व समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा मण्डल स्तर पर तैनात स्टेट क्वालिटी मॉनीटर भी निगरानी कर रहे हैं। मनरेगा योजनांतर्गत निर्मित एवं निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया जा रहा है मनरेगा योजना के अंतर्गत निर्मित एवं निर्माणाधीन परिसंपत्तियों की जांच हेतु प्रदेश के मण्डलों में स्टेट क्वालिटी मॉनीटर तैनात हैं,जो मनरेगा योजनांतर्गत हो रहे कार्यों की निगरानी करते हैं। प्रत्येक कार्य की निगरानी 2 चरणों में किये जाने का प्रावधान है यानि निर्माण के दौरान और निर्माण कार्य पूरा होने के पश्चात। वे कार्यो के लिए सुधारात्मक सलाह और सुझाव देते हैं जिसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाता है।

स्टेट क्वालिटी मैनेजर को जिले में मनरेगा योजनांतर्गत निष्पादित कार्यों का कम से कम 10 प्रतिशत की निगरानी और मूल्यांकन करना होता है है। इन 10 प्रतिशत कार्यों में से कम से कम 5.00 लाख रुपए और उससे अधिक का व्यय कच्चे कार्यों (भूमि) पर और पक्के कार्यों पर 10.00 लाख रुपए का व्यय होना शामिल है।

## मजलिसे पंजुम आज

**लखनऊ।** स्व. जहां आरा के ईसाले सवाब के लिए मजलिसे पंजुम और स्वर्गीया मेहर जहां की मजलिसे चेहलुम गुरुवार को आयोजित की जाएगी। स्वर्गीया जहां आरा के पुत्र शहाब मियां ने बताया कि तहसीनगंज के हाता मिर्जा अली खां स्थित मस्जिदे जहरा में दोपहर 1 बजे तिलावते कलामे पाक से शुरू होने वाली मजलिस को मौलाना फिरोज अब्बास खिताब करेंगे। महिलाओं की मजलिस दोपहर 1 बजे हाता मिर्जा अली खां स्थित आवास पर होगी। वहीं स्वर्गीया मेहर जहां के ईसाले सवाब के लिए मजलिसे चेहलुम गुरुवार को आयोजित होगी। पुराना हैदरगंज स्थित बेहजतुल अदब इमामबाड़ा स्वर्गीय सैय्यदेन नकवी में शाम 7 बजे तिलावते कलामे पाक से मजलिस शुरू होगी, जिसे शाम 7:30 बजे फैजाबाद से आए मौलाना अली गौहर खिताब करेंगे। वहीं महिलाओं की मजलिस गुरुवार को दोपहर 12:30 बजे इसी जगह पर होगी, जिसे सैय्यदा रबाब जैदी खिताब करेंगी।

## अभद्र व्यवहार को लेकर कांग्रेस ने रामधुन गाकर विरोध जताया

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल के मकर संक्रांति के दिन अयोध्या में पार्टी के ध्वज प्रचारक अनोखे लाल तिवारी के साथ हुए अभद्र व्यवहार के विरोध में बुधवार को कांग्रेसियों ने हर जिले में गांधी प्रतिमा के समक्ष रामधुन गाकर विरोध जताया। पार्टी प्रवक्ता डॉ. हिलाल अहमद नकवी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर सभी जनपदों में अराजकतत्वों को सद्बुद्धि के लिए कांग्रेसियों ने रामधुन गा शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जताया। राजधानी लखनऊ में जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने पार्टी मुख्यालय में स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष राम धुन ईश्वर-अल्लाह तेरे नाम, सबको सन्मति दे भगवान गाते हुए विरोध जताया। पार्टी मुख्यालय में हुए विरोध-प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, बृजेन्द्र सिंह, कैप्टन वंशीधर मिश्रा, पंकज तिवारी, आलोक सिंह रैकवार, सीमा चौधरी, अमित त्यागी, तारिक सिद्दीकी, अंशू त्रिपाठी, राजेश जायसवाल, शैलेन्द्र दीक्षित, बदरे आलम, अनोखे लाल तिवारी, रितु अग्रवाल, अरविंद यादव, शोएब खान, चंद्रशेखर मिश्रा, जावेद मलिक, सुभाष श्रीवास्तव सहित अन्य कांग्रेसी शामिल थे। उल्लेखनीय है कि 15 जनवरी को कांग्रेस महासचिव अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित अन्य नेताओं के नेतृत्व में कांग्रेसी प्रतिनिधिमंडल अयोध्या गया था, जहां पार्टी के ध्वज प्रचारक अनोखे लाल तिवारी के साथ भाजपा और संघ के लोगों ने अभद्रता की थी।

### कांग्रेस ने मनाई गुरु गोविन्द सिंह की जयन्ती



**लखनऊ।** सिखों के आखिरी और दसवें गुरु गुरु गोविन्द सिंह की जयन्ती बुधवार को कांग्रेस मुख्यालय में मनायी गयी। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने गुरु गोविन्द सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। इस अवसर पर गुरु गोविन्द सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर रोशनी डालते हुए वक्ताओं ने उन्हें नमन किया। दिनेश कुमार सिंह ने गुरु गोविन्द सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर रोशनी डालते हुए कहा कि वह एक योद्धा, कवि और दार्शनिक थे। 1675 में 9 साल की उम्र में उनके पिता गुरु तेग बहादुर सिंह को सम्राट औरंगजेब ने फांसी दी, जिसके बाद उन्हें औपचारिक रूप से सिखों के नेता के रूप में स्थापित किया गया। उनके पिता सिखों के नवें गुरु थे। श्री सिंह ने कहा कि सिख धर्म में उनका उल्लेखनीय योगदान है, जिसमें 1699 में खालसा नामक सिख योद्धा समुदाय की स्थापना और पांच केएस की शुरुआत शामिल है, जो हर खालसा हर वक्त पहनता है। गुरु गोविन्द सिंह को दशम ग्रंथ का श्रेय दिया जाता है, जिसके भजन सिख प्रार्थनाओं और खालसा अनुष्ठानों का पवित्र हिस्सा हैं। इस मौके पर प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, पूर्व प्रवक्ता अशोक सिंह, सेवादल मध्य जोन अध्यक्ष राजेश सिंह काली, प्रभाकर मिश्रा, राजेश सिंह जायसवाल, अशोक कुमार दुबे, दिनेश सिंह यादव सहित अन्य कांग्रेसी शामिल थे।

## मोबाइल पर अनारक्षित टिकट बुकिंग की सुविधा उपलब्ध



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मोबाइल फोन पर अनारक्षित टिकट बुकिंग की सुविधा उपलब्ध भारतीय रेल पर इंटरनेट कनेक्शन वाले स्मार्ट फोन ;एंडरॉयड या विंडोज आधारितद्ध के द्वारा अनारक्षित टिकट बुकिंग (पेपरलेस) की सुविधा उपलब्ध अनारक्षित टिकट प्रणाली यूटीएस कोफोन पर एप्लीकेशन के माध्यम से हस्तांतरित किया गया है। ग्राहक अपने स्मार्ट फोन में उपलब्ध प्ले स्टोर के माध्यम से यूटीएस अनारक्षित टिकटिंग एप्लीकेशन को डाउनलोड करें और एप्लीकेशन में लॉग इन करने के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी और इसके उपरांत अपना टिकट स्वयं जारी कर सकते हैं। इस एप्लीकेशन में अनारक्षित टिकट दो प्रकार से बुक किया जा सकता है। पहला बुक एवं ट्रैवेल पेपर लेस, इस प्रक्रिया के तहत आपका टिकट यूटीएस एप्लीकेशन में सेव रहेगा एवं यात्रा के दौरान इसका प्रिंट लेकर यात्रा करना अनिवार्य नहीं है। अनारक्षित पेपर लेस टिकट किसी प्रकार से निरस्त नहीं किया जा सकेगा। दूसरा बुक एवं ट्रैवेल पेपर है। जिसमें इस प्रक्रिया के तहत यात्रा के दौरान इसका प्रिंट ले कर यात्रा करना अनिवार्य है। इस माध्यम से बुक हुए टिकट का प्रिंट यात्रा आरम्भ करने वाले स्टेशन के बुकिंग काउंटर एटीवीएम व सीओटीवीएम से लेना होगा। इस प्रकार के टिकटों का निरस्तीकरण रेलवे टिकट काउंटर पर किया जायेगा। इन दोनों ही माध्यमों से अपनी टिकट बुक कर सकते हैं।

### एन ई रेलवे मजदूर यूनियन ने तहरी भोज का किया आयोजन

**लखनऊ।** एन ई रेलवे मजदूर यूनियन लखनऊ मंडल की तरफ से तहरी भोज का आयोजन किया, जिसमे मुख्य अथिति ऑल इंडिया मेंस फ़ेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा थे। विशिष्ट अथिति के रूप मे पूर्वांतर रेलवे के डी. आर. एम आदित्य कुमार थे। इस अवसर पर एन ई रेलवे मजदूर यूनियन के मंडल मंत्री आर एन गर्ग ने शिव गोपाल मिश्रा को फूल माला पहना कर सम्मानित किया, और मंडल कोषाध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव ने डी आर एम आदित्य कुमार जी को अंग वस्त्र पहना कर उनका आभार प्रकट किया शिव गोपाल मिश्रा जी ने युवा कामरेड को पुरानी पेंशन की लड़ाई लड़ने के सबको प्रेरित किया। इस अवसर पर केद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी सूरज पाण्डेय, एक के रावत, परवीन कुमार,अवसर नार्दन रेलवे मेंस यूनियन के मंडल अध्यक्ष विभूति मिश्रा, मंडल मंत्री आर के पाण्डेय, सहायक महामंत्री प्रीती सिंह, मंडल मिडिया प्रभारी मोहम्मद नसीम, प्रिया पुरवार, चंदन यादव, भईया लाल, सुभाष मीणा, शशि भूष्ण, जिसमे सैकड़ो की संख्या मे रेल कर्मचारी उपस्थित थे




### टूर पैकेज 3 से 7 फरवरी तक संचालित किया जायेगा

**लखनऊ।** आईआरसीटीसी से भुवनेश्वर, पुरी एवं कोणार्क के लिए 4 रात्रि एवं 5 दिन का हवाई टूर पैकेज का संचालन करने जा रहा है। यह टूर पैकेज 3 से 7 फरवरी तक संचालित किया जायेगा। आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत सिन्हा ने बताया कि इस पैकेज में भुवनेश्वर में नंदनकानन, जूलॉजिकल पार्क, खंडगिरी, उदयगिरी, लिंगराज मंदिर, धौलीस्तूप के दर्शन तथा पुरी में जगन्नाथ मंदिर, गोल्डनबीच, चिल्कालेक में अलरनाथ मंदिर, चंद्रभागा बीच तथा कोणार्क में सूर्य मंदिर आदि का भ्रमण आईआरसीटीसी कराया जायेगा। इस टूर पैकेज में यात्रियों के लिए लखनऊ से भुवनेश्वर तथा वापसी की यात्रा की व्यवस्था सीधी फ्लाइट से की गई है। इस हवाई यात्रा पैकेज में जाने व आने की हवाई यात्रा, डीलक्स होटलों व रिजॉर्ट में ठहरने की व्यवस्था एवं खाने के लिए भारतीय खाने की व्यवस्था आईआरसीटीसी करायेगा। इस टूर पैकेज में तीन व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर 37100 प्रति व्यक्ति, दो व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर 39400 रुपये प्रति व्यक्ति तथा एक व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज 50500 प्रति व्यक्ति, इसके अलावा प्रति बच्चे का पैकेज मूल्य 32200 रुपये बेड सहित 30400 रुपये बिना बेड के प्रति व्यक्ति है।

### तहरी भोज का आयोजन

**लखनऊ।** एनई रेलवे मजदूर यूनियन की लखनऊ मंडल की तरफ से तहरी भोज का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ऑल इंडिया मेंस फेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा थे विशिष्ट अतिथि के रूप मे पूर्वोत्तर रेलवे के डीआरएम आदित्य कुमार मौजूद रहे। इस अवसर पर एनई रेलवे मजदूर यूनियन के मंडल मंत्री आरएन. गर्ग ने शिव गोपाल मिश्रा को सम्मानित किया और मंडल कोषाध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव ने डीआरएम आदित्य कुमार को अंग वस्त्र पहनाकर उनका आभार प्रकट किया। शिव गोपाल मिश्रा ने युवा कामरेड को पुरानी पेंशन की लड़ाई लडने् के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी, सूरज पाण्डेय, एके. रावत, प्रवीन कुमार, मंडल अध्यक्ष विभूति मिश्रा और मीडिया प्रभारी मोहम्मद नसीम समेत सैकड़ों की संख्या मे रेल कर्मचारी उपस्थित रहे।